RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 329
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पूरे समर्पण भाव से देश सेवा की

राष्ट्रीय-10

# मिजाज में बदलाव के साथ बदले सुर



## कांग्रेस करती है नफरत की राजनीति : प्रधानमंत्री

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में भाजपा के जीत की हैट्रिक लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि उनका फॉर्मूला बांटो और राज करो का है। कांग्रेस को सबसे गैरजिम्मेदार पार्टी करार देते हुए आरोप लगाया कि इस पुरानी पार्टी ने हिंदू समुदाय को विभाजित करके और अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए समाज में जहर के बीज फैलाकर अपनी जीत का फॉर्मूला तैयार किया है। नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और महाराष्ट्र स्थित 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि (शेष पृष्ठ 9)



## कांग्रेस हरियाणा आपदा का कर रही 'विश्लेषण'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पार्टी हरियाणा में अप्रत्याशित परिणामों का विश्लेषण कर रही है और राज्य के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों के बारे में चुनाव आयोग को अवगत कराएगी। हरियाणा में हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को मेरा हार्दिक धन्यवाद - राज्य में भारत की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। भाजपा ने मंगलवार को हरियाणा में सत्ता विरोधी लहर को मात देते हुए शानदार हैट्रिक जीत हासिल की और कांग्रेस की वापसी की उम्मीदों को तोड़ दिया, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार हुए चुनावों में (शेष पृष्ठ 9)



## कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री?

### नायब सिंह सैनी ने पार्टी नेताओं से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के प्रमुख के रूप में अपने शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सैनी को भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। भाजपा ने चुनाव के दौरान संकेत दिया था कि जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिए सैनी ही उसकी पसंद होंगे। मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले सैनी को राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी गई थी। सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। इससे पहले, प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सैनी ने पार्टी की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव विश्लेषकों ने भले ही कांग्रेस के चुनाव जीतने की संभावनाओं का दावा किया हो लेकिन उन्होंने हमेशा जोर दिया कि लोग भाजपा सरकार की नीतियों के कारण उस पर भरोसा करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर कांग्रेस की ओर से संदेह जताए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी झूठ का बवंडर खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा, इस बड़ी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है जो पिछले 10 वर्षों में ऐसी योजनाएं लाए, जिनसे गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ पहुंचा है। इनसे समाज के सभी वर्गों को मदद मिली। लोग उन्हें प्यार करते हैं और इसलिए भाजपा तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई है। (शेष पृष्ठ 9)

## राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करेंगे : उमर अब्दुल्ला

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में धारा 370 और 35-ए के निरस्त होने के बाद हुए पहले विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को अपनी सरकार का एजेंडा तय करने की घोषणा करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित करेगी। उमर ने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी धारा 370 की बहाली के मुद्दे को जीवित रखेगी और इसे उठाना जारी रखेगी। उमर अब्दुल्ला ने अपने आवास पर मीडिया से अपने विचार साझा किए, जहां बुधवार को बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और निर्वाचित जनप्रतिनिधि विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की बड़ी जीत का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे।

जेकेपीसीसी प्रमुख तारिक हामिद कर्रा और एआईसीसी के प्रभारी भारत सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी डॉ. फारूक अब्दुल्ला के आवास पर गया और उन्हें बधाई दी। उमर अब्दुल्ला ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को गिनाते हुए संवाददाताओं से कहा, आगामी सरकार को मेरा सुझाव यह होगा कि मंत्रिमंडल का पहला काम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना चाहिए और मुख्यमंत्री को उस प्रस्ताव के साथ नई दिल्ली जाना चाहिए। देश के वरिष्ठ नेतृत्व से बात करें और उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहें। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और अन्य लोगों ने ही



जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला अपने बेटे और पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के साथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद श्रीनगर स्थित अपने आवास पर पीटीआई

जम्मू-कश्मीर के लोगों से राज्य का दर्जा देने का वादा किया है। उन्होंने कहीं भी यह नहीं कहा कि राज्य का दर्जा केवल भाजपा सरकार या भाजपा सदस्यों वाली सरकार को ही बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा और हमें उम्मीद है कि ऐसा ही होगा। उमर ने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर में सरकार दिल्ली के विपरीत सुचारू रूप से चल पाएगी। अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर अपनी पार्टी के रुख से जुड़े एक कठिन सवाल का जवाब देते हुए उमर ने कहा, हमारा राजनीतिक रुख नहीं बदलेगा। हमने कभी नहीं कहा कि हम धारा 370 पर चुप रहेंगे या धारा 370 अब हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने चुनावों से पहले कई (शेष पृष्ठ 9)

## आरबीआई ने रेपो रेट 6.5 प्रतिशत बरकरार रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया। रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवत: कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा, एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया।

रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। इस दर के



यथावत रहने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। हालांकि, समिति ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कुछ संकेत के बीच आम सहमति से उदार रुख को वापस लेने के रुख को बदलकर तटस्थ करने का निर्णय किया। यह जून, 2019 के बाद पहला मौका है जब रुख में बदलाव किया गया है। इससे पहले, नीतिगत दर में फरवरी, 2023 में बदलाव किया गया था। उस समय इसे 6.2 से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। दास ने कहा कि समिति ने रुख में बदलाव किया है। लेकिन उसका आर्थिक वृद्धि का समर्थन करते हुए मुद्रास्फीति को टिकाऊआधार पर लक्ष्य के अनुरूप लाने पर पूरा ध्यान बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति कम हो सकती है। वहीं ऐसा लगता है कि मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (शेष पृष्ठ 9)

## लापता सैनिक का मिला शव

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद जहां नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवारों की जीत का जश्न मना रहे थे, वहीं अनंतनाग के नौगाम इलाके के एक लापता सैनिक का गोलियों से छलनी हुआ शव बुधवार को पथरीबल के जंगल से बरामद होने के बाद के घर पर मातम पसर गया। मृतक सैनिक 8 अक्टूबर को अनंतनाग के कोकरनाग के जंगल में शुरू किए गए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर, 8 अक्टूबर को कोकरनाग के कज़वान जंगल में भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। यह अभियान रात भर जारी रहा, क्योंकि प्रादेशिक सेना के एक सैनिक के लापता होने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मंगलवार देर शाम अनंतनाग के वन क्षेत्र से प्रादेशिक सेना के दो जवानों को आतंकवादियों ने अगवा कर लिया। गोली लगने के बावजूद एक जवान भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे जवान का शव बुधवार को बरामद किया गया।

## क्रिकेट का रोमांच



भारत के नीतीश कुमार रेड्डी नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान शॉट खेलते हुए। पीटीआई

## दिल्ली के मुख्यमंत्री बंगले को नए मेहमान का इंतजार

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** के मुख्यमंत्री के 6 फ्लैग स्टाफ रोड, सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में एक बार फिर ठन गई है। दोनों ही पार्टियों ने अपने दावों के समर्थन में कथित दस्तावेज पेश किए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल बनाम मुख्यमंत्री के बीच एक और विवाद में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर मुख्यमंत्री के आवास को जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना इसे भाजपा नेता को आवंटित करना चाहते हैं। बुधवार को लोक निर्माण विभाग ने बंगले को सील कर दिया।

पीडब्ल्यूडी ने कहा कि केजरीवाल के सीएम आवास खाली करने के बाद इसकी चाबियां विभाग को दी जानी थीं, लेकिन सीधे आतिशी को दे दी गईं। इससे पहले सीएमओ ने दावा किया था कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने भाजपा के इशारे पर मुख्यमंत्री आतिशी के सभी सामान को फ्लैग स्टाफ रोड स्थित आवास से हटवा दिया, क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना इसे भगवा पार्टी के नेता को आवंटित करना चाहते हैं। सीएमओ के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज निवास के



सूत्रों ने कहा कि यह बंगला कभी भी मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास के लिए निर्धारित नहीं था। पीडब्ल्यूडी तभी घर का कब्जा लेता है जब वह खाली हो जाता है, उसकी सूची बनाता है और फिर विधिवत रूप से उसे आवंटित करता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने घर खाली करने का नाटक किया, लेकिन पीडब्ल्यूडी को घर का कब्जा नहीं दिया। आप क्या छिपा रहे थे। यह घर अभी तक सीएम आतिशी को आवंटित नहीं किया गया है और उनका आवंटित आवास अभी भी 17 एबी मथुरा रोड है। दो घर कैसे आवंटित हो गए। सीएम आतिशी ने खुद अपना सामान बिना आवंटन के उस घर में रखा और फिर खुद ही उसे हटा दिया। यह बंगला विधिवत सूची तैयार करने के तुरंत बाद सीएम को आवंटित किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि देश के (शेष पृष्ठ 9)

## अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषेसमारूढा श्वेताम्बरधरा शुचि:।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥**

नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा की स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती है। महागौरी भगवान शिव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्य: फलदायिनी है। महागौरी की पूजा मात्र से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और वह व्यक्ति अक्षय पुण्य का अधिकारी हो जाता है।


## मध्य दिल्ली में देखने को मिलता है ट्रैफिक जाम का असर

### मुख्य सड़क पर जाम लगने के बाद, वाहन सर्विस लेन में घुस जाते हैं

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दशहरा,** नवरात्र उत्सव और अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच टी 20 मैच के कारण लोगों की आवाजाही बढ़ने के कारण बुधवार को सातवें दिन भी दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रही। राजधानी के अधिकांश हिस्सों, खासकर दक्षिण, मध्य और पूर्वी दिल्ली में, दिन के समय हजारों वाहन चालकों को शहर की मुख्य सड़कों पर भारी जाम से जूझना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टी 20 क्रिकेट मैच के कारण राजघाट, दिल्ली गेट, आईटीओ, तिलक ब्रिज, मंडी हाउस, आईपी फ्लाईओवर क्रॉसिंग, बहादुर शाह जफर मार्ग, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, तिलक मार्ग, मथुरा रोड, दरियागंज, नेताजी सुभाष मार्ग, कश्मीरी गेट, असद अली रोड, जवाहर लाल नेहरू मार्ग और शांति वन मार्ग पर पीक आवर्स के दौरान यातायात प्रभावित रहा।

ट्रैफिक पुलिस ने अपने एडवाइजरी में कहा है कि यात्रियों को दिल्ली गेट से आईटीओ चौक तक बहादुर शाह जफर मार्ग और राजघाट से दिल्ली गेट तक जेएलएन मार्ग पर शाम 5 बजे से रात 11:30 बजे तक जाने से बचने को कहा गया। इसके अलावा, आईटीओ मेट्रो स्टेशन और प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन पर माता सुंदरी पार्किंग से गेट 1 से 8 और 16 से 18 के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करने वाले दर्शकों के लिए शटल सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा, पीक आवर्स के दौरान बसों के खराब होने और सड़कों पर निर्माण ने कई हिस्सों में यात्रियों की परेशानी को बढ़ा दिया। निगम बोध घाट के पास आईएसबीटी से हनुमान सेतु की ओर जाने वाले कैरिजवे में रिंग रोड पर इंद्रप्रस्थ गैस



लिमिटेड द्वारा किए गए कार्य ने यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा दिया ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पर एक एडवाइजरी पोस्ट की, इसके अलावा, टिकरी बॉर्डर से पीरागढ़ी तक जाने वाले कैरिजवे में मुंडका मेट्रो स्टेशन के नीचे एक लोडेड ट्रॉली भी पलट गई है। कृपया मुंडका के रास्ते से बचें और उसी के अनुसार वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। एमबी रोड पर रेलवे ब्रिज के पास पुल प्रहलादपुर से बदरपुर की ओर जाने वाले कैरिजवे में एक क्लस्टर बस खराब हो गई, जिससे पीक ऑवर्स के दौरान ट्रैफिक जाम हो गया। चल रहे निर्माण के कारण महिपालपुर, वसंत कुंज, कापसहेड़ा और धौला कुआं जैसे अन्य प्रमुख स्थानों पर भी धीमी गति से चलने वाला यातायात देखा गया।

# नोएडा में जल संकट जल्द होगा खत्म

**यमुना बेल्ट से पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रेनीवेल परियोजना का विस्तार करने का निर्णय लिया: महाप्रबंधक**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




देशभर में पानी की आपूर्ति को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं बनाए गए है। पानी की आपूर्ति को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण ने यमुना बेल्ट से पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रेनीवेल परियोजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत, वर्तमान में लगभग 100 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति को बढ़ाया जाएगा। इससे यमुना बेल्ट से पानी की सप्लाई की क्षमता करीब 136 एमएलडी हो जाएगी। नोएडा प्राधिकरण 45 करोड़ की लागत से 2 रेनीवेल बनाएगा। साथ ही पाइन लाइन बिछाने का काम शुरू होने जा रहा है।

इससे यमुना बेल्ट से पानी की सप्लाई की क्षमता करीब 136 एमएलडी हो जाएगी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश.एम ने बताया कि रेनीवेल से सप्लाई किए जाने वाले पानी का टीडीएस 450 के आसपास होता है। इसमें बोरवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में करीब 32 रेनीवेल काम कर रहे है। वहां पानी की सप्लाई ही इन रैनीवेल से हो रही है।

इसी तरह नोएडा में इसका उपयोग किया जा सकता है। क्योंकि यमुना का एक बड़ा हिस्सा नोएडा से होकर ही गुजरता है। इसके किनारे रेनीवेल बनाए जा सकते है। जीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि नोएडा में 8 रेनीवेल सक्रिय है। जिनसे रोजाना करीब 100 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। तीन रेनीवेल जल्द ही सक्रिय किए जाएंगे। इसके अलावा दो नए रेनीवेल बनाए जा रहे है। इस तरह से 160 एमएलडी के आसपास रेनीवेल से सप्लाई होगा। जिसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंग नहर की साफ-सफाई या अन्य कोई फाल्ट होने पर गंगाजल की सप्लाई बाधित होती है। यदि ऐसा होता भी है तो अब हम रेनीवेल के पानी से उसकी पूर्ति कर सकते है। नोएडा में वर्तमान में 450 एमएलडी पानी की डिमांड है।

इसमें 240 एमएलडी गंगाजल और करीब 110 एमएलडी नलकूप और 100 एमएलडी रेनीवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जा रहा है। 35 करोड़ की लागत से बन रही 37.50 क्यूसैक गंगाजल परियोजना का काम पूरा हो चुका है।

259 करोड़ से बन रही 80 क्यूसेक गंगाजल की लाइनों की कमिशिनिंग का काम किया जा रहा है। इस परियोजना से 20 सेक्टरों में पानी की सप्लाई की जा रही है।

# 11 से 13 अक्तूबर तक मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

**छोटा हरिद्वार के पास बनाये गए कृत्रिम घाटों पर किया जाएगा देवी की मूर्ति विसर्जन**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नवरात्रि के पावन पर्व पर मुरादनगर गंगनहर यानि छोटा हरिद्वार के पास बनाये गये कृत्रिम घाटों पर देवी की मूर्ति विसर्जन किया जायेगा।

इस दौरान मेरठ रोड विशेषकर छोटा हरिद्वार पर श्रद्धालुओं और उनके वाहनों की भारी संख्या होगी। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए और किसी हादसे से बचने का दृष्अिकोंण रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद प्रशासन ने 11 अक्तूबर को शाम 8 बजे से लेकर 13 अक्तुबर को देवी मूर्ति विसर्जन के आयोजन की समाप्ति तक के लिये मेरठ मार्ग पर भारी व मध्यम श्रेंणी के मालवाहकों व बसों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाते हुए उनके वैकल्पिक रूट की व्यवस्था की है। यह जानकारने देते हुए एडीसीपी ट्रैफिक पियूष कुमार सिंह ने बताया कि एल्टी की और से मुरादनगर की और जाने वाले सभी वाहनों को वाया हापुड़ चुंगी होते हुए एनएच-9 पर डायवर्ट किया जायेगा।

इसके अलावा मोदीनगर की और से आने वाले सभी वाहनों को हापुड़ रोड व दिल्ली मेरठ एक्सप्रैस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा। सिंह ने बताया कि जानी मेरठ व नानू की और से आने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लोनी-पाईप लाइन की और से आने वाले वाहनों को ईस्टर्न पेरीफेरल पर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं ट्रैफिक पुलिस सर्तक रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### माँ दुर्गा के पंडाल में भक्तों की धूम



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर 6 स्थित नवोदय बंगाली कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आयोजित माँ दुर्गा के पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। अध्यक्ष प्रशांत कुमार सोम ने बताया बुधवार को सप्तमी पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय छोटे बच्चे अपनी प्रतिभा से लोगों का मन मोह रहे हैं। वहीं स्थापित कलाकारों के आर्केस्ट्रा समेत अन्य कार्यक्रमों में लोग बेहद उत्साह से भाग ले रहे हैं। प्रशांत सोम ने बताया कि सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर सभी भक्तों के लिए भोग की भी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कार्यक्रम में सचिव गौतम चटर्जी, कैशियर सुनीत पॉल व डीबी रॉय समेत सभी कालोनीवासियों का विशेष योगदान है।

### पुण्यतिथि पर काशीराम को दी श्रद्धांजली

**गाजियाबाद ।** मान्यवर काशी राम की पुण्यतिथि के अवसर पर बसपा के गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी परमानंद गर्ग ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पियूष गर्ग, पीयूष गोयल, गौरव बंसल, आकाश गर्ग, राजेश मित्तल, ललित सिंघल, राजीव गोयल, हिमांशु मांगलिक, संजीव शर्मा, राजेंद्र गजवानी, आलोक शर्मा, विकास कौशिक आदि मौजूद रहे।

### परिनिर्वाण दिवस पर कांशीराम को किया याद

**नोएडा।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और समाज सुधारक कांशीराम की आज पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केंद्र नोएडा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन संघर्ष पर विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बसपा नेताओं ने कहा कांशीराम का पूरा जीवन संघर्षमय रहा। उनके आदर और सम्मान में बहन कुमारी मायावती द्वारा पूरे प्रदेश में पार्क, स्मारक, अस्पताल, कॉलेज आदि बनाए।

### इंटरनेशनल गैंग के सरगना गिरफ्तार

**गाजियाबाद ।** पूरे भारत वर्ष में हजारों मोबाइल टॉवर्स को निशाना बनाकर अब तक अरबों रुपये के आरआर यूनिट जैसे बेश्कीमती एवं महंगे उपकरणों को चुराने वाले चोरों के राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय गैंग के लीडर् और एक लाख के ईनामी शातिर चोर जावेद निवासी मुस्तफाबाद को आखिरकार दिल्ली की क्राइम ब्रांच पुलिस ने दबोचकर सलाखों के पीछे कर दिया। पुलिस कमिश्नरेट पुलिस के सूत्रों की माने तो जावेद पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा की स्वॉट टीम प्रभार अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम के हत्थे चढ़ जाने के भय से दिल्ली में सेटिंग करके जेल चला गया। सूत्रों के अनुसार सीपी की स्वॉट टीम प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम लगभग जावेद को दबोचने के कगार पर पहुंच ही चुकी थी कि जावेद को इसकी भनक लग गई। जिसके बाद जावेद ने श्री सिद्दीकी टीम के हत्थ ना चढक़र दिल्ली पुलिस की पकड़ में आना बेहतर समझा। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम जहां इस गैंग की कमर तोडने् के लिये शातिर चोरों को गिरफ्तार करके उनके पास से करोड़ों का माल, हथियार, कैश व वाहन आदि बरामद कर चुकी है।

### सोफिया सिंह ने जीता मिस एशिया पेसीफिक खिताब

**नोएडा।** सेक्टर-55 निवासी सोफिया सिंह ने नोएडा का नाम रोशन करते हुए मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल 2024 का ताज जीतकर नोएडा का नाम रोशन किया। आरडब्ल्यूए 55 अध्यक्ष सत नारायण गोयल ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे सेक्टर की बिटिया सोफिया सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे नोएडा और सेक्टर-55 का नाम रोशन किया है। बता दें कि सोफिया सिंह ने मिस एशिया पेसीफिक इंटरनेशनल 2024 का खिताब जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोफिया की यह उपलब्धि पूरे सेक्टर वासियों के लिए अत्यंत सम्मानजनक है। सोफिया की न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## पंखे से फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस -2 क्षेत्र के इलाहाबास गांव में रहने वाले एक युवक ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मूल रूप से जनपद एटा के रहने वाले कुलदीप पुत्र बृजनंदन उम्र 24 वर्ष थाना क्षेत्र के इलाहाबास गांव में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह को उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से बातचीत कर आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# क्लासिक कॉन्सेप्ट का शिलान्यास, 5 हजार को मिलेगा रोजगार

**यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह ने रखी नींव**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

देश में घरेलू साज-सज्जा से संबंधित वस्तुओं का निर्माण करने वाली क्लासिक कॉन्सेप्ट होम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा एयरपोर्ट के पास फैक्ट्री स्थापित करने के लिए बुधवार को नींव रखी।

इस फैक्ट्री के माध्यम से लगभग 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-32 में आज एक भव्य कार्यक्रम में क्लासिक कॉन्सेप्ट होम इंडिया की नई कपड़ा इकाई का शिलान्यास यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुण वीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीईओ ने पौधारोपण भी किया। इस दौरान ओएसडी मेहराम सिंह, वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर नंदकिशोर सुन्दरियाल, फैक्ट्री की निदेशक ज्ञान कौर, विनोद सिंह, दिग्विजय सिंह, दीपक सनवाल, राजेंद्र बडोनी और हरिंदर सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित थे। इस मौके पर यीडा सीईओ ने कहा कि 40 हजार वर्ग मीटर में बनने वाली फैक्ट्री यमुना क्षेत्र के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनेगी। इस फैक्ट्री को नोएडा एयरपोर्ट का भी भरपूर लाभ मिलेगा।



फैक्ट्री की निदेशक ज्ञान कौर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि क्लासिक कॉन्सेप्ट होम इंडिया घरेलू साज-सज्जा में विशेषज्ञता वाला एक प्रमुख निर्यात घराना है। जो अपने उत्पादों को मुख्य रूप से अमेरिकी बाजार में निर्यात करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध नई इकाई 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगी। जिससे समुदाय के भीतर मूल्यवान रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और भारत की निर्यात क्षमता को मजबूत करने में भूमिका निभाते हुए घरेलू साज-सज्जा निर्यात उद्योग में एक वैश्विक भूमिका के रूप में इकाई स्थापित करने के अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से क्लासिक कॉन्सेप्ट की पहले से ही नोएडा क्षेत्र में 3 इकाइयाँ थीं, संचालित हो रही हैं। बता दें कि प्राधिकरण क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पूर्व ही देश-विदेश की कई नामी कंपनियां यहां पर उत्पादन कार्य शुरू कर हजारों लोगों को रोजगार मुहैया कराने की दिशा में सक्रिय हो गई है।

# महिला को सम्मोहित करके दो बदमाशों ने जेवर उतरवाए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर 45 स्थित सोम बाजार से दो बदमाशों ने एक महिला को सम्मोहित कर अपनी बातों में फंसाकर उनके गले से मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने की चेन और कुंडल ठग लिया।

थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रीमती सुशीला देवी सेक्टर 45 मैं रहती हैं। उनके पति सोम बाजार में दुकान लगाते हैं। 5 अक्टूबर को शाम के समय वह अपने पति को चाय देने जा रही थी। तभी सोम बाजार के पास दो युवक उनको मिले। उन्होंने उनसे गाजियाबाद जाने का पता पूछा। उन्होंने उन्हें गाजियाबाद जाने का रास्ता बताया। दोनों युवकों ने महिला को अपने बातों में फंसाकर उन्हें सम्मोहित कर लिया। कुछ दूर ले जाकर उनसे कहा कि आप अपने गले में पहने हुए मंगलसूत्र, सोने की चेन, अंगूठी, कान के कुंडल आदि निकालकर एक रुमाल में बंद दो। महिला उनकी बातों में आ गई, तथा उन्होंने सारे जेवरात उतार कर एक रुमाल में बांध दिया।

# महिला डॉक्टर से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**वीडियो भेजकर दी थी धमकी, वसूले थे 60 लाख रुपये**

पायनियर सामचार से सेवा। नोएडा

अश्लील वीडियो अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर भेजने का आरोप लगाकर महिला डॉक्टर से 59 लाख 54 हजार रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ठगों को अपना मोबाइल ठगी में इस्तेमाल करने के लिए किराए पर देता था। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि 22 जुलाई को सेक्टर-77 में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके साथ करीब 60 लाख रुपए की ठगी हुई है।



ठगों ने महिला के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल की और खुद को सूचना विभाग का कर्मचारी बताया। कॉलर ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला के मोबाइल से कई लोगों को अश्लील वीडियो और फोटो भेजे गए हैं। यही नहीं नरेश गोयल के साथ मनी लॉड्रिंग केस में भी महिला के खाते का इस्तेमाल होने की जानकारी दी गई।जांच के नाम पर ठगों ने महिला को स्काइप कॉल पर जोड़ा और जेल जाने का डर दिखाकर 2 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। कथित पुलिस अधिकारी ने महिला को अरेस्ट वारंट भी मोबाइल पर भेजा और बेटे समेत पूरे परिवार का अपहरण कर लेने की धमकी भी दी गई।

महिला से कई बार में 59 लाख 54 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। शिकायत मिलने के बाद ठगों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने दिल्ली के संगम विहार निवासी शिव चरण गंगवाल को दबोच लिया।

उसकी गिरफ्तारी सुपर नोवा बिल्डिंग के पास से की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने मोबाइल को साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त किए गए रुपयों को विभिन्न खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए अपने साथी इंदौर निवासी आकाश जैन को 25 हजार रुपए किराए पर देता था।


**PUBLIC NOTICE**

Be it known to everyone that We, Amit Arora S/o Late Sh. Ram Prakash Arora and my wife Mrs. Shweta Arora W/o Sh. Amit Arora Both R/o P-071, DLF Capital Greens, Moti Nagar, Delhi are not happy with the deceitful behavior as well as ill-acts of my brother and brother-in-law of my wife namely 'Mr. Sumit Arora' who has left our house on 24.09.2024 as we came to know from some unknown persons that he has taken money from them to which we were not aware at all and not responsible for his ill- deeds, therefore we have decided to disown him from our movable and immovable property including the address mentioned above and severed our all relations of any kind from him. It is also informed to general public that we have no connection or belongingness with Sumit Arora and well will not be responsible/liable for any of his acts, debts or obligations.

**Vinay Rathi, (Advocate) Ch. No. Y-69, Civil Sider Tis Hazari Courts, Delhi-54**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Rajneshis claiming to be owner of Property bearing No. 215-A, area measuring 270 sq.yds,. out of Khasra No.126/132, situated in the area of Village Nangloi, in the abadi of Near Post office, Nangloi, Illaqa Shahdara, Delhi State Delhi; vide GPA, ATS & Will dated 18.07.1988 executed by Mr. Lal Singh. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, any body has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

फ्लैट यूनिट नं. 12046 मंजिल चौथा, टावर – 12, हैप्पी ट्रेल्स, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) श्री शशि भूषण प्रसाद पुत्र श्री स्वर्गीय चंद्र भूषण प्रसाद और श्रीमती निर्मला देवी, श्री राम लखन साहू के नाम पर बुक किया गया था। श्रीमती निर्मला देवी की मृत्यु 18/01/2021 को हो गई। उल्लिखित संपत्ति के संबंध में, निर्मला देवी का नाम, जो इस संपत्ति की सह-आवंटी भी हैं, को मेसर्स श्रीधरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के रिकॉर्ड में उपरोक्त यूनिट के संबंध में प्राथमिक आवंटी के रूप में दर्ज किया जा रहा है। अगर किसी को इस पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर मेसर्स श्रीधरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क कर सकता है। पता, एटीएस टॉवर, प्लॉट नंबर 16, दूसरी मंजिल, सेक्टर-135, नोएडा 201305 फोन : 91-120-7111500

**PUBLIC NOTICE**

Reg: Entire Second Floor with roof/terrace rights (i.e. the said floor), out of Property bearing No. B-4 and B-5, built on land area measuring 151.56 sq. yds. out of total area measuring 300 sq. yds., situated in the area of Village Bassai Darapur, in the colony known as Janta Colony, Shivaji Vihar, New Delhi.; hereinafter referred to as "said property."

Be it known to all that our clients, Mrs Isha Dudeja, Mr. Manish Dudeja and Mr. Anil Kumar (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said floor from Mrs Taranjeet Kaur Batra @ Taranjeet Kaur (hereinafter called the "Seller"). In this connection, the seller has informed the purchaser that she is the sole and absolute owner of the said floor. The seller has further informed the purchaser that the said floor was owned by Mrs Taranjeet Kaur Batra and Mr. Baldev Singh Sachdeva vide Sale Deed registered as Document No. 8825 on 02.05.2011 (SR-II Janakpuri). Later on, Mr. Baldev Singh expired and his share in the said floor devolved on his legal heirs viz., Mr. Sukhvinder Singh Sachdev and Mrs. Taranjeet Kaur. Subsequently, Mr. Sukhvinder Singh relinquished his share in the said floor in favour of Mrs Taranjeet Kaur Batra @ Taranjeet Kaur vide Relinquishment Deed registered as Document No. 2024/22/I/12819, in Book No. I, Volume No. 29014, pages 85-96, registered on 27.09.2024. (SRO- West Basai Darapur). Thus, Mrs. Taranjeet Kaur Batra @ Taranjeet Kaur (present seller) became the sole and absolute owner of the said floor. The seller has also informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the aforesaid floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller to the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi-110024**

**PUBLIC NOTICE**

Reg: Property bearing No. C-412, adm. 50.16 sq.mtrs, i.e. 60.00 sq.yrds, out of Khasra no. 843 & 838, situated at Village Ghonda Gujran Khadar in the abadi of C-Block, Gali No. 13, Usmanpur, Illaqa Shahdara, Delhi (hereinafter called the said property)

Be it known to all that our client, Mr. Akhilesh Jha (hereinafter called the "Purchaser") intends to purchase the said property from Mrs. Archana Gupta W/o Mr.Pawan Gupta(hereinafter called the "Seller"). In this connection, the seller has informed the purchaser that she is the sole and absolute owner of the said property vide Gift Deed executed by Mr. Pawan in her favour. The said Gift Deed is registered as Document No. 3179, Book No. I, Volume No. 5703, pages 33-47, on 09.10.2023 (SRO-IV). The seller further informed the purchaser that the said property was owned by Mr. Pawan vide Sale Deed executed by Mrs Durga Devi in his favour and registered as Document No. 1551 dated 07.07.2023. The seller has also informed the purchaser that the said property is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said property.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the aforesaid property is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller to the said property shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi-110024**


## बंद फ्लैटों को निशाना बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नोएडा।** बिसरख थाना पुलिस ने बंद पड़े फ्लैटों और घरों में रेकी करने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने इस गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से चोरी के करीब पौने चार लाख रुपए की नगदी और भारी मात्रा में 'वेलरी बरामद की है।

दरअसल कुछ दिन पहले बिसरख थाना क्षेत्र की पाम ओलंपिया सोसाइटी में कुछ दिन पहले फ्लैटों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। दो फ्लोर से लाखों रुपए की नगदी और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। इस चोरी के खुलासे के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया।

# जानलेवा हमला करने के मामले में पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लाठी और डंडे से जानलेवा हमला कर व्यक्ति को घायल करने के मामले में सेक्टर-113 पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान कासना निवासी अनित भाटी और मिंटू उर्फ विपिन भाटी, दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी अजय सिंह, गाजियाबाद के बापूधाम निवासी मोहित और दादरी निवासी शोभित भाटी के रूप में हुई है। सभी की आयु 24 से 32 साल के बीच है। आरोपियों ने बीते दिनों महेंद्र कुमार महिंद्रा के ऊपर जानलेवा हमला उस समय किया था जब वह दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित एक धरना प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। मारपीट में इस्तेमाल डंडे और कार को भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया है।

पीड़ित ने सुपरटेक बिल्डर पर हमला कराने का आरोप लगाया था। जानकारी के मुताबिक सुपरटेक इकोविलेज निवासी महेंद्र कुमार महिंद्रा सुपरटेक के बायर्स की लड़ाई कई वर्षों से लड़ रहे हैं। रविवार को महेंद्र कुमार सुबह करीब नौ बजे ऑटो से दिल्ली के जंतर मंतर जाने के लिए सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन जा रहे थे। पर्थला फ्लाईओवर के पास कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक कर ऑटो रोक लिया।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, दो को लगी गोली

**चोरी की बाइक के साथ 62 मोबाइल फोन बरामद**

पायनियर समाचर सेवा। नोएडा।

नोएडा में पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस ने 2 बदमाशों को दौड़ाकर गोली मारकर पकड़ लिया। पुलिस टीम ने बदमाशों के पास से 42 मोबाइल बरामद किए। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया- नोएडा पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से दादरी मेन रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी भंगेल की तरफ से आ रही बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर बैठे 3 लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया वह नहीं रूके और ककराला की ओर भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम को शक हुआ और उन्होंने बाइक का पीछा किया।

आगे ककराला पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को सूचना दी। बाइ सवार तीनों व्यक्तियों ने ककराला पुस्ता पर दोनों तरफ से अपने आपको घिरता देखकर भागने का प्रयास किया गया। उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। इस पर बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश के पैर में गोली लगी।घायल बदमाशों की पहचान संदीप उर्फ लक्की पुत्र अजब सिंह और सोनू उर्फ चटनी पुत्र नवाब अली पकड़ा गया। पुलिस ने घायल बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा बरामद किया। पुलिस ने बदमाशों के पास से बिना नंबर प्लेट की बाइक और 62 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाश शमशाद काम्बिंग में गिरफ्तार किया गया है। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सोनू उर्फ चटनी, संदीप उर्फ लक्की व शमशाद शातिर किस्म के अपराधी है। ये घुम फिरकर एनसीआर क्षेत्र में घर एंव दुकानों से व राह चलते लोगों के मोबाइल चोरी करना। बाइक चोरी करना और अवैध शराब की तस्करी करना आदि अपराधों में लिप्त है। सोनू उर्फ चटनी थाना लोनी, गाजियाबाद से हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

# सर्किल रेट से नहीं लगेगा टैक्स: सुनीता दयाल

**नगर निगम बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण हाउस टैक्स को लेकर निर्णय लिया गया।

बोर्ड ने फैसला लिया है कि डीएक सर्किल रेट के हिसाब से टैक्स वसूली नहीं की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुनीता दयाल ने की। बैठक में केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजितपाल त्यागी, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक मौजूद रहे। बोर्ड बैठक के पहले चरण में संपत्ति कर बढोत्तरी पर चर्चा की गई। सभी पार्षदों ने खड़े होकर एक स्वर में कर वृद्धि का विरोध किया।



सदन ने सर्वसम्मति से डीएम सर्किल रेट से कर नहीं बढ़ाने का फैला लिया। कही अधिक तो कही कम कर वसूली को लेकर हंगामा भी हुआ।

यूजर चर्चा के मामले पर भी पार्षदों ने खूब हंगामा किया। इसके बाद पार्षद विनय चौधरी ने नगर निगम जोनल चेयरमेन बनाए जाने का मामला उठाया। पार्षदों ने कहा कि इसके लिए कमेटी का गठन होना चाहिए। बैइक के दूसरे चरण में वर्ष 2024-25 के मूल बजट को लेकर चर्चा की गई। डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के सौन्द्रयकरण एवं रखरखाव का प्रस्ताव भी रखा गया। इसके साथ ही अनेक वार्डों में होने वाले विकास कार्यो के प्रस्ताव भी रखे गए। जिनमें से अधिकतर को स्वीकृती दे दी गई। बैठक में ई-रिक्शा के पंजीकरण पर शुल्क ना लेने की मांग उठाई गई। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने स्थगित कर दिया। गाजियाबाद। बैठक के दौरान पार्षद नरेश जाटव ने कई बार अपनी बात कहने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होंने कइ बार माइक लेने का भी प्रयास किया। मगर उन्हें माइक नहीं मिला। इस पर पार्षद नरेश जाटव ने मेयर सुनीता दयाल की ओर टेप दिखाते हुए कहा कि भाजपा पार्षद उन्हें बोलने नहीं दे रहे हैं। जाटव ने आरोप लगाया कि भाजपा पार्षद की ओर से उन्हें मुंह पर लगाने के लिए टेप दी गई है। उन्होनें मेयर से पूछ कि क्या वह टेप लगा लें।

नगर निगम बोर्ड की बैठक में जिम पर दो से पांच हजार, ब्यूटी पार्लर पर दो से चार हजार, कोचिंग सेंटर पर दो हजार, सीए कार्यालय पर चार हजार, स्पा सेंटर पर तीन हजार, सामान्य ज्वैलरी शोरूम पर तीन हजार, ब्राडेंड ज्वैलरी शेरूम पर पांच हजार, कपड़ा शेरूम पर चार हजार, क्रिकेट व टेनिस स्पोर्ट्स एकेडमी पर दस हजार, संयुक्त स्पोर्ट्स एकेडमी पर बीस हजार रुपए टैक्स लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदों ने ब्वाग कंपनी के कामकाज को लेकर सवाल उठाए। कुछ पार्षदों ने ब्वाग की पेमंट रोकने का प्रस्ताव भीह रखा। खुद मेयर ने कहा कि बरसात के दिनों में सीवर की बड़ी समस्या रही। वह खुद इससे प्रभावित हुईं।

# पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का प्रसार सुनिश्चित हो: डीएम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जनपद में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके इस उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर गठित की गई जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए यूपीनेडा, एनपीसीएल, जिला लीड बैंक प्रबंधक, योजना हेतु नामित वेंडरों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और इसका लाभ जनपद के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस आयुक्त कार्यालय, तहसीलों, ब्लॉकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर बैनर एवं होर्डिंग आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर इससे लाभान्वित हो सकें। यूपीनेडा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश स्तर पर नामित वेंडरों की आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कराते हुए योजना का प्रचार कराया जाए।

# दिल्ली में आप अकेले लड़ेंगी विस चुनाव

● कांग्रेस संग नहीं होगा गठबंधन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव नतीजे मंगलवार को घोषित हो गए हैं। पड़ोसी राज्य में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस पर उसके सहयोगी दल तंज कस रहे हैं। इसी बीच आम आदमी ने ऐलान किया है कि वह राष्ट्रीय राजधानी में अकेले चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, हम अति आत्मविश्वासी कांग्रेस और अहंकारी भाजपा से अकेले मुकाबला करने में सक्षम हैं। कांग्रेस ने हरियाणा में गठबंधन सहयोगियों को हल्के में लिया और अपने अति आत्मविश्वास के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस बीच दिल्ली विस चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी भी पहले से ही शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा निकालेगी। इस यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हो सकते हैं।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा, पिछले 10 साल से दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के पास एक भी सीट नहीं है, फिर भी आप ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन सीट की पेशकश की थी। इसके बावजूद उसे हरियाणा में सहयोगियों के साथ चलना जरूरी नहीं समझा। कक्कड़ ने दावा किया कि कांग्रेस ने हरियाणा में गठबंधन बनाने के लिए इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गुट के सभी दलों के प्रयासों को विफल कर दिया और अपने सहयोगी के साथ चलना जरूरी नहीं समझा। सीट बंटवारे को लेकर मतभेदों के कारण आप और कांग्रेस में चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं हो पाया था।

आप ने हरियाणा में जितनी भी सीट पर चुनाव लड़ा, उन सभी पर हार का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से काफी दूर रह गई। ऐसे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी का रास्ता साफ हो गया।

आप और कांग्रेस ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था। लोकसभा चुनाव में आप हरियाणा में एक सीट पर मैदान में उतरी थी, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस ने 10 में से पांच सीट जीतीं।

कक्कड़ ने जम्मू-कश्मीर में आप की एक सीट जीतने का श्रेय पार्टी की विकास-आधारित राजनीति को दिया। उन्होंने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। आप ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपना खाता खोला। उसके उम्मीदवार मेहराज मलिक ने डोडा निर्वाचन क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को 4,538 से अधिक मतों के अंतर से हराया। कक्कड़ ने कहा, मेहराज मलिक बेहद मेहनती हैं और वे आंदोलन तथा संघर्ष के समय से पार्टी के साथ हैं।

वहीं कांग्रेस दिल्ली में अपने खोए जनाधार को दोबारा हासिल करने के लिए 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा शुरू करेगी। यह यात्रा चार चरणों में होगी। पहला चरण 23 से 28 अक्टूबर, दूसरा चरण 4 नवंबर से 10 नवंबर, तीसरा चरण 12 नवंबर से 18 नवंबर और चौथा चरण 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा।

इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## रामलीला मंचन



फोटो: रंजन डिमरी

# 84 कारखानें बंद, निगम ने सात की बिजली काटी

● मानकों और नियमों के उल्लंघन करने पर निगम ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मानकों का उल्लंघन करने पर 84 कारखानों को बंद कर दिया और राजधानी भर में कई औद्योगिक इकाइयों की बिजली आपूर्ति काट दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई औद्योगिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने तथा नॉन-कन्फर्मिंग एरिया में अवैध संचालन को विनियमित करने के लिए दिल्ली भर में किए जा रहे प्रयास के तहत ये कार्रवाई की गई है।

एमसीडी सितंबर में नॉन-कन्फर्मिंग एरिया में स्थित 520 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। ये ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां 70 प्रतिशत भूखंडों का उपयोग जोनिंग नियमों के तहत मिली अनुमति के बाद औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इन 520 औद्योगिक इकाइयों में से 84 इकाइयां निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करती पाई गईं जिसके कारण उन्हें बंद कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में 27 नॉन-कन्फर्मिंग एरिया या गैर-नियोजित औद्योगिक क्षेत्र हैं। अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त सात अन्य इकाइयों की बिजली भी काट दी गई है। अधिकारी के अनुसार, इस संबंध में और कार्रवाईयां की जा रही हैं। खासतौर पर उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रिठाला क्षेत्र में आने वाले सप्ताहों में और अधिक उल्लंघनों पर ध्यान दिए जाने की संभावना है। यमुना नदी में प्रदूषण के स्तर पर इन कारखानों के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा, सभी प्रदूषणकारी उद्योग चाहे वे किसी भी स्थान पर हों वे यमुना में फैले प्रदूषण का कारण हैं। एमसीडी ऐसे उद्योगों के खिलाफ व्यापक रूप से काम कर रही है। वे यमुना के आसपास हैं या नहीं इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

## बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के सदर बाजार में विभिन्न दुकानों से 21 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने बताया, दिल्ली छावनी के तहसीलदार द्वारा गैर सरकारी संगठनों, श्रम विभाग और स्थानीय पुलिस की मदद से आठ अक्टूबर को सदर बाजार में एक अभियान चलाया और यहां की विभिन्न दुकानों से कुल 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।

अधिकारी ने बताया कि इनमें से 19 बच्चों को बुराड़ी स्थित मुक्ति आश्रम और दो लड़कियों को कश्मीरी गेट स्थित रेनबो गर्ल्स होम भेजा गया है। इस संबंध में दिल्ली छावनी पुलिस थाने में बाल श्रम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# विदेशी नागरिक पर एसिड फेंका, एक बच्चे समेत 3 घायल

● विकासपुरी स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय के पास हुई घटना : डीसीपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में स्थानीय लोगों और शरणार्थियों के बीच विवाद के दौरान तेजाब से किए गए हमले में एक सीरियाई नागरिक समेत तीन शराणार्थी झुलस गए।

पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हमले में एक 11 माह का बच्चा भी झुलसा है जिसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चे को आज छुट्टी दे दी गई। इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और स्थानीय निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना 30 सितंबर को विकासपुरी स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचआरसी) कार्यालय के पास हुई। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि शरणार्थियों और स्थानीय लोगों के बीच झगड़े के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक कॉल आई थी। जब पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि झगड़े के दौरान कुमार एक कैन लाया और उसमें से एक रसायन तीन शरणार्थियों तथा उनके टेंट पर फेंक दिया। वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रसायन फिनाइल प्रतीत हो रहा है लेकिन जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि यह कौन सा रसायन है। पुलिस सूत्र ने बताया कि तीन शरणार्थियों में से एक सीरियाई नागरिक है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आठ अक्टूबर को प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। शरणार्थी काम और आश्रय की तलाश में अक्सर विकासपुरी में स्थित यूएनएचआरसी कार्यालय आते हैं। इतना ही नहीं, वे अक्सर नारेबाजी करते हैं जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी होती है।

शरणार्थी अक्सर वहां काम और आश्रय की तलाश में जाते हैं। कई बार नारेबाजी भी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उस दिन भी शरणार्थियों और वहां तैनात सुरक्षा गार्ड के बीच तीखी बहस हुई, जिसके कारण यह विवाद हुआ।

## आरजी कर अस्पताल मामला

# दिल्ली के चिकित्सक सहकर्मियों की भूख हड़ताल में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● गुरु तेग बहादुर अस्पताल के डॉक्टर भी बुधवार को हड़ताल में शामिल हुए

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने पश्चिम बंगाल में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं उसकी हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे वहां के कनिष्ठ चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताने के लिए बुधवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के चिकित्सक भी बुधवार को हड़ताल में शामिल हो गए और उन्होंने एकजुटता दिखाने तथा मृतक चिकित्सक की याद के प्रतीक के रूप में काली पट्टी बांधी जबकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली की रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने जेएलएन स्टेडियम में शाम छह बजे कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की।


मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज आरडीए की अध्यक्ष अपर्णा सेतिया ने कहा कि चिकित्सक बुधवार को सुबह नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कामकाजी घंटों के दौरान प्रतीकात्मक भूख हड़ताल कर रहे हैं। सेतिया ने मीडिया से बातचीत में कहा, इस दौरान हम भूख हड़ताल कर रहे पश्चिम बंगाल के कनिष्ठ चिकित्सकों के लिए अपना समर्थन जताने के वास्ते कुछ भी खाएंगे या पीएंगे नहीं।एमएएमसी चिकित्सकों के समर्थन में विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित कर रहा है। जीटीबी अस्पताल के चिकित्सकों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने जो काली पट्टी बांधी है, वह उनकी पीड़ा को दर्शाती है और यह याद दिलाती है कि चिकित्सा समुदाय ऐसी क्रूर हिंसा के सामने चुप नहीं रहेगा।

इस बीच, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा, कनिष्ठ चिकित्सकों की दुर्दशा के प्रति लगातार असंवेदनशीलता देख कर दुख होता है।

कोलकाता में सात कनिष्ठ चिकित्सक पांच अक्टूबर की रात से आमरण अनशन कर रहे है। उनके प्रति एकजुटता जताते हुए कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने उनका समर्थन किया है। कनिष्ठ चिकित्सकों ने नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बाद अपना प्रदर्शन शुरू किया।

# कृत्रिम बारिश पर तत्काल बैठक बुलाएं केंद्रः राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● पर्यावरण मंत्री ने आपात कालीन उपायों की जरूरत पर दिया जोर

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि वह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से फिर संपर्क कर प्रदूषण स्तर के चरम पर पहुंचने के दौरान कृत्रिम बारिश कराने के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तत्काल बैठक बुलाने का आग्रह करेंगे।

राय ने कहा कि उनके पिछले पत्र का कोई जवाब नहीं मिला है। राय ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी की प्रदूषण संबंधी चिंताओं को सामने रखा और प्रदूषण के बढ़ते स्तर से निपटने के लिए आपातकालीन उपायों की जरूरत पर जोर दिया। दिवाली का त्योहार नजदीक है, इस पर राय ने कहा कि इस पर्व के दौरान एक से 15 नवंबर के बीच वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कृत्रिम बारिश कराने जैसे आपातकालीन उपायों की जरूरत है। राय ने पहले भी केंद्रीय मंत्री से इस मामले पर बैठक के लिए आग्रह किया था, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार से कोई जवाब नहीं मिला है। राय ने कहा, मैं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को फिर से पत्र लिखूंगा, ताकि आपातकालीन बैठक बुलाई जा सके और हम इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों को लागू कर सकें। राय ने 21 सूत्रीय शीतकालीन कार्य योजना के तहत उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बताया कि और कहा कि निर्माण गतिविधियों के कारण होने वाले धूल प्रदूषण को कम करने के लिए अभियान शुरू किया जा चुका है।

## वांगचुक और समर्थकों की चौथे दिन भी भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पिछले चार दिन से अनशन कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार को कहा कि पिछली रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का एक सदस्य उनके पास आया और उन्हें अपना समर्थन दिया। आरएसएस सदस्य ने उन्हें मच्छर भगाने वाली दवा दी।

अपने कई समर्थकों के साथ रविवार से अनशन कर रहे वांगचुक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक व्यक्ति रात 10.30-11 बजे के बीच आया और वह हमारे लिए मच्छर भगाने वाली हर्बल दवा लाया। वह गेट से दूर रहा और उसने कहा कि वह किसी सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड नहीं होना चाहता।

# 'चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो गंदगी साफ करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




● अदालत ने उम्मीदवारों कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि यह संदेश देना था नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा

उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के उम्मीदवारों से कहा कि अगर वे मतगणना कराना चाहते हैं तो मतदान के दौरान परिसर में जहां भी गंदगी फैलाई गई है, उसे साफ करें। उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना और परिणामों की घोषणा पर रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि केवल यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे। अदालत दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दो अलग-अलग कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई कर रही थी जिसमें परिणाम घोषित करने का अनुरोध किया गया था। उम्मीदवारों ने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों द्वारा सभी कॉलेज परिसर साफ किए जाएं और विश्वविद्यालय के साथ समन्वय कर उन्हें फिर से पेंट किया जाए। यह आवेदन सार्वजनिक दीवारों को नुकसान पहुंचाने, उनका वास्तविक स्वरूप बिगाड़ने, उनकी सुंदरता को बिगाड़ने में शामिल डूसू उम्मीदवारों एवं छात्र संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध वाली लंबित याचिका के संदर्भ में दायर किया गया था।

याचिकाकर्ता एवं वकील प्रशांत मनचंदा ने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे गंदगी को साफ करें और उन क्षेत्रों को फिर से नए जैसा बनाएं तथा नष्ट हुए हिस्सों के सौंदईकरण के लिए प्रयास करें। अदालत ने उम्मीदवारों, याचिकाकर्ता, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को अपनी अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉन्क्लेव में खेलों के भविष्य को दिया आकार




**नई दिल्ली।** भारतीय खेलों की प्रमुख चुनौतियों पर आयोजित दो दिवसीय आईएमगेम कॉन्क्लेव 2024 में एथलीट्स और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने चर्चा की। इस कॉन्क्लवे में देश के प्रमुख राजनीतिज्ञ, एथलीटों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया गया। कॉनक्लेव का उद्घाटन खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने किया। कार्यक्रम में जसपाल राणा, हरमनप्रीत सिंह, रंजन सोढ़ी, उदित शेठ, निखत जरीन, नम्रता पारेख, अपर्णा पोपट और रथींद्र बसु जैसे प्रमुख वक्ताओं ने भारतीय खेलों के विकास और वैश्विक क्षमता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संस्थापक करण छेत्री और सह-संस्थापकों समित गर्ग, पूनम लाल एवं मनदीप मल्होत्रा ने भी चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। सह-संस्थापक मनदीप मल्होत्रा ने कहा, आईएमगेम के माध्यम से हमने साझेदारी का एक प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे भारतीय खेलों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो।

### सुरक्षित परिचालन के लिए किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षित परिचालन और सवारी को बेहतर सेवा प्रदान करने पर इनड्राइव ने अपने शीर्ष 10 ड्राइवरों का सम्मानित और पुरस्कृत किया। बड़े पैमाने पर यात्रा पूरी करने वाले 10 ड्राइवरों को ईंधन कार्ड, कस्टमाइज़्ड लाइसेंस प्लेट और अन्य उपहारों के साथ सम्मानित किया गया। इनड्राइव की एपीएसी कम्युनिकेशंस लीड पवित नंदा आनंद ने कहा कि हम उन्हें बेहतर समर्थन प्रदान करें इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस आज

**नई दिल्ली।** कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से नहीं लेने के कारण व्यक्ति की कार्यक्षमता और संगठन की उत्पादकता को प्रभावित करती है यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. आरपी पाराशर का। डॉ. पाराशर ने कहा कि इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का थीम 'कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता' रखा गया है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध कर्मचारियों की काम करने की क्षमता, उनके कार्यस्थल के प्रति नजरिए और सहकर्मियों के साथ उनके संबंधों से होता है। डॉ. पाराशार ने बताया, मानसिक रूप से स्वस्थ कर्मचारी अधिक सृजनात्मक, ऊर्जावान और प्रोत्साहित रहते हैं। वे अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभाते हैं और जटिल समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होते हैं। कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी के चलते कर्मचारी न केवल चिंता, अवसाद, तनाव, एकाग्रता में कमी जैसी मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं, बल्कि आगे चलकर हाइपरटेंशन, डायबिटीज, अनिद्रा, भूख में कमी और हाइपर एसिडिटी जैसी शारीरिक समस्याओं का शिकार भी हो सकते हैं।

### ईडी को आरोपपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित धन शोधन मामले में आरोपियों को आरोपपत्र और अन्य दस्तावेजों की प्रतियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी को चार नवंबर तक यह कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, जब मामले की अगली सुनवाई होगी। बचाव पक्ष के वकील ने दस्तावेजों के निरीक्षण के लिए केंद्रीय एजेंसी द्वारा सुझाए गए स्थान पर आपत्ति उठाई, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह निर्देश दिया।बचाव पक्ष के वकीलों के अनुसार, ईडी कार्यालय के आसपास बंदरों के उत्पात के कारण अस्वच्छ और असुरक्षित स्थिति पैदा हो गई है।

# कालीबाड़ी मंदिर में ढोल नगाड़ों के साथ मां काली का पूजन

● सफदरजंग एनक्लेव के मैत्री मंदिर में भव्य दुर्गा पूजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शक्ति की आराधना के विशेष शारदीय नवरात्र में तिथियां की घट बढ़ के कारण पंचमी तिथि में मंगलवार को जगदंबा भवानी पंडालों में सपरिवार विराजमान हो गई।

इसके साथ सभी उत्सवी छटा निखरी और ढाक के डंकों से शहर गूंज उठा। बंगीय पंडालों में सायंकाल परंपरा और विधान अनुसार बोधन की रस्म पूरी की गई । बुधवार को महाषष्ठी तिथि में देवी आमंत्रण व अधिवास आदि के अनुष्ठान किए गए। गुरुवार को नव पत्रिका प्रवेश के साथ उत्सवी रंग उफान पर आ जाएगा।

शारदीय नवरात्र में मां काली के पूजन का विशेष महात्मय है। राजधानी दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित कालीबाड़ी मंदिर में महाष्टमी के दिन विशेष धूम देखने को मिलती है। मंदिर में देवी काली की प्रतिमा को कोलकाता के प्रमुख कालीघाट काली मंदिर की प्रतिमा के समान बनाया गया है। दुर्गा पूजा के दौरान यहां पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। यहां अष्टमी पूजन बेहद अलग होता है। पिछले तीन दशक से यहां कोलकाता से एक विशेष मंडली आती है, जो काली पूजन पर सांस्कृतिक ढोल नगाड़े बजाती है। वहीं सफदरजंग एनक्लेव मैत्री मंदिर में दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी की गई है। इस बार यहां प्राचीन ग्राम बांग्ला बौनीदी बाडी के थीम पर सुंदर पंडाल बनाया गया है।



कालबाड़ी में सजा दुर्गा पूजा का पंडाल और श्रद्धालु। फोटो: राजेश कुमार

इस पंडाल में प्राचीन बंगाल की संस्कृति को दर्शाया गया है। बेहद सुंदर तरीके से बंगाल का पारंपरिक जमींदार की हवेली बनाया गया है। हर साल मैत्री मंदिर में अलग-अलग थीम पर पंडाल बनाए जाते हैं।

दिल्ली के सबसे सुंदर पंडालो में मैत्री मंदिर के पंडाल की गिनती होती है। यहां के पंडाल देश दुनिया से लोग देखने के लिए आते हैं। इस बार मैत्री मंदिर के पंडाल का थीम है ग्राम बांग्ला बौनीदी बाड़ी। पुराने समय में गांव में जमींदार की जो हवेली हुआ करती थी उसके थीम पर इस पंडाल को बनाया गया है। मांग दुर्गा की पूजा के साथ-साथ यहां भारत की संस्कृति को भी दिखाने की कोशिश की गई है।

## डीयू में शुरू होगा पूर्वी एशियाई भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा

**नई दिल्ली।** डीयू के तीन कॉलेज पूर्वी एशियाई भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम लाने की योजना बना रहे हैं। रामजस कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामलाल आनंद कॉलेज ने नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद को एक नीतिगत प्रस्ताव भेजा है।

अकादमिक परिषद की बैठक विभिन्न नीति प्रस्तावों और कुलपति द्वारा स्वीकृत की गई कार्य रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए 10 अक्टूबर को होगी। प्रस्ताव के अनुसार, रामजस कॉलेज की एडवांस डिप्लोमा इन कोरियन (केपी-3) जबकि हंसराज कॉलेज की चीनी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ ही कोरियाई और जापानी भाषाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है।

# पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर प्रतिबंध

## केवल ग्रीन पटाखों का हो सकता है सीमित उपयोग, वायु गुणवत्ता के मद्देनजर जिलाधीश ने जारी किए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिले में 22 अक्टूबर से 31 जनवरी तक वायु गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए बेरियम साल्ट वाले पटाखों के उत्पादन, बिक्री व पटाखे बजाने पर रोक लगा दी है। केवल दीवाली, गुरू पर्व और क्रिसमिस के दिन सीमित समय में ग्रीन पटाखे बजाए जा सकते हैं।

जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने बुधवार को जारी किए गए अपने आदेश में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय के अनुसार अधिक मात्रा में पटाखे बजाने से वातावरण दूषित हो सकता है। जिससे श्वांस के रोगियों को भारी तकलीफ होती है। सरकार के दिशा-निर्देश व हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव पर अमल करते हुए वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए पटाखों की बिक्री व उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जो कि 22 अक्टूबर से 31 जनवरी, 2025 तक लागू रहेगा। इस दौरान दीवाली और गुरूपर्व के दिन रात को आठ से दस बजे तक ग्रीन पटाखे बजाए जा सकते हैं। इसी




प्रकार क्रिसमिस से एक दिन पहले रात को 11.55 से 12.30 बजे तक ये ग्रीन पटाखे बजाए जा सकते हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, विस्फोटक अधिनियम के तहत जारी किए आदेश में जिलाधीश ने कहा है कि जोर की आवाज करने वाले पटाखे तथा पटाखों की लड़ियां आदि के उत्पादन तथा बेचने पर रोक रहेगी। पटाखों की वजह से वायु प्रदूषण इंडेक्स 2.5 से दस प्वाईंट तक बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी वायु इंडेक्स पर निगरानी रखेंगे। पुलिस, नगर निगम, अग्निशमन व पंचायत विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि बाजारों में पटाखों की बिक्री ना हो और कहीं पर भी फैक्ट्री में पटाखे ना बनाए जाएं।

## फरीदाबाद में भी उपायुक्त ने जारी किए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

- ई- कॉमर्स कंपनियों को पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करने के दिए गए हैं निर्देश

जिलाधीश विक्रम सिंह ने सीएक्यूएम द्वारा जिला फरीदाबाद में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए व पटाखें जलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए फरीदाबाद जिला में पटाखों के भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल (ग्रीन पटाखों को छोड़कर) पर रोक लगाने के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई- कॉमर्स कंपनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिला में पटाखों के उत्पादन, भण्डारण तथा बिक्री को लेकर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 के तहत जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश में नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी एसडीएम, थाना प्रभारी, नगर परिषद के अधिकारीगण, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा तहसीलदार अपने-अपने कार्यक्षेत्र में एक-दूसरे से तालमेल करके इन आदेशों को सख्ती से लागू करवाएंगे। आदेशों को लागू करने वाले सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन की पालना रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में नियमित रूप से भेजेंगे।

जारी आदेशों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखेंगे। सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार जिला में कम प्रदूषण फैलाने वाले ग्रीन पटाखे ही लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से बेचे जा सकते हैं। अन्य पटाखों तथा लड़ियों के उत्पादन, बिक्री तथा प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है क्योंकि इससे बहुत ज्यादा वायु तथा ध्वनि प्रदूषण होता है और ठोस कचरा संबंधी समस्याएं भी होती हैं। ये पटाखें भी केवल दीपावली पर्व के दिन रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक व क्रिसमस व नववर्ष के अवसर पर भी निर्धारित समयावधि रात 11ः55 से सुबह 12:30 बजे तक ही चलाने की अनुमति होगी।

आदेशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दण्ड प्रक्रिया अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही करके दण्डित किया जाएगा। यह आदेश जिला में 22 अक्टूबर, 2024 से लागू होकर 31 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

## गुरुग्राम आईटीआई में 18 व 29 अक्टूबर को लगेगा जॉब मेला

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 18 अक्टूबर और 29 अक्टूबर को शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सरकारी व प्राइवेट संस्थान में आईटीआई पास युवाओं को रोजगार दिलवाया जाएगा।

आईटीआई के प्रिंसिपल जेपी यादव ने बताया कि इस जॉब मेले में आईटीआई पास युवाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। गुरुगाम जिला में स्थित सभी आईटीआई संस्थान से पास आउट हुए छात्र-छात्राएं इस जॉब मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में अप्रेंटिसशिप के लिए आईटीआई पास युवाओं की आवश्यकता है तो वे अपनी डिमांड आईटीआईगुड़गांवटीसीपीसी एट द रेट जीमेल.कॉम पर भिजवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निजी कंपनियों के अधिकारियों को भी इस जॉब मेले में आमंत्रित किया जाएगा। जिससे कि वे अपनी उत्पादन ईकाईयों में युवाओं को रोजगार दे सकें।

यह जॉब मेला राष्ट्रीय शिक्षुता अधिनियम की पालना के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद व जुर्माना

- 2020 में दोषी युवक ने दुष्कर्म की घटना को दिया था अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां की एक अदालत ने दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। दोषी ठहराए गए युवक ने 15 सितंबर 2020 को पटौदी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार 15 सितंबर 2020 को थाना पटौदी में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने, उसके साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर थाना पटौदी में पॉक्सो एक्ट व आईपीसी की धाराओं में केस दर्ज किया था।

पुलिस द्वारा इस घटना के आरोपी तुषार (24) निवासी गांव नानू कलां, गुरुग्राम को घटना के अगले ही 16 सितंबर 2020 को



गिरफ्तार कर लिया गया। इस केस में में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने गहनता से जांच की। आरोपी के खिलाफ सभी साक्ष्य व गवाह एकत्रित करके दालत में पेश किए गए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस केस में अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट व पुलिस द्वारा एकत्रित किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर अदालत ने फैसला सुनाया है। एडिशनल सेशन जज अश्वनी कुमार की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल की कैद व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

## नाईजीरियाई मूल का नागरिक कोकीन के साथ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सीआईए सिकंदरपुर की पुलिस ने अवैध कोकीन के साथ एक नाईजीरिया मूल के नागरिक को 19.25 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसे हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास से काबू किया गया। आरोपी की पहचान अजुबुइके इनोसेंट निवासी नाइजीरिया फिलहाल साकेत दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जा से 19.25 ग्राम अवैध कोकीन बरामद होने पर इसके खिलाफ थाना डीएलएफ में एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी के दस्तावेजों का निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि यह फरवरी-2024 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था।

## लड़ते रहेंगे जनहित की लड़ाई: भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विधानसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही कांग्रेस ने विपक्ष में भूमिका में रहकर आगे की रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। इसे लेकर बुधवार को कांग्रेस के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश भारद्वाज ने बल्लभगढ सेक्टर 2 स्थित अपने तिरंगा भवन में प्रेस वार्ता कर इस रणनीति का खुलासा किया।

इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे हमारे मन मुताबिक नही आए लेकिन लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है। जनता का निर्णय सहज रूप से विनम्रतापूर्वक स्वीकार्य है। बीजेपी को सरकार बनाने का जनादेश



और हमारी कांग्रेस पार्टी को विपक्ष में बैठने का आदेश सम्मानित जनता जनार्दन ने दिया है। कांग्रेस पार्टी पूर्ण ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से सम्मानित जनता के हितों की लड़ाई एक मजबूत विपक्ष के रूप में लडती रहेगी। हम सरकार के समक्ष जनता की आवाज मजबूती से उठाते रहेंगे।

अपने बल्लभगढ़ के प्रति हमारा संकल्प -'स्वच्छ प्रशासन साफ सफाई, बल्लभगढ़ की यही लड़ाई!' निरंतर जारी रखेंगे। क्योंकि बल्लभगढ़ की जनता के प्रति जो हमारा दायित्व है उससे विपक्ष की पार्टी होने के नाते मैं और कांग्रेस पार्टी मुंह नही मोड़ सकते। क्योंकि जनसेवा के लिए हमें किसी पद की जरूरत नही जनता की सेवा एक निरंतर होने वाली प्रक्रिया है जो होती रहनी चाहिए।

## उचाना में 32 मतों से तो फिरोजपुर झिरका में बड़े अंतर से हुई जीत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में उचाना कलां विधानसभा सीट पर सबसे कड़ा चुनावी मुकाबला देखने को मिला जहां भारतीय जनता पार्टी के देवेंद्र अत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी ब्रजेंद्र सिंह को महज 32 वोटों से हरा दिया। मंगलवार को घोषित किए गए चुनावी नतीजों के अनुसार, राज्य में 90 विधानसभा सीटों में से 32 मतों का अंतर जीत का सबसे कम अंतर रहा। विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पांच अक्टूबर को हुआ था।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, उचाना कलां से निवर्तमान विधायक एवं जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला पांचवें स्थान पर रहे। वहीं, कांग्रेस पार्टी के मम्मन खां ने नूहं जिले में फिरोजपुर झिरका




सीट से सबसे अधिक 98,441 मतों के अंतर से चुनाव जीता। इस सीट से मौजूदा विधायक खां ने भाजपा के नसीम अहमद को हराया। खान को।,30,497 वोट मिले जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी को 32,056 वोट मिले। इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के आदित्य देवीलाल ने डबवाली सीट पर 610 मतों से जीत दर्ज की और कांग्रेस के अमित सिहाग को पराजित किया।

कांग्रेस के राजबीर फरटिया ने लोहारु सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश दलाल को महज 792 मतों से हराया। आदमपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी चंदर प्रकाश ने भाजपा के भव्य बिश्नोई को।,268 मतों के अंतर से हराया। भाजपा के सुनील सतपाल सांगवान ने कांग्रेस की मनीषा सांगवान को।,957 मतों के अंतर से हराकर दादरी सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस के चंदर मोहन ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता को पंचकुला सीट से।,997 मतों के अंतर से हराया।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जबकि कांग्रेस ने 37 सीट जीती। भाजपा सत्ता विरोधी लहर और लोकसभा चुनाव में मिले झटके से उबरते हुए हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार है। उसे इस बार के लोकसभा चुनाव में महज पांच सीट मिली जबकि 2019 में उसने राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

## 22 विद्यार्थियों को मिली 10 लाख रुपए की 'केबीआई सफलता' स्कॉलरशिप

- श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के विद्यार्थियों को कनोर ब्रेमसे ने प्रदान की छात्रवृत्ति, पूरे कोर्स का खर्च उठाने का वादा
- कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सीएसआर हेड रूपाली अग्रवाल के प्रयासों को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 22 विद्यार्थियों को केबीआई सफलता स्कॉलरशिप मिली है। कनोर ब्रेमसे द्वारा दी गई इस स्कॉलरशिप में विद्यार्थियों पर कुल 10 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू एवं कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा की उपस्थिति में कनोर ब्रेमसे की सीएसआर हेड रूपाली अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप बांटी।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को कहा कि स्कॉलरशिप प्राप्त करना अपने आप में गौरव की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों से खूब मेहनत करने और नवाचारी बनने का



स्कॉलरशिप प्रदान करते कुलपति डॉ. राज नेहरू व कनोर ब्रेमसे की रूपाली अग्रवाल।

आह्वान किया। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का आगे बढ़ने में यह स्कॉलरशिप बहुत महत्वपूर्ण है। उनके रास्ते में कोई वित्तीय बाधा नहीं आने दी जाएगी।

रूपाली अग्रवाल ने कहा कि सीएसआर पर पैसा खर्च करना उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना महत्वपूर्ण उसका उद्देश्य है। हम अच्छे उद्देश्य के लिए पैसा खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष के लिए नहीं, बल्कि हम पूरे कोर्स के लिए विद्यार्थियों को यह छात्रवृति प्रदान करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के सामने टेक्निकल गाइडेंस और मेंटरशिप की पेशकश भी रखी।

अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि शिक्षा पर खर्च किया गया यह धन इन विद्यार्थियों का भविष्य बनाएगा। प्रोफेसर राठौड़ ने इसके लिए कनोर ब्रेमसे का आभार ज्ञापित किया। डीन प्रोफेसर ऋषिपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज के एमडी विक्रम अग्रवाल के साथ तकनीकी प्रशिक्षण पर चर्चा की।

स्कॉलरशिप पाने वालों में प्रिया, गीतांजलि, विक्रमादित्य, उत्तम, अनुज शर्मा, आयुष शर्मा, पावन कोशिश, कुणाल, दीपांशी, अंजू खत्री, कृष्ण बेनीवाल, सौरव, शिवम, रोहित, रिया, प्रिया, मयंक, काव्य, कशिश शर्मा, जय कुमार और अमन के नाम शामिल हैं।

इस मौके पर डीन प्रोफेसर कुलवंत सिंह, डीन प्रोफेसर ऊषा बत्रा, प्रोफेसर ए के वात्तल और डिप्टी डायरेक्ट अमीष अमेय भी उपस्थित थे। सहायक उप निदेशक विनोद भारद्वाज ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## सॉफ्टवेयर से फर्जी नंबर प्लेट की पहचान कर रही पुलिस

- सीसीटीवी का उपयोग करके की जा रही दस्तावेजों की पहचान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कानून व्यवस्था, सुरक्षा व यातायात के सुचारू संचालन को व्यवस्थित, सुनिश्चित व मजबूत करने के प्रयास में पुलिस ने एआई संचालित वाहन नंबर प्लेट पहचान प्रणाली को लागू करने के लिए स्टैक्र टैक्नोलॉजिस कम्पनी के साथ भागीदारी की है।

यह अत्याधुनिक तकनीक आरटीओ द्वारा जारी किए गए वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर से नंबर प्लेट्स को स्कैन और सत्यापित करने के लिए मौजूदा सीसीटीवी कैमरों का उपयोग करता है। इससे दूर से ही नंबर प्लेट की पहचान करके संबंधित अधिकारियों को अलर्ट भी भेजता है। यह पहल कनून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

यह सिस्टम नंबर प्लेटों को सरकारी रिकॉर्ड के साथ तुरंत क्रॉस-वेरिफाई करेगा। यह फर्जी नंबर प्लेट, चोरी हुए वाहन और ब्लैक लिस्टेड वाहन आदि जैसी विसंगतियों की पहचानने में सक्षम है। यह तकनीक वाहनों को उनकी विशेषताओं जैसे रंग मॉडल इत्यादि के साथ खोजने में भी सहायता करती है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि स्टैक्र कम्पनी की एआई-आधारित तकनीक का कार्यान्वयन गुरुग्राम पुलिस के लिए वाहन जांच में काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है। कुछ ही हफ्तों में हमने कई वाहन-संबंधी डिफॉल्टरों की सफलतापूर्वक पहचान की है। यह सहयोग हमारे निगरानी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पेटेंटेड तकनीक और अनूठी क्षमताओं से लैस जार्विस एक ऑडियो-वीडियो एनालिटिक्स और मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म है, जो सुरक्षा के लिए बेहतरीन संभव समाधान प्रदान करता है।

## जीतने के बाद एक्शन मोड में आए विपुल गोयल

- निगमाधिकारियों को 7 दिन में सफाई और सीवरेज समस्या दुरुस्त करने के दिए निर्देश

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद

नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विपुल गोयल चुनाव जीतते ही एक्शन मोड में नजर आए। उन्हें चुनाव जीते अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि निगमाधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्याओं के निदान के लिए निर्देश जारी कर दिए।

विपुल गोयल ने बुधवार को सर्किट हाउस में सुबह निगम अधिकारियों की बैठक बुला ली। इस बैठक में उन्होंने निगमाधिकारियों को सफाई व्यवस्था, सीवरेज समस्या तथा स्ट्रीट लाइटों को 7 दिन में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं भाजपा विधायक ने निगमाधिकारियों को यह भी स्पष्ट कर दिया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की हालत देखी है। इसलिए 7 दिन बाद वे पुनः निरीक्षण



करने के लिए निकलेंगे और देखेंगे कि समस्याओं का समाधान हुआ या नहीं। विपुल गोयल ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनकी विधानसभा की कालोनियों और गांवों के साथ-साथ सैक्टरों में भी गंदगी का बुरा हाल है। इसके साथ-साथ विपुल गोयल ने सीवरेज जाम होने के कारण जमा हुए गंदे पानी और सीवरों के ढक्कन न होने की समस्या का भी 7 दिन में निदान करने के निर्देश दिए।

भाजपा विधायक विपुल गोयल ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यालयों में बैठने की बजाय शहर का चक्कर लगाकर देखें कि इलाके का क्या हाल है। विपुल गोयल ने चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों से कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने देखा कि कई इलाके ऐसे थे जहां गंदगी के कारण बिना मास्क के निकल पाना भी संभव नहीं है। जबकि लोग वहां नियमित रूप से रहते हैं। उन्होंने कहा कि सफाई, सीवरेज समस्या और स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। विपुल गोयल ने इस दौरान स्ट्रीट लाइटों के अधिकारी से पूछा कि कितनी लाइटें उनकी विधानसभा में लगी हुई हैं और उसमें से कितनी लाइटें खराब हैं।

इसका जब अधिकारी संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाए तो भाजपा विधायक ने यह डाटा तैयार करने के लिए कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि कितनी लाइटें खराब हैं।

## भोजपुरी फिल्म के लिए हुआ ऑडिशन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भोजपुरी फिल्म शिवानी के लिए ऑडिशन एवं बिन्दा देवी फिल्मस के बैनर तले बनने वाली फिल्म शिवानी के लिये कलाकारों के चयन हेतू ऑडिशन का आयोजन एन.एच. पांच कार्यालय में किया गया। आगामी 14 अक्टूबर से फरीदाबाद के विभिन्न स्थलों पर इस फिल्म की शूटिंग होनी है। जिसमें मशहूर भोजपुरी कलाकार काजल राघवानी, लाडो मधेशिया, अनूप अरोड़ा, नीलम पांडे, संजय वर्मा एवं गिरिश शर्मा जैसे दिग्गज कलाकार मुम्बई से आ रहे हैं।

फरीदाबाद के भी कुछ कलाकारों का मौका देने हेतू से आडिशन रखा गया। कास्टिंग डायरेक्ट संजीव कुशवाहा की देख-रेख में ऑडिशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर निर्माता रणबीर सिंह, राजदेव सिंह, मामेन्द्र कुमार, राकेश भाटिया के अलावा त्रिवेणी बाबू, हृदय नारायण सिंह, राजेश शर्मा, विक्की भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थल से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने धार्मिक स्थल से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शाहबाद पुलिस की टीम ने धार्मिक स्थल से चोरी करने के आरोपी मनीष वासी शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि 8 अक्टूबर को थाना शाहबाद पुलिस को दी शिकायत ने शाहबाद निवासी अनिल कुमार ने बताया कि गुड़ मण्डी गेट चाँद मार्किट स्थित मंदिर से एक नौजवान लड़के ने कुछ समय पहले पीतल का बड़ा घंटा व एक दीया तथा रुपये चोरी कर लिये थे। वह लड़का फिर चोरी की नियत से मंदिर में आया, जिसको वहां मौजूद व्यक्तियों ने पकड़ लिया।

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

- नाच कर किया खुशी का इजहार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा को हरियाणा में बहुमत प्राप्त हुआ। वहीं इन चुनावों में सबसे हॉट सीट मानी जाने वाली लाडवा क्षेत्र से खड़े भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 16054 वोट प्राप्त कर विजय हुए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ने हरियाणा में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई उसके लिए पूरे प्रदेश की जनता का धन्यवाद करते हैं। भाजपा कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस के छोटे से लेकर बड़े नेता भी बड़े-बड़े दावे कर रहे थे। वह सब धराशाही होकर रह गए। लोगों ने देश के पीएम नरेंद्र



मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सरल, मिलनसार स्वभाव व उनकी कार्यशैली से व भाजपा की नीतियों में विश्वास करते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद दिया। वहीं नायब सिंह सैनी की भारी बहुमत जीत पर जगह-जगह लोगों ने ढोल की थाप पर नाच कर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यालय पर लड्डू बांट कर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर इस अवसर पर सुशील राणा भाजपा जिला अध्यक्ष, धर्मवीर मिर्जापुर अध्यक्ष पशुपालन विभाग, जिला महामंत्री तेजीन्द्र गोल्डी, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स,ईश्वर कौशिक, एसपी कौशिक, गुलशन सैनी, विक्रम शर्मा, दीपक शर्मा, लवली, विजय कंबोज, विजय कौशिक, सचिन अरोडा, शिव गुप्ता, परमजीत कश्यप, वंदना, दीपक शर्मा एडवोकेट, ऋषिपाल मथाना, देशराज शर्मा, विनीत कवात्रा, ललित माटा, अशोक सैनी, अनु माल्यान व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यस्थल पर तनाव भारतीयों के लिए गंभीर स्तर पर पहुंचा

- अक्सर बर्नआउट का अनुभव करते हैं देश में 40 फीसदी कर्मचारी, जबकि 38 फीसदी मध्यम तनाव में रहते हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अमृता अस्पताल, के डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने भारतीय कर्मचारियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले व्यावसायिक तनाव और जलन के खतरनाक स्तर को प्रकाश में लाया है।

2024 गैलप स्टेट ऑफ ग्लोबल वर्कप्लेस रिपोर्ट से पता चला है कि जब मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण की बात आती है तो दुनिया भर में 86 फीसदी कर्मचारियों को या तो 'संघर्षरत' या 'पीड़ित' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और भारत भी इस पैटर्न का अनुसरण करता है, जो कार्यस्थल संकट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है। शोध रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 40 फीसदी कर्मचारी अक्सर बर्नआउट का अनुभव करते हैं, जबकि 38 फीसदी मध्यम तनाव में रहते हैं। कर्मचारियों के एक बड़े प्रतिशत ने अपनी नौकरी से असंतोष व्यक्त किया, जिनमें से कई अपनी वर्तमान भूमिकाएं छोड़ने की योजना बना रहे हैं। उनमें से, 28 फीसदी पुरुष कर्मचारियों की तुलना में, 37 फीसदी महिला कर्मचारियों ने इस्तीफे पर विचार करने का मुख्य कारण खराब कार्य-जीवन संतुलन को बताया। डॉ. राकेश कुमार ने कहा, भारत में कार्यस्थल पर तनाव कई कारकों से पैदा होता है, जिनमें अत्यधिक काम का बोझ, असामाजिक घंटे, नौकरी जाने का डर, खराब कामकाजी परिस्थितियां और नौकरी की भूमिकाओं पर नियंत्रण की कमी शामिल है। असुरक्षित या विषाक्त कार्य वातावरण, सहकर्मियों से अपर्याप्त समर्थन और कार्यस्थल पर उत्पीड़न और धमकाने में वृद्धि से स्थिति और गंभीर हो गई है।

## गाज़ा में युद्ध
### एक साल से जारी

**गाज़ा में युद्ध** एक साल से जारी है और इसकी समाप्ति की कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही है। युद्ध दूसरे साल में प्रवेश कर चुका है। इससे भयानक विनाश गंभीर होता जा रहा है तथा राजनीतिक व सैनिक टकराव पूर्णत: 'मानवीय संकट' में बदल गया है। इस्राइल और फिलिस्तीनी उग्रवादियों के बीच हिंसक टकराव से शुरू हुए इस युद्ध में अब लेबेनान और ईरान जैसी क्षेत्रीय शक्तियां शामिल हो गई हैं जिससे शांति की संभावनायें और धुंधली हो गई हैं। युद्ध का प्रभाव सीमाओं के पार भी दिख रहा है जिससे असंख्य सिविलियन हिंसा, विस्थापन और उत्पीड़न के दुष्चक्र में फंस गए हैं। युद्ध के एक साल बाद भी गाज़ा की जनता हिंसा का खामियाजा भुगत रही है। पूरा आस पड़ोस खंडहर में बदल गया है, आवश्यक ढांचागत संरचना बरबाद हो गई है तथा हजारों लोगों की जानें गई हैं। गाज़ा में 140 वर्ग मील की छोटी सी पट्टी में रहने वाले 2 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गरीबी, बेरोजगारी और मूलभूत सेवाओं तक सीमित पहुंच के शिकार थे। युद्ध ने इन चुनौतियों को विनाशकारी स्तर तक पहुंचा दिया है। अस्पताल मरीजों से भरे हैं, स्वच्छ जल की कमी है तथा बिजली दिन में कुछ ही घंटे मिल रही है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस स्थिति को मानवीय विभीषिका कहा है। गाज़ा की अब लगभग आधी जनसंख्या विस्थापित है और सहायता तक सीमित पहुंच के बीच भीड़ से भरे शरणस्थलों या अस्थाई शिविरों में रह रही है। वर्तमान समय में जारी नाकेबंदी के कारण इस पट्टी में आवश्यक सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है जिससे आम नागरिकों की पीड़ा गहरा रही है। बच्चे खासकर भयानकतम परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, उनमें से बहुतों की शिक्षा तक पहुंच नहीं है तथा उनको मानसिक स्वास्थ्य सहायता की जरूरत है। इससे युद्ध की विभीषिका और भयावह हो गई है।



इस्राइल और हमास के बीच स्थानीय टकराव से शुरू हुआ युद्ध अब व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदल गया है। इसमें लेबेनान के हिजबुल्ला तथा ईरान की सहायक शक्तियां लगातार भाग ले रही हैं। लेबेनान में मौजूद शक्तिशाली शिया उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में हमले कर युद्ध का नया मोर्चा खोल दिया है। इससे इस्राइली सैनिक वहां पहुंच गए हैं जिससे लेबेनान के अस्थिर होने का खतरा पैदा हो गया है, जबकि यह देश पहले से ही अपने आंतरिक संकट से जूझ रहा है। हिजबुल्ला तथा अनेक अन्य फिलिस्तीनी समूहों का समर्थन करने वाले ईरान की संलिप्तता ने मामला और जटिल बना दिया है। तेहरान द्वारा इन समूहों का समर्थन एक व्यापक क्षेत्रीय रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में इस्राइली और अमेरिकन प्रभाव का मुकाबला करना है। ईरान की संलिप्तता बढ़ने के साथ ही व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का खतरा और बढ़ गया है। अमेरिका तथा अन्य विश्व शक्तियों ने इस्राइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध की संभावना पर चिन्ता प्रकट की है। राजनयिक प्रयास अब तक विफल रहे हैं तथा वार्तायें बार-बार टूटी हैं। हिजबुल्ला और ईरान की संलिप्तता से स्पष्ट है कि अब युद्ध केवल इस्राइल और गाज़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा बन गया है। इससे शांति प्रक्रिया और जटिल हो गई है। तत्काल हस्तक्षेप न होने पर गाज़ा में मानवीय संकट और गहराएगा। यह टकराव ऐसे बिंदु पर पहुंच गया है जहां सैनिक तरीकों से मुद्दों का समाधान संभव नहीं है। समय तेजी से बीत रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ को फौरन हस्तक्षेप कर क्षेत्रीय विभीषिका को विस्तार लेने से रोकना होगा।

# स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति

**भूमिगत जल की गुणवत्ता तथा ठोस एवं द्रव कचरे के प्रबंधन तक स्वच्छ भारत अभियान की काफी उपलब्धियां हैं। लेकिन स्वच्छ भारत की दिशा में यह अभियान जारी रहना चाहिए।**



**बी.के. सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 2014 में गांधी जयंती के दिन 'स्वच्छ भारत अभियान' शुरू किया था। इस अभियान ने दस साल पूरे कर लिए हैं और इस कालखंड में 120 मिलियन परिवारों को उनके घरों में सुरक्षित सफाई तक पहुंच सुनिश्चित की गई है। ग्रामीण परिवारों में शौचालयों ने जनता के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। इससे खासकर मानव स्वास्थ्य और बेहतरी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसने खुले में शौच से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। यूनीसेफ की 2018 में जारी रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष जीडीपी के 5.2 प्रतिशत की बचत हुई है। इसके अन्य लाभों में भूमिगत जल का प्रदूषण रोकना, शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति में सुधार शामिल हैं। हालांकि, लगभग 4000 शहरों को स्वच्छता और सफाई बनाए रखने का प्रमाण मिला है, पर प्रयोगकर्ताओं और प्रबंधकों के लिए इसे लगातार कारगर बनाए रखने तथा निरंतर प्रयोग की चुनौती बनी हुई है।

इस वर्ष 17 सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर, 2024 में गांधी जयंती तक भारतीय स्वच्छता का 'स्वर्णिम दशक' मनाया गया। इस लेख में मैंने इस अभियान की उपलब्धियों व कमियों को रेखांकित कर भविष्य के संभावित रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की है। स्थानीय संस्थाओं तथा सिविक संस्थाओं ने इस अभियान की सफलता में अपना योगदान दिया है। इस मोर्चे पर शहरी निगमों की वार्षिक रैंकिंग अत्यधिक प्रतियोगी रही है। इंदौर, मैसुरू तथा लखनऊ व अनेक अन्य शहरों ने इस रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त किया है। इसने अनेक अन्य शहरों को अपनी रैंकिंग सुधारने को प्रेरित किया है। ठोस कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग-अलग करने में तेजी आई है। शहरी कचरे का प्रसंस्करण 2014 में 18 प्रतिशत था जो अब बढ़ कर 80 प्रतिशत हो गया है। लेकिन ठोस कचरे के निस्तारण स्थलों का प्रबंधन चुनौती बना हुआ है। सूखे कचरे से बिजली व बायोईंधन बनाने के काम में अभी तेजी नहीं आई है। हालांकि, गीले कचरे से कंपोस्ट तथा बायोगैस बनाने का काम तुलनात्मक रूप से बेहतर है। ज्यादा खोज, तकनीक का प्रयोग तथा निवेश गेमचेंजर साबित हो सकता है। बड़ी समस्या अनेक शहरों के आसपास लगभग 220 मिलियन टन कचरे का प्रबंधन है। राष्ट्रीय राजधानी के भीतर और उसके आसपास गाजीपुर, ओखला, भलस्वारा और बंधवारी में जमा कचरे के पहाड़ों से निपटना काफी कठिन है। हालांकि काफी समय से सरकारें, विशेषज्ञ और अदालतें इस पर ध्यान दे रही हैं, पर कोई कारगर समाधान नहीं निकला है।

द्रव कचरा ज्यादा बड़ी समस्या है। सिविक एजेंसियां सीवेज को खुले नालों में बहने की अनुमति देती हैं। उनको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी नाले ढके जांए नहीं तो सीवेज बाढ़ के पानी से मिल कर शहरी जल स्रोतों में मिल जाएगा। इसके साथ ही घरेलू सीवेज की लाइनों व सोक पिटों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए और उनकी मरम्मत से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनसे लीकेज न हो तथा भूमिगत जल स्रोत प्रदूषित न होने पाएं। जल भंडारों के प्रवेश स्थलों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी कारगर स्थिति में होने चाहिए ताकि बिना शोधन के अशोधित सीवेज जल भंडारों में न मिलने पाए। स्थानीय निकायों तथा नगरपालिकाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोग अपने घरों की सीवर लाइनों को स्टार्मवाटर ड्रेनों से न जोड़ें, जबकि घनी बसी मलिन बस्तियों में अक्सर यही होता है।

स्टार्मवाटर ड्रेनों में बहने वाला पानी सीधे जलभंडारों में बिना किसी शोधन के पहुंच जाता है। स्टार्मवाटर ड्रेनों में सीवेज मिलना काफी हानिकारक है और इसे हर कीमत पर रोका जाना चाहिए। बैंगलुरू नगर निगम 2005-2006 और 2006-07 में प्रति दिन 1400 मिलियन लीटर-एमएलडी सीवेज पैदा करता था, पर इसका 400 एमएलडी से भी कम एसटीपी से गुजरता था। एसटीपी से गुजरने का यह अर्थ नहीं कि इस मात्रा का शोधन हो चुका है, क्योंकि अक्सर एसटीपी के प्रबंधक बिजली से चलने वाली मशीने खर्च बचाने के लिए बंद कर देते हैं। वर्तमान समय में 1700 एमएलडी सीवेज बनता है और इसका लगभग तीन चौथाई एसटीपी से गुजरता है। दूसरे महानगरों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। देश भर में एसटीपी क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि भूमिगत जल का प्रदूषण रोका जा सके नहीं तो यहअनेक जल-जनित बीमारियों का कारण बन सकता है। इसके साथ ही प्रबंधन पर कठोर नजर रखनी चाहिए ताकि वे गलत काम न करें। प्लास्टिक और पालीथीन हमारे जीवन का अंग बन गई हैं। इससे हमारे, वन्यजीवों तथा मवेशियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। खासकर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक इधर-उधर फेंक दी जाती है और अंतत: वह कचरे के पहाड़ों या जल भंडारों तक पहुंच जाती है। इसे मवेशी, जंगली जानवर व जलीय जीव खा लेते हैं जिनमें से कुछ की दम घुटने से मौत हो जाती है। इसे खाने वाली मछलियों और मांसाहारी लोगों द्वारा इन मछलियों के भोजन से खतरा और बढ़ जाता है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे खून तक पहुंच गई है और स्वास्थ्य के लिए भयानक खतरा बन गई है।

ट्रेनों में 'बायो शौचालयों' का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम है। 2014 से पहले रेलों की पटरियां और यहां तक कि प्लेटफार्म भी मानव मल से भरे रहते थे। यह स्थिति बहुत घृणित थी और कोई इसे देखना नहीं चाहता था। लेकिन अब आश्चर्यजनक खोज से यह स्थिति बदल गई है। लेकिन बड़े शहरों से गुजरने वाली रेल लाइनों के किनारे अब भी दोनों ओर प्लास्टिकों और पालीथीनों के ढेर देखे जा सकते हैं। अक्सर इनको देखना बहुत कष्टदायक होता है। हमें अपने व्यवहार में परिवर्तन कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्लास्टिक और पालीथीन का न्यूनतम उपयोग हो। हमें केन्द्र सरकार द्वारा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग पर लगाए प्रतिबंध का सम्मान करना चाहिए। इस संबंध में शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। ऐसा करके ही हम महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के माध्यम से गति दी है। गर्मी के मौसम में कचरा जलाना अक्सर खर-पतवार और कचरे से मुक्ति पाने का आसान साधान माना जाता है। पंजाब और हरियाणा में किसान अक्सर धान की फसल लेने के बाद खेतों में पराली जलाना खेतों को खाली करने का आसान साधन मानते हैं। खेत जल्दी से खाली कर वे गेंहू बोना चाहते हैं। दुर्भाग्य से पराली जलाने का यह समय मौसम परिवर्तन के साथ होता है। इस मौसमी परिवर्तन के कारण हवा का प्रवाह लगभग नहीं होता है जिससे पराली जलाने से पैदा नाइट्रोजन आक्साइड और कार्बन डाईआक्साइड वातावरण के उच्च स्तरों पर जाने के बजाय बड़े शहरों में चारों ओर 'स्मॉग' के रूप में छा जाती है।

इसके कारण सांस लेने में कठिनाई होती है तथा नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाता है। हालांकि, अधिकांश जागरूक नागरिक अब अपने आसपास खर-पतवार और कचरा जलाने से रोकने लगे हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत हमें अनेक शैक्षणिक व जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। हमें यह बताने की जरूरत है कि जब खर-पतवार व कचरे के साथ प्लास्टिक और पालीथीन जलते हैं तो बहुत जहरीली गैसें निकलती हैं और आसपास खड़े रहना भी असंभव हो जाता है। ऐसे सारे उत्सर्जन 'ग्रीनहाउस गैसे' हैं जो उपयुक्त मौसम स्थितियों में वातावरण के उच्च स्तर तक पहुंच जाती हैं। इन गैसों में कार्बन डाईआक्साइड अक्रियाशील तत्व है जो वातावरण में सैकड़ों साल तक बनी रहेगी। इसके कारण तापमान में वृद्धि होती है। सारी दुनिया के लोग ग्लोबल वार्मिंग के कारण पैदा होने वाली भयानक स्थितियों का सामना कर रहे हैं जो हर साल बढ़ती जा रही हैं। हमें वातावरण में होने वाले इन परिवर्तनों से स्वयं को बचाने के लिए अपने व्यवहार में परिवर्तन करना चाहिए। यह 'स्वच्छ भारत अभियान' का व्यापक संदेश है।



# अतिवादी जगत का पथ प्रदर्शन


"केवल इस आंतरिक यात्रा के माध्यम से ही हम उस पवित्रता और शांति को पुनः प्राप्त कर सकते हैं जो आज की तेज़-तर्रार, अति-जुड़ी दुनिया में इतनी मायावी लगती है।"



**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखिक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

**योग ध्यान,** मूल्यों के साथ मिलकर, इन अशांत समयों को पार करने की हमारी सबसे अच्छी उम्मीद है। आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह चरमपंथियों से भरी हुई है जो मानवता पर नियंत्रण करना चाहते हैं। दुर्भाग्य से, आबादी का एक बड़ा हिस्सा अब ऐसे गुटों से प्रभावित है जो अपनी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक या धार्मिक मांगों को पूरा करने के लिए आंदोलनकारी दृष्टिकोण अपनाते हैं। उन्हें चरमपंथी इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे संयम को त्याग देते हैं, अति-सक्रियता का सहारा लेते हैं और कई मामलों में अत्यधिक हिंसा करते हैं। ये समूह यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं कि उनकी आवाज़ सुनी जाए और अधिकारियों द्वारा उनकी माँगें पूरी की जाएँ। वे सार्वजनिक शांति को बाधित करते हैं और उनकी गतिविधियाँ अति-मुखरता, कठोर रवैये और अन्य समुदायों या समूहों के विचारों और हितों के प्रति प्रशंसा की कमी को दर्शाती हैं। इस प्रक्रिया में, अक्सर जिस चीज़ की बलि दी जाती है, वह है संवाद या आपसी समझ की कोई संभावना, जिससे प्रतिशोध और आक्रोश का चक्र चलता है।

आज के समाज पर करीब से नज़र डालने से पता चलता है कि, कुछ हद तक, हम सभी किसी न किसी तरह से चरमपंथी हैं। विज्ञान और तकनीक अपने चरम की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। व्यापार, वाणिज्य और उपभोक्तावाद ने वैश्विक, विस्तृत रूप धारण कर लिया है, जो बहुराष्ट्रीय और मेगा-स्केल बन गया है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों ने प्रभाव और नियंत्रण के ऐसे स्तर हासिल कर लिए हैं जो कभी अकल्पनीय थे। कॉर्पोरेट विस्तार और एकाधिकारवादी व्यवहार नैतिकता की सीमाओं को आगे बढ़ाते रहते हैं, जिससे



अक्सर छोटे व्यवसायों को जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

अनियंत्रित औद्योगिक विस्तार और कुछ लोगों के स्वार्थ के कारण पर्यावरण प्रदूषण विनाशकारी अनुपात तक पहुँच गया है। संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को कगार पर धकेला जा रहा है, और जलवायु परिवर्तन अब एक गंभीर वैश्विक संकट बन गया है। कुछ व्यक्ति और निगम ग्रह के भविष्य की कीमत पर लाभ कमा रहे हैं। इंटरनेट का बढ़ता उपयोग सूचनाओं की भारी बाढ़ में योगदान दे रहा है। शहरों और परिवहन नेटवर्क के तेजी से विस्तार ने भी अराजकता का अपना हिस्सा लाया है। जबकि इन चरम सीमाओं को विकास के संकेत के रूप में देखा जा सकता है, वे जीवन की गुणवत्ता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सामंजस्य के क्षरण सहित महत्वपूर्ण व्यापार-नापसंद के साथ आते हैं। हालाँकि, इन सभी चरम सीमाओं के बीच, सबसे अधिक चिंताजनक प्रवृत्ति क्रोध, ईर्ष्या, घृणा, हिंसा, लालच और वासना का उदय है। ये भावनाएँ नियंत्रण से बाहर हो रही हैं, जिससे पारिवारिक संरचना और सामाजिक सद्भाव में गिरावट आ रही है। उपभोक्तावाद, व्यवसायिकता और भौतिकवाद समाज के ताने-बाने को आकार दे रहे हैं, लोगों को यह विश्वास दिला रहे हैं कि उनका मूल्य उनके पास जो है उससे जुड़ा है, न कि वे कौन हैं। भौतिक सफलता की इस खोज ने कई लोगों को आध्यात्मिक रूप से दरिद्र बना दिया है, वे अपने भीतर से अलग हो गए हैं और सतही लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं जो स्थायी संतुष्टि प्रदान करने के लिए बहुत कम हैं।

वर्तमान रुझान हमें चिंता का कारण देते हैं, क्योंकि हम बढ़ते विभाजन, सामाजिक अशांति और हमारे पर्यावरण के क्षरण को देखते हैं। अब सवाल यह है- टूटने के बिंदु तक पहुँचने से पहले हम इस रास्ते पर कब तक चलते रह सकते हैं? ऐसे समय में, जब आत्म-नियंत्रण और संयम लगभग गायब हो गए हैं, और अतिवाद आदर्श बन गया है, हमें सीखना चाहिए कि अपने भीतर की शांति और संतुलन को कैसे बहाल किया जाए। मूल्यों के साथ योग ध्यान, इन अशांत समयों को नेविगेट करने की हमारी सबसे अच्छी उम्मीद है। ध्यान हमें आत्म-नियंत्रण, शांति और संतुलन की स्थिति में लौटने में मदद कर सकता है। यह मन को शुद्ध करता है और शांति की हमारी गहरी प्यास को बुझाता है। ध्यान और नैतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों की खेती के माध्यम से, व्यक्ति जीवन में पूरी तरह से व्यस्त रहना सीख सकते हैं, फिर भी भौतिक लालसाओं से अलग रह सकते हैं। वे लालच और अतिरेक के आगे झुके बिना दुनिया में योगदान दे सकते हैं, भौतिक सफलता और आध्यात्मिक कल्याण के बीच संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। तो, आइए हम योग और ध्यान को एक दैनिक अभ्यास बनाएं, न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया में हमारे द्वारा सामना किए जाने वाले अतिवाद से निपटने के लिए। केवल इस आंतरिक यात्रा के माध्यम से ही हम उस पवित्रता और शांति को पुनः प्राप्त कर सकते हैं जो आज की तेज़-तर्रार, अति-जुड़ी दुनिया में इतनी मायावी लगती है।

## आप की बात

### मोदी का नेतृत्व

**हरियाणा** व जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने मोदी के नतृत्व को नई ऊंचाइयां प्रदान की है। जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने जन-भागीदारी और बुलेट पर बैलेट को भारी बना दिया है। यह भारतीय लोकतंत्र की विजय है। कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग बेशक जोर पकड़ रही है मगर वहां सत्ता की बागडोर संभालने वाले दलों के घोषणा पत्रों को देखते हुए फ्लिहाल कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाना उचित नहीं होगा। यह दल पाक-परस्त हैं और उनके सत्ता में रहने से पाकिस्तानी आतंकवादियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। ऐसे में सत्ता के सूत्र उप-राज्यपाल के हाथों में ही सुरक्षित रहेंगे। दिल्ली में भी ऐसी ही स्थिति होने के बावजूद केजरीवाल ने जो गुल खिलाए हैं उससे सबक लेकर जम्मू कश्मीर की वर्तमान व्यवस्था बनाए रखना ही उचित होगा। जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल को अन्य पूर्ण राज्यों के राज्यपाल की तुलना में अधिक अधिकार प्राप्त हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी उप-राज्यपाल को ऐसे अधिकार देना उचित ठहराया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में बनने वाली सरकार केन्द्र से टकराव के बजाय राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा उसके त्वरित विकास पर जोर देगी जिसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काफी गति मिली है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### यूरोपीय संघ पर संकट

**31 जनवरी 2020** को ब्रिटेन ने जो कारण बताकर यूरोपीय संघ की सदस्यता विधिवत छोड़ी थी, लगता है वही अब इस संगठन में टूट का कारण बनने जा रहा है। क्षेत्रीय आर्थिक असमानताओं व सांस्कृतिक कारणों के साथ लंबे समय से आर्थिक गिरावट से पीड़ित बहुत से लोग अप्रवासी-विरोधी और यूरोपीय संघ-विरोधी विचारों को अपनाने लगे हैं। आज भी संघ के भीतर कई देशों में वह विचार पनप रहा है कि यूरोपीय संघ की सदस्यता के कारण राष्ट्रीय संप्रभुता में कमी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इसके साथ ही उनको जटिल नौकरशाही का सामना करना पड़ रहा है जिससे सांस्कृतिक और पहचान संबंधी चिंताएँ सताने लगी हैं, प्रवास संबंधी चिंताएँ बढ़ने लगी हैं तथा आर्थिक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। अब यूरोपीय संघ के कई देश अंतररिक सुरक्षा का हवाला देकर अपने अपने देश की सीमाओं को एक निश्चित समय के लिए बंद करने का ऐलान कर रहे हैं। इनमें स्वीडन, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवानिया, इटली, नॉर्वे व फ्रांस शामिल हैं। कई देश चीनी आयतों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी संघ के फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यूरोपीय संघ पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चुनाव परिणाम

**हरियाणा** व जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद स्पष्ट है कि हरियाणा में भाजपा व जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस पूर्ण बहुमत की सरकार बना रहे हैं। हरियाणा की जनता ने एग्जिट पोल के उलट नतीजे दिए हैं। कांग्रेस 37 सीट पर सिमट गई, जबकि बीजेपी ने आश्चर्यजनक रूप से 48 सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बीजेपी को बड़ा नुकसान कश्मीर संभाग में हुआ है जहां नेशनल कांफ्रेंस ने पीडीपी को भी पछाड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में अप्रत्याशित रुख अख्तियार करते हुए कांग्रेस ने हरियाणा के परिणाम को सिरे से खारिज करते हुए शासन तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटायेगी। हरियाणा के चुनाव परिणामों को देखते हुए महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली व बिहार के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अपनी रणनीति पूरी तरह बदलनी होगी। अब भाजपा अति-उत्साह से काम करेगी। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो जम्मू कश्मीर के चुनाव सफ्लतापूर्वक बिना हिंसा के संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग, भारत सरकार, जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल, पुलिस तथा सेना व अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### भाजपा की विजय

**राजनीतिक विश्लेषक** और एग्जिट पोल मैनेजर पक्षपातपूर्ण मिथकों के साथ भविष्यवाणी कर रहे थे, क्योंकि उन्हें शायद हरियाणा में भाजपा से एलर्जी थी। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा ने न केवल प्रचंड बहुमत हासिल किया है बल्कि उसके द्वारा विकास परियोजनाओं को दी गई गति भी मतदाताओं को बहुत पसंद आई है। इस प्रकार भाजपा बहुसंख्य जनता की उम्मीदों पर खरी उतरी और देश में डबल इंजन वाली सरकारें सबसे ज्यादा पसंद की गईं। सत्ता-विरोधी लहर भी राज्य में भाजपा को कमजोर नहीं कर सकी। मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को पूरे राज्य में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए याद दिलाया कि हरियाणा राज्य बनने के बाद पहली बार दो कार्यकाल पूरे करने के बाद किसी पार्टी को ज्यादा सीटों और ज्यादा मत-प्रतिशत से जनता का आर्शीवाद मिला है। हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक विजय से उत्साहित कार्यकर्ता आगामी चुनावों में भी पार्टी को विजय दिलाएंगे।

**युगल किशोर शर्मा,** फरीदाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# राप्ती नदी को चैनलाइज्ड करते हुए बाढ़ का करें स्थायी समाधानः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बलरामपुर में की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बलरामपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) , मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ऑपरेशन कायाकल्प, स्कूल चलो अभियान, जल जीवन मिशन, गोवंश टीकाकरण-ईयर टैगिंग, गोवंश संरक्षण, बाढ़ निरोधक कार्यों, वृक्षारोपण महाअभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान समेत जनपद की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर बाढ़ प्रभावित जनपद है। बाढ़ रोकने के लिए स्थाई समाधान निकाला जाए। इसके लिए राप्ती नदी को चैनेलाइज किए जाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जनपद के सभी



संपर्क मार्ग अच्छी स्थिति में हों। सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। नई सड़क व सेतु के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्ताव बनाकर भेजें, शासन से तुरंत धनराशि प्रदान की जाएगी। सीएम ने भूमि चिह्नित कर नए बृहद गोवंश संरक्षण केंद्र बनाए जाने एवं कंप्रेस्ड बायो गैस इत्यादि का उत्पादन भी किए जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि दुर्गापूजा, रामलीला, दीपावली, छठ समेत सभी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराएं। माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर कतई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बिजली व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीएम का माफिया पर कार्रवाई को लेकर भी जोर रहा। उन्होंने कहा कि जनपद के टॉप 10 माफिया को चिह्नित करें और उन पर कड़ी कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की जाए। सीएम ने महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बढ़ते जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूलों-कॉलेज आदि पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगा हो। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि पर कड़ी निगरानी रखे जाने का भी निर्देश दिया। सीएम ने निर्देश दिया कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो। यहां के युवाओं को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके लिए सरकार यहां इसका निर्माण करा रही है। सीएम ने कहा कि निर्माण कार्य की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाए। योगी ने कहा कि बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ आमजन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित हो। थारू जनजाति ग्रामों के साथ साथ अनुसूचित जाति ग्रामों में भी कैंप लगाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रता के आधार पर दिलाया जाए। वहीं जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप डालने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। खुदाई के बाद सड़कों को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। सड़कें खुदी दिखने पर जिम्मेदारी तय की जाए।

सीएम का राजस्व वादों के निस्तारण पर भी जोर रहा। उन्होंने प्रशासनिक अफसरों से कहा कि अभियान चलाकर राजस्व वादों का निस्तारण करें। ऐसी जगहों पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम भी मौजूद रहे, जिससे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना न करना पड़े। पांच वर्ष से पुराने कोई भी राजस्ववाद लंबित न रहें। योगी आदित्यनाथ ने प्लेज पार्क स्थापित करने के साथ ही जनपद में औद्योगिक गतिविधियों व रोजगार सृजन को निरंतर बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास पर जोर दिया। उन्होंने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के निर्देश दिया। यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

### निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण



**मुख्यमंत्री** योगी ने दो दिवसीय दौरे के दौरान बुधवार को निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह विश्वविद्यालय मां पाटेश्वरी के नाम पर बनाया जा रहा है। कार्य में तेजी लाते हुए समयबद्ध ढंग से इसे पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर वहां की स्थितियों का भी जायजा लिया। उन्होंने इसे जल्द प्रारंभ करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने सैटेलाइट सेंटर का भी हाल जाना।

## धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर नौ टेथर्ड ड्रोन की खरीद के लिए 4.61 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करेगी। वर्ष 2025 में प्रस्तावित महाकुंभ मेले सहित अयोध्या, गोरखपुर आदि अहम धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए यूपी पुलिस नौ नए टेथर्ड ड्रोन खरीदने जा रही है। इसके लिए यूपी पुलिस की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर गृह विभाग ने न सिर्फ मुहर लगा दी है बल्कि खरीद के लिए शासन ने 4.61 करोड़ रुपए की मंजूरी भी प्रदान कर दी है। एक टेथर्ड ड्रोन की कीमत 51,33,000 रुपये प्रस्तावित की गई है। इस हिसाब से नौ ड्रोन खरीदने के लिए 4,61,97,000 रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। खरीदे जा रहे टेथर्ड ड्रोन में से एक श्राइन यूनिट अयोध्या के लिए होगी जबकि एक गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की सुरक्षा में लगेगा। एक टेथर्ड ड्रोन का प्रयोग आगरा में ताजमहल की सुरक्षा में किया जाएगा। शासनादेश के मुताबिक, दो टेथर्ड ड्रोन आगामी कुंभ मेले की सुरक्षा में रहेंगे। जबकि, दो वीवीआईपी सुरक्षा में और दो सुरक्षा मुख्यालय में रिजर्व में रहेंगे। टेथर्ड ड्रोन का ज्यादातर इस्तेमाल सेना बॉर्डर की निगरानी के लिए करती है। टेथर्ड ड्रोन के जरिए आसमान से करीब ढाई किलोमीटर की रेंज की निगरानी की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री ने 728 चकबंदी लेखपालों को दिया दिवाली तोहफा, प्रोन्नत कर बनाया कानूनगो

● आठ साल से प्रमोशन का था इंतजार, अब चकबंदी के कार्यों को मिलेगी रफ्तार, किसानों को होगा बड़ा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने 8 साल बाद प्रदेश के प्रतिक्षारत चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी है। प्रदेश के 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रमोट किया गया है। सीएम योगी का यह महत्वपूर्ण कदम न सिर्फ अधिकारियों के करियर में एक नया अध्याय जोड़ेगा, बल्कि प्रदेश के किसानों के भूमि संबंधी विवादों के निपटारे में भी तेजी आएगी। इससे राज्य का कृषि क्षेत्र समृद्ध होगा और किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी।

चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश में भूमि विवाद और चकबंदी की समस्या के त्वरित निपटारे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंभीर प्रयास कर रहे हैं। 2016 से प्रदेश के विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण भूमि पुनर्संयोजन और चकबंदी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इससे किसानों की भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में देरी हो रही थी और भूमि सुधार के प्रयासों को भी नुकसान पहुंच रहा था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया, जिसके माध्यम से 728 योग्य चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी गई है। इस पदोन्नति प्रक्रिया में बरेली जिले के 60 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो बनाया गया है, जो प्रदेश में सबसे अधिक संख्या है। इसके बाद कन्नौज में 41, मुरादाबाद में 35, गोरखपुर में 32 और ललितपुर में 25 चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति मिली है। यह निर्णय इन जिलों में चकबंदी प्रक्रिया को नई ऊर्जा देगा और किसानों की भूमि संबंधी समस्याओं का तेजी से निपटारा किया जा सकेगा। चकबंदीकर्ता के पदों पर नियुक्ति से प्रदेश में भूमि सुधार और चकबंदी की प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने में सहायता मिलेगी। भूमि का पुनर्संयोजन यानी चकबंदी, किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके खेतों को एकत्रित कर उन्हें बेहतर तरीके से उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है। भूमि का सही ढंग से पुनर्संयोजन होने से किसानों की उत्पादकता में वृद्धि होगी और कृषि की दिशा में राज्य का विकास होगा।

# प्रदेश में किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द न बिगड़ेः मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्य सचिव व डीजीपी ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ने देना है। आज शाम से ही पुलिस और प्रशासन की उपस्थिति सार्वजनिक स्थलों पर दिखनी चाहिए। कमिश्नर व एडीजी, डीएम व एसएसपी, एडिशनल एसपी व एडीएम अर्थात लगातार पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में अलग-अलग दिन फोर्स के साथ ज्वाइंट फुट पेट्रोलिंग की जाये। शहरों, कस्बों व खासतौर पर उन इलाकों में जहां पर पण्डाल आदि लगे हुए हैं, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली का रिव्यू कर इसे और सुदृढ़ बनाया जाये। पीआरवी वाहन लगातार भ्रमणशील रहें, उनकी उपस्थिति सड़कों पर दिखनी चाहिये। त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का अवकाश स्वीकृत न किया जाये। उन्होंने कहा कि भड़काऊ भाषण देकर प्रदेश का माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों से सख्ती से निपटा जाये।

### पीआरवी वाहन से भ्रमण के दौरान किया जाए फ्लैशर लाइट व हूटर का प्रयोगः डीजीपी

**पुलिस** महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि पुरुष एवं महिला बीट भ्रमणशील रहें। पीआरवी वाहन द्वारा भ्रमण के दौरान फ्लैशर लाइट व हूटर का प्रयोग किया जाये। आयोजकों से सम्पर्क व समन्वय बनाया रखा जाये। ड्रोन आदि से लगातार मॉनीटरिंग रखी जाये। त्योहारों में प्रिकॉशन व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। पुलिस विभाग में मैनपावर की कहीं कोई कमी नहीं है। प्रत्येक स्तर तक सभी पुलिस कर्मियों को सक्रिय कर उनकी पूरी क्षमता के अनुरूप कार्य लिया जाये। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 में पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिये 9 अभियानों पर पूरी सक्रियता से कार्य किया जाये। महिला पुलिस अधिकारी गर्ल्स हॉस्टल का विजिट कर सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल करें। वार्डेन के सम्पर्क में रहें। हॉस्टल में रह रही छात्राओं को जागरुक करें और थाना आदि के नम्बर उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह सम्पर्क कर सकें। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करा लिया जाये। अर्बन नक्सल पर इंटेलीजेन्स के माध्यम से नजर रखें और कार्रवाई करें। एडीजी ला एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि त्योहारों में नकबजनी व चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे स्थान जहां बीते वर्षों में चोरी व नकबजनी जैसे अपराध हुए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाये। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए वान्टेड क्रिमिनल की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जाये। बैठक में सचिव गृह संजीव गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आज से शनिवार तक विशिष्ट अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**शिवावतार** गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आनुष्ठानिक कार्यक्रम गुरुवार से और विशिष्टता की ओर अग्रसर होंगे। गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी (गुरुवार) की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना की थी। इसके बाद के नियमित नवरात्र पूजन के अनुष्ठान उनके प्रतिनिधि के रूप में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ द्वारा किए जा रहे हैं। अष्टमी की तिथि के मान से लेकर विजयादशमी तक गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ स्वयं आराधना व आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए उपस्थित रहेंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर गुरुवार (10 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। गोरक्षपीठ में शुक्रवार (11 अक्टूबर) को पूर्वाह्न 11 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे।

# भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए जाटों ने बसपा की जगह कांग्रेस को वोट दिया : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** नेता मायावती ने बुधवार को इस बात पर अफसोस जताया कि हरियाणा में जाट समुदाय ने विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को वोट नहीं दिया। उन्हें लगता है कि दलितों के बारे में उनकी (जाटों की) मानसिकता बदलने की जरूरत है।

बुधवार को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आईं मायावती ने इस बात पर अफसोस जताया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के साथ गठबंधन उनकी पार्टी के लिए लाभदायक नहीं रहा। मायावती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने और उसे सत्ता से बाहर रखने के लिए हरियाणा में जाट समुदाय ने कांग्रेस को वोट दिया, लेकिन इस प्रक्रिया में उन्होंने बसपा को छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दलित वोट जहां इनेलो की ओर चले गए, वहीं जाटों के मत उनकी पार्टी को नहीं मिले। उन्होंने कहा कि बसपा उम्मीदवारों को केवल दलित वोट मिले। अगर हमें दो से तीन प्रतिशत जाट वोट भी मिल जाते तो हम कुछ सीटें जीत सकते थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के प्रति जाट समुदाय की मानसिकता में बदलाव आया है, लेकिन हरियाणा में ऐसा होना अभी बाकी है। इनेलो ने राज्य में दो सीटें जीतीं, जबकि बसपा को एक भी सीट नहीं मिली। सत्ता विरोधी लहर के बावजूद सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाई और सत्ता बरकरार रखी तथा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की कोशिशों को विफल कर दिया। अगले वर्ष फरवरी में दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए मायावती ने उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ आप, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला बसपा को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगा। मायावती ने स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश से इतर अन्य राज्यों में बसपा को प्रत्यक्ष मुकाबलों में नुकसान उठाना पड़ता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बसपा अगले महीने महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले चुनाव भी लड़ेगी।

# सपा ने उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। समाजवादी पार्टी ने जो लिस्ट जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान। लिस्ट में दो मुस्लिम प्रत्याशियों के साथ पीडीए का ख्याल तो रखा गया है लेकिन ज्यादातर टिकट नेताओं के परिवार को ही दिए गए हैं। समाजवादी पार्टी ने जिन 6 सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान किया है, उनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज (इलाहाबाद) की फूलपुर, अयोध्या (फैजाबाद) की मिल्कीपुर, अम्बेडकर नगर की कटेहरी और मिर्जापुर की मझवां सीट शामिल है। इस लिस्ट में अखिलेश यादव के भतीजे, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। इस बार के उपचुनाव में सबसे ज्यादा हॉट सीट अयोध्या की मिल्कीपुर को माना जा रहा है। ये वही सीट है, जहां से अवधेश प्रसाद विधायक थे, जिन्होंने अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर भाजपा को बड़ा झटका दिया था। अब उनके सांसद बनने से खाली हुई मिल्कीपुर की सीट पर अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को सपा ने टिकट दिया है। मैनपुरी की करहल सीट अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के कारण खाली हुई है। करहल से सपा ने तेज प्रताप सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया है। ये मुलायम परिवार के ही सदस्य हैं। मैनपुरी से सांसद रह चुके हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट की करें तो यहां से सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी काफी समय से जेल में हैं। उनकी विधायकी रद्द होने के कारण ये सीट खाली हुई है। समाजवादी पार्टी ने उपचुनाव के लिए इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को टिकट दिया है। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की बात करें तो समाजवादी पार्टी ने यहां से मुस्तफा सिद्दीकी को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह अम्बेडकर नगर से कटेहरी सीट सपा के दिग्गज नेता लालजी वर्मा के अंबेडकर नगर से सांसद जीत जाने के कारण खाली हुई है। इस सीट पर अखिलेश यादव ने लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा पर विश्वास जताया है। मिर्जापुर की मझवां सीट की बात करें तो 2022 में यहां से बीजेपी और निषाद पार्टी के गठबंधन के तहत विनोद बिंद ने जीत दर्ज की थी। वह अब भदोही से सांसद हो चुके हैं और समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर कब्जा करने के लिए डॉ ज्योति बिंद को टिकट दिया है। बता दें डॉ ज्योति बिंद भदोही के पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ऐन पहले रमेश बिंद ने भाजपा छोड़ दी थी और सपा में शामिल हो गए थे। उन्हें सपा ने मिर्जापुर से टिकट दिया था, हालांकि अनुप्रिया पटेल ने उन्हें मात दे दी थी।

# 46वें इण्डक्शन प्रशिक्षण कोर्स के 10 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीजीपी से की भेंट



**लखनऊ।** डीजीपी प्रशान्त कुमार से बुधवार को पुलिस मुख्यालय में भारतीय पुलिस सेवा के 46वें इण्डक्शन प्रशिक्षण कोर्स के 10 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। 46वें आईपीएस इण्डक्शन प्रशिक्षण कोर्स के 10 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा मुख्यालय भेंटवार्ता भ्रमण, प्रशिक्षण हेतु आगमन किए हैं। यह प्रशिक्षु आईपीएस महाराष्ट्र, गुजरात व आन्ध्रप्रदेश कैडर के हैं। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा पुलिस मुख्यालय स्थित नियन्त्रण कक्ष, तकनीकी सेवाएं, फायर सर्विस मुख्यालय के साथ-साथ सोशल मीडिया सेन्टर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर 24 गुणे 7 मॉनीटरिंग किये जाने तथा सोशल मीडिया सेन्टर की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उनका मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एण्ड मैनुवल, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या में बनेगा विश्व रिकार्ड, इस बार 25 लाख से अधिक दीए जलाने की तैयारी

## 55 घाटों पर दीप प्रज्वलन के जरिए दिखेगी दिव्य आभा, 90 हजार लीटर तेल का होगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**अयोध्या** में प्रभु रामलला के नव मंदिर में विराजित होने के बाद पहली दीपावली बेहद भव्य और दिव्य होने जा रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में में सकल विश्व में एक यूनीक इवेंट के तौर पर अपनी पहचान बना चुके अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में इस बार भी नया विश्व रिकॉर्ड कायम करने की तैयारी है। रामनगरी में छोटी दीपावली पर 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित होंगे जिसकी अगुआई खुद डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल कर रही हैं। उनके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाने की तैयारी की है, जिनकी मदद से सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अयोध्या धाम का नाम दर्ज होगा। खास बात ये है कि 25 लाख दीए जलाने का लक्ष्य हासिल करने के



लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव ऐतिहासिक बनाया जायेगा। आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कमर कस ली है। दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 15 अक्टूबर तक सहभागिता हेतु पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों के दीपोत्सव आईकार्ड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा। दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर नोडल समन्वयक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि राम पैड़ी के 55 घाटों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 25 लाख दीए प्रज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर 28 लाख दीए बिछाये जायेंगे, जिसके लिए 30 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेंगे। विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ शामिल है। विश्वविद्यालय द्वारा मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। 17 या 18 अक्टूबर से घाटों पर कर्मियों द्वारा मार्किंग का कार्य होगा। योजना के अनुसार, राम की पैड़ी के सभी घाटों पर 16 गुणे 16 ब्लॉक में 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों का तेल पड़ेगा। सभी दीयों में कुल मिलाकर 90 हजार लीटर सरसों के तेल लगेगा जिसके इंतेजाम के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण का कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों का आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा। 26 अक्टूबर से घाटों पर दीए की खेप पहुंचनी शुरू हो जायेगी। 27 अक्टूबर से स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर दीए बिछाने के साथ 30 अक्टूबर को दीए प्रज्वलित करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे।

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि जिला प्रशासन व विवि के सहयोग से दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# इन्वेस्ट यूपी ने पूरी की चयन प्रक्रिया, 33 उद्यमी मित्रों की जल्द ही होगी नियुक्ति

● संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार जल्द ही 33 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में 20 नव सृजित और 13 पूर्व रिक्त पदों के लिए इन्वेस्ट यूपी ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। उद्यमी मित्र के तौर पर 33 चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में सीएम योगी ने पहली बार 102 उद्यमी मित्रों की तैनाती की थी। इसके पीछे सीएम योगी का विजन था कि वह प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करते हुए तमाम समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा 33 उद्यमी मित्रों की तैनाती के जरिए प्रदेश में निवेश सरलीकरण की प्रक्रिया को और गति मिलेगी। चयनित अभ्यर्थी इन्वेस्ट यूपी की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करके रिजल्ट देख सकते हैं। इन्वेस्ट यूपी द्वारा जिन 33 सफल अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी की गई है उनमें पुलकित त्यागी, अंशुमान प्रताप सिंह, प्रणव मिश्रा, देवेश कुमार यादव, संतोष राठौर, उज्जवल गौड़, शाहरुख सलीम, दिव्यांस कुमार ओझा, अमोल त्रिपाठी, अतुल बाजपेयी, दिलीप सिंह तोमर, सुधांशु सिंह, तुषार सिंह, ललित मोहन जोशी, नुपुर उपाध्याय, शिवांगी सिंह, आकाश कुमार राय, आयुष गुप्ता, अक्षित नौटियाल, कुलदीप सिंह, तोशेन्द्र कुमार मिश्रा, रोहित कुमार, मीत मधुर, सौरभ कुमार, अर्पित सिंह, गौरव राज सिंह, अभिन्न मिश्रा, कमोद सिंह यादव, दुर्गेश सिंह, मनीष तिवारी, पुनीत शर्मा, ईशानी श्रीवास्तव व यशी चौहान शामिल है। इन सभी की ट्रेनिंग प्रक्रिया भी इन्वेस्ट यूपी द्वारा की जाएगी जिसके बाद इनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मेसर्स एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की सब्सिडी जारीः** योगी सरकार ने एक अन्य अहम फैसले में लखनऊ के एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की धनराशि सब्सिडी के तौर पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# भाई ने सुपारी देकर कराई थी बहन की हत्या, पुलिस ने मामले का किया खुलासा

**हमीरपुर।** दो सप्ताह पहले जरिया क्षेत्र में अपहरण कर महिला की हत्या कर चलती कार से फेंक देने व दो बच्चों को मार डालने का प्रयास करने के मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। जांच में साले के साथ बहन का प्रेम प्रसंग होने के बाद उसके संग शादी करने से नाराज चल रहे भाई ने दस लाख रुपये की सुपारी देकर अपने ही बहन की हत्या करा डाली। हत्यारे भाई व उसके साथी को जेल भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपित चतुर सिंह व वीर सिंह को अभी तक पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

सर्विलांस के माध्यम से आरोपितों को पकड़ने में सफलता मिली है। बीती 21 सितंबर को सूरज सिंह का परिवार चित्रकूट दर्शन के लिए निकला था। इस दौरान पहले सूरज का गला कसकर मारने का प्रयास किया गया। जिस पर वह कार से कूद गया। इसके बाद उसके बेटे को आरोपितों ने हाईवे पर चलती कार से फेंक दिया था। सूरज की पत्नी मीनू उर्फ अमन की भी आरोपितों ने बेल्ट से गला कसकर हत्या कर दी थी और एक मासूम बच्ची को सड़क किनारे उतारकर भाग गए थे। आरोपितों की तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। महिला के भाई धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामसजीवन निवासी खलीलपुर बाराजोर थाना अकबरपुर कानपुर देहात व कार चालक के फूफा जगमोहन उर्फ कल्लू पुत्र राम सिंह यादव निवासी महकापुर थाना सट्टी कानपुर देहात को पुलिस ने गोहांड तिराहे के पास से गिरफ्तार करते हुए उनसे पूछताछ की। जिसमें मृतका के भाई धर्मेंद्र सिंह ने बताया वह वादी सूरज सिंह का सगा बहनोई था। सूरज की बहन विमला का विवाह धर्मेंद्र के साथ वर्ष 2007 में हुआ था तभी से सूरज का आना जाना धर्मेंद्र के परिवार में हो गया। मीनू का विवाह लल्लू सिंह निवासी कथरी थाना सट्टी के साथ वर्ष 2002 में हो चुका था। इसके बाद भी धर्मेंद्र की छोटी बहन मीनू उर्फ अमन यादव से सूरज के संपर्क बढ़ गए और दोनों के बीच प्रेम हो गया। मीनू अपने पति के साथ जालौन में सपरिवार रहती थी। लेकिन सूरज से प्रेम होने के बाद वह सूरज के साथ उरई से गुजरात चली गई और दोनों लोग साथ रहने लगे। बहन की इस हरकत से गांव में उसकी काफी बदनामी हुई। जिसके चलते उसने अपनी बहन की हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस की पूछताछ में धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी चतुर सिंह से मुलाकात हुई। चतुर सिंह व वीर सिंह ने हत्या करने के लिए धर्मेंद्र से दस लाख रुपये की सुपारी लेकर सौदा तय कर लिया और चित्रकूट दर्शन कराने के बहाने उसकी बहन की हत्या कर डाली।

## जानवर से टकराने के बाद बाइक सवार मामा की मौत, भांजा घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** भांजे के साथ पत्नी को लेने ससुराल जा रहे युवक की बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक जानवर से टकरा गई। इस हादसे में मामा की मौत हो गई। जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जालौन के डकोर थाना अंतर्गत कुसमीलिया गांव निवासी उर्मिला प्रजापति एक माह से जनपद बांदा के मटौंध गांव स्थित मायके में रह रही थी। 27 वर्षीय पति महेश्वरीदीन प्रजापति सरीला गांव के भांजा विजय के साथ उर्मिला को लेने के लिए मंगलवार को बाइक से जा रहे थे। सुवह जरिया थाने के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे खंड संख्या 109 पर बाइक जानवर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार मामा भांजे घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ चंद्रशेखर राजपूत ने महेश्वरीदीन को मृत घोषित कर दिया। घायल विजय ने बताया कि मामी उर्मिला एक माह से मायके में थी। लेने के लिए मामा के साथ जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**राठ( हमीरपुर )।** मझगवां थाने के नहदौरा गांव में शौच क्रिया के लिए खेत में गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते विद्युत खम्भे में आ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।गांव के संतोष कुमार(46) पुत्र श्रीपत बुधवार को शौच क्रिया के लिए खेत में गया था। तभी उसी दौरान वहां पर लगे विद्युत पोल में आ रहे करंट की की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र दीपक ने बताया कि उसके पिता के पास तीन खेती है। किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पति की मौत पर पत्नी बबली का रो रोकर हाल है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# जिला टास्क फोर्स बाल एवं बधुआ श्रम समिति की बैठक सम्पन्न

**बाँदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स बाल एवं बधुआ श्रम समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम परिवर्तन अधिकारी को बाल एवं बधुआ श्रम के अन्तर्गत पाये जाने वाले बच्चों को शैक्षिक सुविधा एवं उनका पुनर्वासन किये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारीए पीओ डूडा के सहयोग से कराये जाने के निर्देश को दिये। उन्होंने बाल एवं बधुआ श्रम के अन्तर्गत निरन्तर नजर रखने एवं प्रवर्तन कार्य के द्वारा चेकिंग किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये। उन्होंने बाल एवं बधुआ श्रम के लिए जनपद में रजत वर्मा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी बनाये जो के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बाल श्रमिकों को भी चिन्हित करते हुए उनके पुनर्वासन तथा शैक्षिक सुविधा हेतु



विद्यालयों में प्रवेश दिलाये जाने के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षाधिकारी एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिला प्रोबेसन अधिकारी को निर्देशित किया कि बधुआ श्रम व बाल श्रम में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय कराते हुए उन्हें आवश्यक सुविधायें दिलायें।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बाल संरक्षण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने के लिए विद्यालयों में जानकारी दिये जाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने बाल संरक्षण समितियों एवं चाइल्ड लाइन को भी सक्रिय करते हुए बाल श्रमए बाल विवाह तथा बालकों से सम्बन्धित सुरक्षा सुविधाओं को दिलाये जाने के लिए कार्य किये जाने पर विशेष जोर दिया।

## पर्व के अवसर पर असुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के द्वारा आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के अवसर पर असुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों के विकय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर सिंघाड़े का आटा कुटू का आटा सूखे मेवे व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप में पकाये गये केला एवं अन्य फल के भण्डारण विकय को प्रतिबन्धित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए है, जिसके अनुपालन में कानपुर देहात में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, द्वारा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों में कार्यवाही करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ रामतेज द्वारा स्थान गहिरा चौराहा, मैथा स्थित खाद्य कारोबारकर्ता राजेश कुमार पुत्र मूल चन्द्र से खाद्य पदार्थ साबूदाना का नमूना एवं स्थान झींझक से मे0 रघुनन्दन ट्रेडर्स प्रो0.पंकज राठौर से खाद्य पदार्थ. अरहर की दाल का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार गौड़ द्वारा स्थान किशौरा चौराहाए झींझक स्थित खाद्य कारोबारकर्ता अमित कुमार की दुकान से खाद्य पदार्थ साबुत हल्दी का नमूना एवं स्थान झींझक से मे0 रघुनन्दन ट्रेडर्स प्रो0.पंकज राठौर से खाद्य पदार्थ.गुड़ का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। इसके अतिरिक्त मे0 रघुनन्दन ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से 780 किग्रा गुड़ (अनुमानित मूल्य 35,490) सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम बिहारी द्वारा स्थान विजयपुर, स्थित खाद्य कारोबारकर्ता इरफान खान से खाद्य पदार्थ.किशमिश का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बरौर, स्थित खाद्य कारोबारकर्ता विजयकांत से खाद्य पदार्थ.मखाना का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में महिला छात्रावासों और रैन बसेरों की सुरक्षा पर बैठक

**● लायन्स क्लब के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण**



लायन्स क्लब के शपथ ग्रहण में मौजूद पदाधिकारी।

**फर्रूखाबाद।** लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी का अधिष्ठापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मंडल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सीए अनिल कुमार अरोड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लायन सपना अग्रवाल ?द्वारा ध्वज वंदना पढ़ी गई एवं लायंस क्लब के नैतिक सिद्धांतों को लायन सोनल टंडन द्वारा पढ़ा गया, चार्टर अध्यक्ष लायन राजन माहेश्वरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। गत वर्ष के सचिव लायन रचित टंडन ने अपनी सचिव आख्या प्रस्तुत की। इसी क्रम में अध्यक्ष लायन पंकज अग्रवाल ने पिछले वर्ष के सफल कार्यक्रमों के लिए अपने क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया। देवी अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय के नेत्रहीन बच्चों ने भजन प्रस्तुत किया।

अधिष्ठापन अधिकारी झांसी से आए पूर्व गवर्नर लायन प्रदीप अरोड़ा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन रचित टंडनए सचिव लायन विवेक अग्रवालए कोषाध्यक्ष लायन प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुदित टंडन,रविंद्र प्रताप सिंह, डॉ रवि रस्तोगी, योगेश साथ एवम सहसचिव अभिषेक रस्तोगी सहित सभी पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। अध्यक्ष लायन रचित टंडन ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा उनका प्रयास होगा कि क्लब ऊंचाइयां छू ले। डिस्ट्रिक गवर्नर लायन अनिल कुमार अरोडा ने लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उनके सदस्यों की सराहना करते हुए सदस्यों के मनोबल को बढ़ाया। भगवान ने हमे सक्षम बनाया है कि हम किसी की सेवा कर सके अत: हमें अपने संपूर्ण प्रयासों से समाज सेवा करनी चाहिए।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारन का पुरवा में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली वहीं मृतका के पिता ने पति सहित चार लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कुम्हारन का पुरवा गांव निवासी सलमान उर्फ मनीष की पत्नी सलमा उर्फ मनीषा ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के पिता जलील निवासी सरांय अख्तियार थाना सलवन जनपद रायबरेली ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी चार वर्ष पूर्व की थी जिस पर उसने बाइक दहेज में दी थी, लेकिन ससुरालीजनों ने बाइक वापस कर अपाचे बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पति, सास, देवर सहित चार लोगों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी।

## क्विक न्यूज

### 25 साल बाद हत्या के मामले में आरोपी दोषी करार

**फर्रुखाबाद।** बीते लगभग 25 साल पूर्व गोली मारकर हत्या किये जानें के मामले में आरोपी को फतेहगढ़ न्यायालय नें दोषी करार दिया दिया है। सजा की सुनवाई ले लिए 10 अक्टूबर की तिथि निहित की गयी है। गत 12 जनवरी 1999 को कोतवाली कायमगंज के ग्राम पचरौली निवासी राम सिंह पुत्र लायक राम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में मृतक राम सिंह के भाई सुखराम नें उसी दिन मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे कहा था कि सुखराम अपने भाई राम सिंह के साथ ग्राम हज्जू नगला निवासी रामफल के घर गये थे। जब दोनों भाई घर के आंगन में पंहुचे तो रामफल के पुत्र आत्माराम नें राम सिंह के पेट में तमंचे से गोली मार दीद्य जिससे राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। अपर सत्र न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल नें आरोपी आत्माराम को दोष सिद्ध किया है। सजा की सुनवाई के लिए 10 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है।

### घर में हुए विवाद के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद ।.** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नवादा निवासी रामबाबू के 20 वर्षीय पुत्र अर्पित से घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया तभी गुस्से में आकर अर्पित ने बुधवार सुबह 8. 00 बजे जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई घर वालों ने जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया ड्यूटी पर ताना डॉक्टर जय सिंह ने बताया जहरीला पदार्थ खाया हुआ 20 वर्षीय युवक अर्पित को लाया गया है भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बुनियादपुर कुआं खेड़ा निवासी प्रेम पाल का 28 वर्षीय पुत्र नानिकराम की बाइक में बुधवार सुबह 9 बजे गांव के पास ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जय सिंह ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक ननिकराम को लाया गया है भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### झुलसे किशोर की कानपुर में इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर में पांच दिन पूर्व पटाखा बनाते समय आग लगने से पिता-पुत्र की मौत के बाद कानपुर में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे भतीजे ने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि चार अक्टूबर को सातों धरमपुर निवासी चांद बाबू अपने पुत्र आसियान व भतीजे फैज पुत्र मुमताज के साथ पटाखा बना रहा था। तभी अचानक आग लग गई। मौके पर ही आसियान की मौत हो गई थी। वहीं दूसरे दिन कानपुर में इलाज के दौरान पिता चांद बाबू ने दम तोड़ दिया था जबकि भतीजा फैज जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा था। मंगलवार की देर शाम उसने भी दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकेती में फर्राटा पंखे के करंट की चपेट में आ जाने से लगभग 55 वर्षीय अधेड़ की हालत गंभीर हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सुकेती गांव निवासी लक्ष्मीनारायण का पुत्र बच्चन बाबू घरेलू काम करते समय अचानक फर्राटा पंखे से छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। सरकारी एंबुलेंस अधेड़ को इलाज के लिए ले जा रही थी तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लोडर की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलाना के समीप पैदल जा रहे 33 वर्षीय युवक को पीछे से आ रही लोडर ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र के बरई गढ़ा निवासी मोतीलाल का पुत्र रामू पैदल किसी काम से जा रहा था। वह कलाना के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रही लोडर ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### एसपी ने रिक्शा चालक को सम्मानित कर पेश की मिसाल

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बुधवार को एक गरीब रिक्शा चालक को सम्मानित कर इंसानियत की नई मिसाल पेश की। पुलिस के एक सिपाही के सामान की चार दिन रखवाली करने वाले रिक्शा चालक ने एसपी का आभार जताते हुए कहा कि उसे चार दिन की मजदूरी भी मिली और जिस सम्मान की उसने कभी कल्पना नहीं की थी वह भी मिला।

## पूजा में शामिल होने जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र की बस की टक्कर से मौत, एक घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** कुल देवी की पूजा में शामिल होने जा रहे बाइक सवार पिता पुत्रों की रोडवेज बस की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरे पुत्र को मामूली चोटे आयी है। राठ क्षेत्र के बसेला गांव निवासी रेशमा अहिरवार ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसके पति काशीराम अहिरवार (27) पुत्र शिवचरन छह वर्षीय पुत्र निखि चार वर्षीय पुत्र कार्या को बाइक से लेकर पनवाड़ी थाने के नकरा गांव निवासी चाचा रामकुमार के यहां कुल देवी की पूजा में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उसके पति गिरवर मोड़ के पास पहुंचे तो महोबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार महोबा डिपो बस ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसके पति व दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने पिता काशीराम व पुत्र कार्या को मृत घोषित कर दिया। वहीं निखिल को मामूली चोटें आईं हैं।

## एचटी लाइन की चपेट में आई वृद्धा की मौत



छतों से निकली हाईटेंशन व इनसेट में मृतक वृद्धा का फाईल फोटो।

**● परिजनों में कोहराम लोगों की भीड हुई एकत्र**

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्थानीय विद्युत केंद्र के निकट मौजूद घनी बस्ती के घरों के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बुधवार के शाम 5:30 बजे स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के मशीन रुम से नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर में बने घरों के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन की चपेट में आई 60 वर्षीय वृद्धा सितारा बेगम पत्नी स्वर्गीय अब्दुल वहीद की मौके पर ही झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे सहित मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पूर्व में सीमान्तनगर में करंट फैलनें की घटना की जॉच करनें आये छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी नें घनी बस्ती के ऊपर से निकलीं हाईटेंशन लाईनों का निरीक्षण कर हटवाये जाने के निर्देश दिये थे। समाचार लिखे जाने तक विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

## 300 किमी की पदयात्रा कर वृन्दावन पहुॅचेंगे अमन शर्मा

**● प्रसिद्ध सन्त प्रेमानन्द महाराज के प्रवचन से प्रभावित अमन सानिध्य पाने को हुये रवाना**

**रूरा, कानपुर देहात।** प्रसिद्ध अध्यात्मिक धर्मगुरू संत प्रेमानन्द जी महाराज के प्रवचन से प्रभावित युवा अमन शर्मा पैदल चलकर 300 किमी की यात्रा तय कर वृन्दावन पहुॅचेगें। वुधवार को व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू सहित कई युवाओं व व्यापारियों ने अमन शर्मा को फूल माला पहनाकर उन्हें कस्बे के धनीरामपुर गॉव स्थित प्रसिद्ध बालजी मॅदिर से वृन्दावन की ओर रवाना किया।

कस्बे के शास्त्रीनगर निवासी राजेन्द्र शर्मा के पुत्र अमन शर्मा अपने धार्मिक लगाव के चलते युवा वर्ग में रोल माडल बन कर उभरे है। धीरेन्द्र शास्त्री के भक्त अमन शर्मा उनके लगाव में कई लोगों को उनका अनुयायी बना चुके है। वृन्दावन के प्रसिद्ध सन्त प्रेमानन्द जी के विचारों




व प्रवचनों से प्रभावित हो अमन ने पद यात्रा कर उनका सानिध्य व आर्शीवाद प्राप्त करने का निर्णय लिया। वुधवार को अमन ने कई सर्मथकों के साथ गाजे व बाजे के साथ कस्बे के मुख्य बाजार होते हुये बालाजी मॅदिर धनीरामपुर पहुॅचे वहॉ व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू ने अमन को माला पहना कर उनका मुॅह मीठा कराया व उनको यात्रा की सफलता के लिये अग्रिम शुभकामनायें प्रेषित की। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोविन्द सिंह गौर गप्पू, राज गुप्ता, रोहित गुप्ता, विक्की शर्मा, मयॅग गुप्ता, आरव श्रीवास्तव, अॅशू श्रीवास्तव, लाभम गुप्ता, छोटू सैनी सहित कई युवक व व्यापारीगण मोजूद रहे।

## रूरा की रामलीला में सीता हरण सहित अन्य लीलाओं का हुआ मॅचन

**कानपुर देहात।** जनपद के केन्द्र में स्थापित महत्वपूर्ण रूरा कस्बे की 65 वें वर्ष में आयोजित की जा रही रामलीला में वुधवार को सीताहरण सहित अन्य लीलाओं का प्रभावी मॅचन आदर्श रामलीला मण्डल दिलीपनगर कानपुर नगर के कलाकारों द्वारा किया गया। इस मौके पर सूर्पनखा का अॅग भॅग, खरदूषण त्रिसरा सुबाहु वध की लीलाओं का भी मॅचन किया गया।

रूरा कस्बे के रामलीला मैदान में विगत 64 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, अबकी बार की रामलीला में नवीनता के साथ आयोजकों ने काला जादू, भजन संध्या व कवि सम्मेलन के अभिनव प्रयोग के साथ स्थानीय कलाकारों के स्थान पर कानपुर नगर की आदर्श रामलीला मण्डल के कलाकारों द्वारा रामलीला के विभिन्न प्रसॅगों का मॅचन किया जा रहा है। वुधवार की शाम को भगवान राम की सुन्दरता पर मोहित सूर्पनखा ने जब विवाह करने का प्रस्ताव दिया, भगवान राम द्वारा लक्ष्मण की ओर इशारा करने पर दैत्यराज रावण की बहिन सूर्पनखा जब लक्ष्मण की ओर बढी तो लक्ष्मण ने सूर्पनखा की नाक अपनी तलवार से काटकर उसका अॅग भॅग कर दिया। सूर्पनखा के अॅग भॅग के बाद खरदूषण, त्रिसरा सुबाहु वध व सीता हरण की लीलाओं का मॅचन किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया ने बताया कि गुरूवार की रात्रि को राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लॅका दहन की लीलाओं का मॅचन किया जायेगा, शुक्रवार को रामलीला के प्रसॅगों के मॅचन के साथ काला जादू का मैजिक प्रोग्राम आयोजित किया जायेगा, शनिवार को दशहरा के मौके पर रावण व अहिरावण वध के साथ रात्रि को भजन सॅध्या व रविवार को भगवान राम के नगर भ्रमण व अन्य लीलाओं के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

## नव शक्ति खेल प्रतियोगिताओं संचारी रोग नियंत्रण के तहत चलाया साफ सफाई अभियान लोगों को किया गया जागरूक

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 के मार्गदर्शन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ सफाई, एंटी लार्वा छिडकाव तथा अन्य संबंधित गतिविधियों को विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराया गया। इसके अन्तर्गत आज विकास खण्ड रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम कपराठा, ग्राम पंचायत गुजराई, ग्राम बिरसिंगपुरए नगर पंचायत मूसानगर आदि में साफ सफाई, नालियों की साफसफाईए नाड़ियों की कटाईए एन्टी लार्वा का छिड़काव, कूड़ा उठान आदि का कार्य किया गया। पशु पालन विभाग द्वारा विकास खण्ड मलासा क्षेत्र के ग्राम सभा बरौर में सूकर पालक के यहां संवेदीकरण के साथ ही लोगों को पम्पलेट आदि के माध्यम से जागरूक भी किया गया।

# डीएम ने कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा, दिए निर्देश

**● कन्या शक्ति वंदनः अष्टमी को 1100 कन्याओं का होगा सामूहिक पूजन कार्यक्रम**

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 10 अक्तूबर को मंडी समिति राजापुर में होने वाले कन्या शक्ति वंदन 1100 कन्याओं के सामूहिक पूजन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि माण् मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में 10 अक्टूबर को कृषि उत्पादन मंडी समिति में कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित होगाए जिसमें परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एकए दोए तीन की 1100 कन्याओं का पूजन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल शिरकत करेंगे। इसमें जिले के जनप्रतिनिधि शामिल भी होंगे।

डीएम ने आयोजन को भव्यए दिव्य बनाने के लिए अफसरो की भूमिका को रेखांकित किया। निर्देश दिए कि आयोजन के लिए सौपे गए दायित्वो का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाएं। बीएसए को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सभी 1100 कन्याएं स्कूल यूनिफॉर्म में शामिल होगी। बालिकाओं को लाने ले जाने के लिए 30 वाहन लगाए गए है। वाहनों की पार्किंगए ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा टीमें जलपान एवं भोजन गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता टीम में सक्रियता से काम करेगी।



डीएम ने कहा कि पांच बालिकाओं पर एक शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई है। यह शिक्षक बालिकाओं के अभिभावकों से मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क में रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के उपरांत जिले पर रिपोर्ट भेजेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया। बालिकाओं के लिए पंडाल में कूलर की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में शामिल सभी 1100 बालिकाओं को बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति से संबंधित प्रचार साहित्य प्रदान किया जाएगा।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने इस अनूठे एवं वृहद कार्यक्रम में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किए गए प्रबंध को भी रेखांकित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की नेतृत्व मार्गदर्शन में शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। उन्होंने मिनट टू मिनट कार्यक्रम के लिए अधिकारियों का दायित्व निर्धारित भी किया। डीपीओ लवकुश भार्गव ने कार्यक्रम की रूपरेखा को रेखांकित किया।

### डीएम ने 15 ब्लॉको को तीन सुपर जोन में बांटा

डीएम ने कार्यक्रम के सुगम एवं सफल संपादन हेतु 15 ब्लॉकों को तीन सुपर जोन में बाट कर नोडल अधिकारी भी तैनात किए है। प्रथम सुपर जोनः लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड़, बेहजम, कुंभी। (जोनल अधिकारी डीसी मनरेगा), द्वितीय सुपर जोनः बिजुआ, बांकेगंज धौरहरा, ईसानगरए रमियाबेहड़ (जोनल अधिकारी.पीडी डीआरडीए) और तृतीय सुपर जोन रू मोहम्मदी, पसगवां, मितौली, पलिया, निघासन (जोनल अधिकारी डीसी एनआरएलएम)। सभी बीडीओ को ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गयाए जो संबंधित बीईओ से समन्वय रखेंगे।

# महाराष्ट्र में महायुति बड़ी जीत दर्ज करेगी: शिंदे

**भाषा।** मुंबई



**मुख्यमंत्री** एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, राज्य में सत्तारूढ़ महायुति को प्रचंड बहुमत दिलाएगी। शिंदे ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों ने वोट हासिल करने के लिए झूठे विमर्श, जातिवाद की राजनीति और झूठे वादों का सहारा लिया, लेकिन बुलबुला फूट गया। शिंदे ने कहा, अगर आप कांग्रेस द्वारा 50-60 वर्षों में (जब वह सत्ता में थी) किए गए कार्यों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 साल के काम की तुलना करें तो सच्चाई सामने आ जाएगी। शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की घटक है, जिसमें भाजपा और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार थी और वहां के लोग समझते थे कि विकास का मतलब क्या है। यही कारण है कि उन्होंने भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में पहुंचाया। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।

शिंदे ने कहा कि मौजूदा महाराष्ट्र सरकार विकास पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, जब महा विकास आघाडी (एमवीए) सत्ता में थी, तो उन्होंने अटल सेतु, समृद्धि राजमार्ग, तटीय सड़क, मेट्रो तीन और आरे कार शेड जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर विराम लगा दिया था। जबकि हमने इन परियोजनाओं पर से सभी बाधाओं को दूर कर दिया है। वर्ष 2022 में शिंदे द्वारा तत्कालीन शिवसेना में विद्रोह का नेतृत्व करने, पार्टी को विभाजित करने और मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा के पाले में जाने के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई। शिंदे गुट को बाद में पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिह्न धनुष-बाण मिला।

महा विकास आघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं। शिंदे ने कहा कि कांग्रेस वादे करती है पर बाद में अपनी बात से मुकर जाती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस लोगों को फंसाती है, उन्हें धोखा देती है और फर्जी विमर्श गढ़ती है। इसीलिए वह हरियाणा में हार गई। इसके विपरीत भाजपा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विकास के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया। सत्ता विरोधी लहर को दरकिनार करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाकर सत्ता बरकरार रखी और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की कोशिशों पर विराम लगा दिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। हरियाणा की 90 सदस्ईय विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की। भाजपा को मिली सीटों की संख्या कांग्रेस की संख्या से 11 अधिक है। शिंदे ने कहा कि कांग्रेस, एमवीए और इंडी गठबंधन ने लोकसभा चुनावों में फर्जी विमर्श गढ़कर, झूठे वादे करके और जातिवाद का जहर फैलाकर वोट हासिल किए। उन्होंने दावा किया कि इसीलिए लोगों ने उन्हें खारिज करने का मन बना लिया। शिंदे ने पिछले दो वर्षों में अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को उजागर करने के लिए लाडकी बहिन योजना , युवा कार्य प्रशिक्षण योजना और किसान बिजली बिल माफी योजना सहित विभिन्न योजनाओं को गिनाया।

# आयुर्वेद के नाम पर झूठे दावे करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों के अटूट विश्वास का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के आठवें स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तिकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने ने कहा, आयुर्वेद में हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी से अटूट विश्वास रहा है। इसी विश्वास का फायदा उठाकर कुछ लोग झूठे और भ्रामक दावे करके मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। वे न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि आयुर्वेद की छवि को धूमिल करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि आयुर्वेदिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाए ताकि उन्हें बिना किसी बाधा के निर्यात किया जा सके। उन्होंने कहा, हम साक्ष्य आधारित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आयुर्वेद के अपने ज्ञान के भंडार को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया को भारत की अमूल्य देन है।

मुर्मू ने कहा, दुनिया भर में यह मान्यता बढ़ रही है कि स्वस्थ रहने के लिए मन और शरीर दोनों का स्वस्थ होना जरूरी है। आयुर्वेद और योग के बारे में जानने की इच्छा दुनिया भर से लोगों को भारत की ओर खींच रही है। उन्होंने कहा कि एआईआईए विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर आयुर्वेद की साक्ष्य-आधारित विज्ञान के रूप में स्थिति को मजबूत करने के लिए कई एकीकृत शोध परियोजनाएं संचालित कर रहा है।

# पुलिस के सामने भाजपा विधायक से हाथापाई, सहकारी बैंक चुनाव को लेकर हुआ था भारी विवाद



**लखीमपुर खीरी**(भाषा)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में नगरीय सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों के चुनाव में कथित धांधली को लेकर हुई झड़प में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक योगेश वर्मा से हाथापाई की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटना को लेकर भाजपा को घेरने की कोशिश की।पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस मामले पर वर्मा और सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश सिंह के बीच तीखी झड़प हो गई और इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इस बीच, घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सिंह पुलिस की मौजूदगी में कथित तौर पर वर्मा को पीटते दिख रहे हैं। हालांकि पुलिसकर्मियों ने फौरन दोनों को एक-दूसरे से अलग कर दिया, लेकिन उसके बाद सिंह के समर्थकों ने भी विधायक की पिटाई कर दी। सपा अध्यक्ष यादव ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अन्याय हिंसा को जन्म देता है। सहकारी चुनाव में लखीमपुर से भाजपा के विधायक द्वारा की गई धांधली से क्रोधित हुए पूर्व सभापति के पति ने जो किया है, वह चर्चा का विषय बन गया है। ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा, चुनावी धांधली भाजपा की रणनीति बन गई है। निंदनीय। अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने संवाददाताओं को बताया कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था लेकिन अब दोनों को शांत कर दिया गया है और स्थिति सामान्य है। विधायक वर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि चुनाव के लिए पर्चा लेकर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापार मंडल से जुड़े लोगों का पर्चा फाड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस पर ऐतराज जताया तो सिंह ने उनका गिरेबान पकड़ लिया और मारपीट की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरीय सहकारी बैंक का चुनाव निष्पक्ष तरीके से नहीं हो रहा है और इस संबंध में कार्वाई की जानी चाहिए।

## मुलायम की दूसरी पुण्यतिथि से एक दिन पहले सैफई पहुंचे अखिलेश

**इटावा** (भाषा)। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पार्टी के संस्थापक और अपने पिता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि से एक दिन पहले बुधवार को पैतृक शहर सैफई पहुंचे। प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में कद्दावर शख्सियत रहे मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर 2022 को निधन हो गया था। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य के मुताबिक मुलायम सिंह यादव के पैतृक आवास पर बृहस्पतिवार को शांति हवन होगा। शाक्य ने कहा, नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के परिवार के सभी सदस्य हवन में शामिल होंगे, इसके बाद उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सपा के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव समेत पार्टी के कई प्रमुख नेताओं के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न सांसदों, विधायकों और गणमान्य लोगों के सैफई पहुंचने की उम्मीद है। मुलायम सिंह यादव तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहे।

## धार्मिक पुस्तकें जलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

बदायूं (भाषा)। बदायूं जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक दरगाह पर धार्मिक पुस्तकों के पन्ने जलाने के आरोप में एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया गया है। तीन दिन पहले हुई इस घटना से सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कहा,"गिरफ्तार आरोपी की पहचान दानिश (19) उर्फ कुन्नू उर्फ उवेस के रूप में हुई है, जिसने अपराध कबूल कर लिया है। उसने पारिवारिक विवाद के बाद नशे में किताबों में आग लगाने की बात कही है। यह घटना पांच अक्टूबर को सामने आई थी जब मोहल्ला किला कॉलोनी के पास एक दरगाह पर धार्मिक पुस्तकें जली हुई पाई गई थीं। इस घटना से नाराज स्थानीय निवासियों ने पुलिस से त्वरित कार्वाई की मांग की। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की जांच के लिए पुलिस की दो टीम बनाई गईं, जिसके बाद दानिश की पहचान हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## केरल की पूर्व डीजीपी आर श्रीलेखा भारतीय जनता पार्टी में शामिल

तिरुवनंतपुरम(भाषा)। केरल कैडर की पहली महिला आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी और पूर्व पुलिस महानिदेशक आर श्रीलेखा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन और जिलाध्यक्ष वीवी राजेश ने श्रीलेखा को यहां उनके आवास पर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सुरेंद्रन ने श्रीलेखा के पार्टी में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के अनुभव से भाजपा को बहुत लाभ होगा, जिनका पुलिस अधिकारी के रूप में बेदाग रिकॉर्ड रहा है। सुरेंद्रन ने संवाददाताओं से कहा, अधिक से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियां भाजपा में शामिल हो रही हैं। आपने (मीडिया) भाजपा को एक अछूत पार्टी के रूप में चित्रित करने की कोशिश की है लेकिन स्थिति बदल गई है। हम 2026 तक केरल की सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। श्रीलेखा ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद उन्हें निर्णय लेने में तीन सप्ताह लग गए।पूर्व पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभामंडल ने उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। श्रीलेखा ने कहा, मैं पार्टी से किसी प्रकार की कोई उम्मीद नहीं रखती। मैं इसे लोगों की सेवा के एक और अवसर के रूप में देखती हूं। मैं पार्टी में किसी पद के बारे में नहीं सोच रही हूं। उन्होंने कहा, मैं उनसे इसलिए जुड़ रही हूं क्योंकि मुझे पार्टी की विचारधारा पर भरोसा है। श्रीलेखा ने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारी के रूप में शपथ लेने के बाद उनके मन में कभी कोई राजनीतिक विचार नहीं आया और उन्होंने बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के निष्पक्ष रूप से काम किया। श्रीलेखा ने कहा कि वह लोगों के लिए काम करती रहेंगी।

## विपक्ष का फर्जी विमर्श ध्वस्त हो गया:फडणवीस



नागपुर(भाषा)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने इस साल हुए लोकसभा चुनावों के दौरान पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा गढ़े गए फर्जी विमर्श को ध्वस्त कर दिया है। फडणवीस ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगी पहले कह रहे थे कि वे एकजुट हैं, लेकिन अब वे एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ महायुति के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा लगभग अंतिम चरण में है। महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव अगले महीने होने की संभावना है। भाजपा हरियाणा में शानदार जीत दर्ज करते हुए लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए। भाजपा ने जहां 48 सीटों पर जीत दर्ज की, वहीं कांग्रेस को 37 सीटें मिलीं। हरियाणा चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना के कुछ नेताओं द्वारा सहयोगी कांग्रेस पर की गई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि वह इस पर कोई टिप्पणी नही करना चाहेंगे, क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है।

## कांग्रेस ने अपने मजबूत क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों को कोई महत्व नहीं दिया: शिवसेना (यूबीटी)

**मुंबई** (भाषा)। इंडिया गठबंधन में शामिल शिवेसना (यूबीटी) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अति आत्मविश्वास को कांग्रेस की हार की वजह बताते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि वह अपनी कमजोर मौजूदगी वाले इलाकों में तो सहयोगी दलों पर निर्भर रही, लेकिन गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों में उन्हें अनदेखा कर दिया। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार तीसरी जीत के एक दिन बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस ने अपने साझेदार दलों को महत्व देते हुए एक गठबंधन किया होता तो परिणाम भिन्न हो सकते थे।राउत ने पत्रकारों से कहा, जहां कांग्रेस कमजोर है, वहां उसने क्षेत्रीय दलों की मदद ली, लेकिन जहां मजबूत है, वहां उन्हें कोई महत्व नही दिया।

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक ने ही वाल्मीकि घोटाले की असली साजिश रची थी: ईडी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बी नागेंद्र ने वाल्मीकि निगम से जुड़े करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की असली साजिश रची थी और राज्य सरकार के इस निकाय से निकाले गए फंड का इस्तेमाल इस साल हुए लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के लिए भी किया गया। ईडी ने कहा कि इस मामले में उसने कुछ समय पहले बेंगलुरु में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष अभियोजन शिकायत या आरोपपत्र दायर किया है। इसने कहा कि अदालत ने आरोपपत्र का संज्ञान लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा, विधायक एवं अनुसूचित जनजाति मामलों के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को घोटाले की साजिश रचने के मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है। आरोप है कि उन्होंने सत्यनारायण वर्मा, एतकारी सत्यनारायण, जे.जी. पद्मनाभ, नागेश्वर राव, नेककेंटी नागराज तथा विजय कुमार गौड़ा जैसे अपने प्रमुख सहयोगियों सहित 24 अन्य लोगों की मदद से कथित तौर पर इस घोटाले को अंजाम दिया। इस मामले में नागेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया था।एजेंसी ने दावा किया कि उसकी जांच में पाया गया कि बी नागेंद्र के कहने पर, निगम (कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम) का खाता बिना किसी उचित अधिकार-पत्र के एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां गंगा कल्याण योजना के तहत राज्य के खजाने से 43.33 करोड़ रुपए सहित 187 करोड़ रुपए उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए जमा किए गए। ईडी आरोप लगाया कि बाद में इस धन को कई फर्जी खातों के माध्यम से निकाला गया और नकदी तथा सोने-चांदी के रूप में बदल दिया। इसने कहा कि परिवर्तित निधियों में से 20.19 करोड़ रुपए का उपयोग 2024 के लोकसभा चुनाव में बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले एक उम्मीदवार और बी नागेंद्र के व्यक्तिगत खर्चों के लिए भी किया गया। ईडी ने कहा कि इन खर्चों के सबूत उसे तलाशी अभियान के दौरान मिले और वित्तीय छानबीन तथा बयानों से पुष्टि हुई।इसने दावा किया कि इन चुनाव खर्चों का ब्योरा विजय कुमार गौड़ा के मोबाइल फोन से मिला, जो नागेंद्र के कहने पर नकदी का प्रबंधन संभालता था। धन शोधन का मामला कर्नाटक पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से संबद्ध है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निगम (वाल्मीकि) के खातों से करीब 89.62 करोड़ रुपए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फर्जी खातों में अंतरित किए गए। निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी के 21 मई को मृत मिलने के बाद इन कथित अनियमितताएं का खुलासा हुआ। लेखा अधीक्षक ने एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें निगम से विभिन्न बैंक खातों में अवैध रूप से धन अंतरित करने का आरोप लगाया गया था।

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले एआईएमआईएम में घमासान

**छत्रपति संभाजीनगर** (भाषा)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले एआईएमआईएम के एक वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया है कि पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर दिया है और उनका नाम पार्टी द्वारा हाल में घोषित पांच उम्मीदवारों की सूची में नहीं है। अपने समर्थकों को मंगलवार को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष गफ्फार कादरी ने पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। कादरी एक वीडियो में अपने समर्थकों के साथ बातचीत में कह रहे हैं, जब भी मैंने फोन किया, जलील ने मेरी कॉल का जवाब नहीं दिया।

## पेज 1 का शेष

### कांग्रेस करती...

उसका फॉर्मूला बांटो और राज करो का है। उसकी साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस हिंदुओं को बांटने में विश्वास करती है। यह एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ लड़ा कर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करती है। इसीलिए जब भी चुनाव होते हैं कांग्रेस हिंदू समाज में दरार पैदा करके फायदा उठाती है। कांग्रेस धार्मिक और जातिगत आधार पर चुनाव लड़ती है। पीएम ने कांग्रेस के नापाक इरादों के बारे में देश भर के लोगों को आगाह करते हुए कहा, इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए बेताब है। वह इतनी बेताब है कि नफरत की राजनीति करती है। वह समाज में नफरत फैलाने की सबसे बड़ी फैक्ट्री चलाती है। आजादी के तुरंत बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस के नापाक इरादों को भांप लिया था और इसीलिए वह पार्टी को खत्म करना चाहते थे लेकिन, कांग्रेस न केवल बच गई बल्कि अब वह देश को बर्बाद करने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर देश के मुसलमानों के मन में डर पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा हिंदुओं के बीच जातिवादी राजनीति करने के अलावा, कांग्रेस मुसलमानों के मन में डर पैदा करती है और अपने चुनावी लाभ के लिए उन्हें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सत्ता में वापसी का क्रि करते हुए मोदी ने कहा कांग्रेस का इकोसिस्टम शहरी-नक्सलियों का है। यह लोगों को गुमराह करने में विश्वास करता है। लेकिन हरियाणा के लोगों ने कांग्रेस की साजिश को ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस ने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की। लेकिन, लोगों ने कांग्रेस की चाल को समझ लिया और भाजपा की नीतियों और विकास के मॉडल का समर्थन किया और पार्टी को लगातार तीसरी बार जीत दिलाई। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे नागपुर के उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन सहित 7,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेज, मुंबई में भारतीय कौशल संस्थान और विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, हवाई अड्डों के उन्नयन, राजमार्ग परियोजनाओं, बुनियादी ढांचे, सौर ऊर्जा और पार्कों सहित 30,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए मुंबई और ठाणे की अपनी यात्रा को याद करते हुए, पीमए ने कहा। महाराष्ट्र के इतिहास में कभी भी विभिन्न क्षेत्रों में इतनी तेज गति और इतने बड़े पैमाने पर विकास नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से उनकी सरकार कपड़ा उद्योग का समर्थन कर रही है, उससे महाराष्ट्र के कपास किसानों को बहुत लाभ होगा। केंद्र की एनडीए सरकार महाराष्ट्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य की प्रगति की गति पर प्रसन्नता व्यक्त की और आज की सभी विकास परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बधाई दी। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस वर्चुअल रूप से मौजूद थे।

### कांग्रेस हरियाणा...

शानदार जीत हासिल की। राहुल ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों पर विचार कर रही है। उन्होंने कहाकि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। हम कई विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों के बारे में चुनाव आयोग को सूचित करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा के सभी लोगों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनकी अथक मेहनत के लिए दिल से धन्यवाद। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहाकि हम अधिकारों, सामाजिक और आर्थिक न्याय, सच्चाई के लिए यह लड़ाई जारी रखेंगे और आपकी आवाज उठाते रहेंगे। इसके अलावा, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, अजय माकन, भूपिंदर सिंह हुड्डा, प्रताप सिंह बाजवा, अभिषेक सिंघवी, उदय भान, जयराम रमेश और पवन खेड़ा सहित कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन सदन में चुनाव आयोग से मुलाकात की।

### कौन बनेगा...

यह पूछे जाने पर कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा और शपथ ग्रहण समारोह कब होगा, सैनी ने कहा कि यह तय करने का अधिकार केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी के संसदीय बोर्ड को है।

### राज्य का...

बार कहा है कि जिन लोगों ने अनुच्छेद 370 को छीना है, उनसे इसकी बहाली की उम्मीद करना मूर्खता होगी। लेकिन हम इस मुद्दे को जीवित रखेंगे। हम इस पर बातचीत जारी रखेंगे और उम्मीद करते हैं कि कल देश में सरकार बदलेगी, एक नई व्यवस्था होगी जिसके साथ हम इस पर चर्चा कर सकेंगे और जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ हासिल कर सकेंगे। जनादेश पर टिप्पणी करते हुए उमर ने कहा कि वह लोगों के जनादेश से अभिभूत हैं, लेकिन वह इस बात से भी अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह जनादेश उन पर क्या जिम्मेदारी डालता है। उन्होंने कहा, 2018 से जम्मू-कश्मीर के लोगों की कोई सुनवाई नहीं हुई है। अब समय आ गया है कि हम जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित में काम करें।

### आरबीआई...

निचले स्तर से ऊपर आ रही है। मुख्य मुद्रास्फीति से खाद्य और ऊर्जा लागत को बाहर रखा जाता है। दास ने कहा कि निजी खपत और निवेश में वृद्धि के साथ देश का आर्थिक वृद्धि परिदृश्य मजबूत बना हुआ है। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने सितंबर में आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे रही। केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि इस महीने इसमें खासकर तुलनात्मक आधार के कारण तेजी आ सकती है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025) के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। साथ ही जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के अनुमान को भी 7.2 प्रतिशत पर बनाए रखा।

### मुख्यमंत्री...

इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री का आवास खाली कराया गया। वीडियों में सरकारी आवास से कई डिब्बे और सामान बाहर निकाले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि आवास पर डबल लॉक लगा दिया गया है, साथ ही चाबियों को सौंपने के संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को उचित कागजी कार्रवाई भी नहीं की गई थी। इस बीच, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के शीश महल को सील कर दिया गया है और दावा किया कि बंगले में कई रहस्य छिपे हुए हैं। इससे पहले आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल की अवहेलना करते हुए अधिकारी भाजपा के दबाव में मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं, जबकि उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने इसे खाली कर दिया था। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री पर बंगले पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया और इसे सील करने की मांग की। हालांकि, उपराज्यपाल को रिपोर्ट करने वाले सतर्कता विभाग ने दावा किया कि बंगला लोक निर्माण विभाग को नहीं सौंपा गया है और मुख्यमंत्री के बंगले को खाली करने और पीडब्ल्यूडी को कब्जा सौंपने के लिए उचित कार्वाई करने में विफल रहने के लिए तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास के रूप में कोई समर्पित घर नहीं है। केजरीवाल वर्ष 2015 से इस घर में रह रहे हैं और वर्ष 2020-21 में उन्होंने बंगले का नवीनीकरण कराया, जिससे संबंधित लागत को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सतर्कता विभाग ने तत्कालीन सीएम के विशेष सचिव प्रवेश रंजन झा, अनुभाग अधिकारी विजय कुमार और अनुभाग अधिकारी मुकेश कुमार को नोटिस जारी किया है। विभाग ने कहा है कि पीडब्ल्यूडी को सौंपे गए घर की चाबियां कुछ समय बाद वापस ले ली गईं, लेकिन उन्हें सौंपने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पीडब्ल्यूडी को सौंपा जाना बाकी है। सतर्कता विभाग ने इस संबंध में सात दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। नोटिस में सतर्कता विभाग ने कहा कि उक्त बंगले को कभी भी मुख्यमंत्री के आधिकारिक बंगले के रूप में चिह्नित नहीं किया गया था। 6 फ्लैग स्टाफ रोड पर भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी या किसी अन्य प्राधिकरण की किसी भी मंजूरी के बिना किया गया था। इसके अलावा, 6 फ्लैग स्टाफ रोड, सिविल लाइंस में निर्मित उक्त संरचना के संबंध में कोई पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है।

## आरजी कर मामले में सीबीआई ने खून के धब्बे, आरोपी की डीएनए रिपोर्ट समेत 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए

**कोलकाता (भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार कोलकाता पुलिस के स्वयंसेवी संजय रॉय को इकलौता आरोपी ठहराने के लिए अपने आरोपपत्र में डीएनए और रक्त नमूनों की रिपोर्ट जैसे 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए हैं। सीबीआई ने रॉय के खिलाफ सबूत के तौर पर मृतक चिकित्सक के शरीर में आरोपी के डीएनए की मौजूदगी, छोटे बाल, मृतका के खून के धब्बे, रॉय के शरीर पर चोटों, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का उल्लेख किया है। इस आरोपपत्र की एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास उपलब्ध है। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि रॉय को महिला चिकित्सक द्वारा प्रतिरोधासंघर्ष के निशान के तौर पर, जोर-जबरदस्ती से लगने वाली चोटें लगी थीं। कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और आपातकालीन इमारत की तीसरी मंजिल पर, जहां अपराध हुआ, वहां आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को उसकी (रॉय की) मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज से साबित हुई है। सीडीआर के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन से उसकी मौजूदगी साबित होती है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को यहां एक स्थानीय अदालत में दाखिल किए गए अपने आरोपपत्र में मृतक महिला को वी कहकर संबोधित किया है। आरोपपत्र में कहा गया है, पोस्टमार्टम के दौरान वी के शरीर पर उसका (रॉय) डीएनए मिला... उसकी जींस तथा जूते पर वी के रक्त के धब्बे थे, जिन्हें स्थानीय पुलिस ने 12 अगस्त को पूछताछ के बाद बरामद किया था। अपराध स्थल से मिले छोटे बाल का मिलान आरोपी संजय रॉय के बाल से हुआ है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमीनार कक्ष से नौ अगस्त को 31 वर्षीय महिला चिकित्सक का शव बरामद किया गया था। आरोपपत्र में कहा गया है, सीएफएसएल (केंद्रीय फॉरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला) की रिपोर्टों के अनुसार, अपराध स्थल पर मिला एक ब्लूटुथ ईयरफोन आरोपी संजय रॉय के जब्त किए मोबाइल फोन से जुड़ा मिला। आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को अपराध स्थल की ओर जाते दिखे आरोपी संजय रॉय ने गले में पहले जाने वाला ब्लूटुथ ईयरफोन पहना हुआ था लेकिन अपराध स्थल से लिफ्ट की ओर लौटते वक्त उसके गले में वह ईयरफोन नहीं था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाथ से गला घोंटने के कारण दम घुटने को मौत की वजह बताया है। इसमें कहा गया है, पोस्टमार्टम के वक्त पूरे शरीर पर रिगर मोर्टिस (मरने के बाद शरीर का कड़ापन) था जिसका मतलब है कि इस व्यक्ति की मौत पोस्टमार्टम करने से 12 से 18 घंटे पहले हुई थी। आरोपपत्र में कहा गया है, हाइमन (यौन झिल्ली) से जुड़ी ताजा चोटें साफ दिखाती हैं कि पीड़िता का जबरन यौन शोषण किया गया। इसकी पुष्टि स्तनों के अग्रभाग से लिए गए स्वैब के नमूनों की रिपोर्ट से होती है, जिसमें संजय रॉय की लार की मौजूदगी दिखाई देती है, जैसा कि डीएनए द्वारा पुष्टि की गई है।

# चिकित्सकों ने सामूहिक इस्तीफे को प्रतीकात्मक बताया

## पश्चिम बंगाल

**कोलकाता( भाषा )।** पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अपने कनिष्ठ समकक्षों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दिए गए सामूहिक इस्तीफे से इन चिकित्सा प्रतिष्ठानों में स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है।अधिकारी ने बताया कि पूरे राज्य में जारी दुर्गा पूजा उत्सव के कारण बाह्य रोगी विभाग में मरीजों की संख्या काफी कम रही, हालांकि वरिष्ठ और कनिष्ठ चिकित्सक, आरएमओ और सहायक प्रोफेसर अपनी नियमित ड्यूटी के लिए पूरे पश्चिम बंगाल के अस्पतालों में मौजूद थे।

आरजी कर अस्पताल में आर्थोपेडिक विभाग में नियमित रूप से आने वाले मुर्शिदाबाद के मरीज सुनिर्मल बसु ने कहा कि जिस चिकित्सक से वह पिछले 4-5 वर्षों से परामर्श कर रहे थे, वह निर्धारित समय के अनुसार ओपीडी में उपस्थित थे। बसु ने कहा, मुझे आशंका थी कि ओपीडी चालू होगी या नहीं, या चिकित्सक मौजूद होंगे या नहीं। लेकिन चिकित्सक किसी भी सामान्य दिन की तरह वहां मौजूद थे। एक अन्य मरीज, जिसका पहले से ही कैंसर से संबंधित उपचार निर्धारित था, को भी अस्पताल में देखा गया। मरीज ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, मेरा उपचार आज निर्धारित था, जो ठीक रहा और मुझे



कोलकाता में चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे चिकित्सक

कोई परेशानी नहीं हुई। वरिष्ठ चिकित्सकों ने हालांकि, चेतावनी दी कि बुधवार तक राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में सेवाओं पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है, लेकिन यदि राज्य सरकार की ओर से कोई सार्थक प्रतिक्रिया नहीं आती है तो आने वाले दिनों में स्थिति शायद ऐसी न रहे।

आरजी कर अस्पताल के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप सरकार ने कहा, आज तक, हमने मरीजों और उनकी पीड़ा को ध्यान में रखते हुए काम किया है। हम चाहते हैं कि सरकार आगे आए और अपना कर्तव्य निभाए। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें किसी भी चिकित्सक की ओर से उनके सामूहिक इस्तीफे के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। सामूहिक इस्तीफे की पेशकश करने का ऐसा कोई नियम नहीं है। अगर लोग इस्तीफा देना चाहते हैं तो उन्हें एक निश्चित प्रक्रिया का पालन करना होगा। हालांकि, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं क्योंकि आज किसी भी अस्पताल में कोई भी चिकित्सक अनुपस्थित नहीं था। कोलकाता मेडिकल कॉलेज रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, कोलकाता में कई चिकित्सकों और संकाय सदस्यों ने मंगलवार को सामूहिक रूप से इस्तीफा देने वाले आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अपने सहयोगियों का अनुसरण करते हुए चिकित्सा शिक्षा निदेशक को अपना सामूहिक इस्तीफा भेज दिया। सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लगभग 35 चिकित्सकों ने भी कोलकाता में कनिष्ठ चिकित्सकों के विरोध के समर्थन में सामूहिक इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी चिकित्सा इकाई के चिकित्सकों के फोरम ने दी।

चिकित्सकों के सामूहिक इस्तीफे में लिखा है, हम, उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज के शिक्षक ऐसी दमनकारी परिस्थितियों में अपनी सेवाएं जारी रखने को लेकर निराश और हतोत्साहित हैं। हमारे छात्र और जूनियर आपदा के कगार पर खड़े हैं, हम उच्च अधिकारियों से उनकी मांगों का समाधान करने और बिना किसी देरी के इस संकट का समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं। इसमें लिखा है, हालांकि, अब तक ऐसा कोई प्रयास नहीं देखा गया है, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया पश्चिम बंगाल चिकित्सा शिक्षा सेवा से हमारा इस्तीफा स्वीकार करें। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुनीत हाजरा ने बताया कि इस्तीफों का उद्देश्य राज्य सरकार पर दबाव डालना था, जिसने कनिष्ठ चिकित्सकों की जारी भूख हड़ताल के दौरान चुप्पी साधे रखी है। उन्होंने कहा, हमारा इस्तीफा प्रतीकात्मक है, जिसका उद्देश्य सरकार को चर्चा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। हम नहीं चाहते कि मरीजों को परेशानी हो। हम उनका इलाज कर रहे हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे क्योंकि यह हमारा कर्तव्य है और हम नैतिक रूप से ऐसा करने के लिए बाध्य हैं। त्योहारों के दौरान अस्पतालों के कामकाज के तरीके के बारे में हाजरा ने कहा कि ड्यूटी रोस्टर को यह ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है कि हर कोई त्योहारों का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा, इसलिए, हम जानते हैं कि चिकित्सक की अनुपस्थिति में उसकी जगह कैसे भरी जाए। अस्पतालों में, चिकित्सक के लिए हमेशा एक बैकअप होता है। अगर कोई अनुपस्थित है, तो हम उसकी जगह तत्काल किसी की ड्यूटी लगाते हैं ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों।

पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के संयुक्त मंच के संयुक्त संयोजक डॉ. हीरालाल कोनार ने कहा, यह प्रवृत्ति (सामूहिक इस्तीफा देना) कुछ युवा चिकित्सकों के आमरण अनशन पर होने के बावजूद राज्य सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने को देखते हुए चिकित्सकों के बीच फैल रही है। उन्होंने कहा, वरिष्ठ चिकित्सकों को एहसास हो गया है कि केवल सामूहिक इस्तीफा ही राज्य सरकार को हिला सकता है।

## उत्तराखंड के बेरीनाग में मकान में अवैध मस्जिद बनाने के आरोपों की जांच के आदेश

**पिथौरागढ़ ( भाषा )।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग में एक मकान में अवैध रूप से बनाई गई मस्जिद को ढहाने की मांग करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर हिंदू संगठन के विरोध प्रदर्शन के बाद मामले की जांच का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, बेरीनाग में एक खाली मकान को अंदर से कथित रूप से एक मस्जिद में तब्दील कर दिया गया है। हिंदू संगठन राष्ट्रीय सेवा संगठन ने यह आरोप लगाते हुए छह अक्टूबर को बेरीनाग में उपजिलाधिकारी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरीश गोस्वामी ने कहा कि संगठन ने इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हिमांशु जोशी ने कहा, हमने अवैध मस्जिद को हटाने की मांग की है। अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा संगठन के सदस्यों के खिलाफ भी मस्जिद को कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर लाइव दिखाए जाने के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 19612 (धार्मिक आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, 100 मुस्लिम परिवार पिछले 25 साल से, हल्द्वानी में रह रहे अजीम नाम के व्यक्ति के इस पुराने मकान का इस्तेमाल नमाज पढ़ने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मकान के एक हिस्से को मदरसे के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बाहर से यह मकान किसी रिहायशी स्थान की तरह दिखाई देता है और इसके मस्जिद होने का पता नहीं चलता, लेकिन अंदर से इसे मस्जिद में तब्दील कर दिया गया है।

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो चुनावी रणनीति बनाएंगे: मनोज जरांगे

**छत्रपति संभाजीनगर ( भाषा )।** आरक्षण अधिकार कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय की आरक्षण संबंधी मांगों को स्वीकार नहीं करती है तो वह आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के भीतर विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति का खुलासा करेंगे। जरांगे ने पीटीआई-भाषा को फोन पर दिए एक साक्षात्कार में कहा, यदि उनके समर्थक चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे और गठबंधन नहीं करेंगे। साथ ही वे सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा-राकांपा गठबंधन को हराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हम आचार संहिता का इंतजार कर रहे हैं...आचार संहिता लागू होने के बाद यदि हमारी मांगें स्वीकार नहीं की जाती हैं (उस समय तक) तो हम अगले 48 घंटे में विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति का खुलासा करेंगे। जरांगे ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग पर जोर देने के लिए पिछले एक वर्ष से अधिक समय में कई बार अनशन किया है। उन्होंने कहा, मैंने अपना काम कर लिया है और चुनाव लड़ने या सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को हराने के लिए रणनीति भी तैयार कर ली है। (उपमुख्यमंत्री) देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि उन्होंने 80 प्रतिशत प्रश्नपत्र हल कर लिए हैं (80 प्रतिशत सीट के बंटवारे पर काम हो गया है) लेकिन मैं कहता हूं कि उनका 80 प्रतिशत काम खराब हो गया है। असंतुष्ट मराठा समुदाय द्वारा 113 निर्वाचन क्षेत्रों में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों को हराने की कोशिश करने के उनके दावे के बारे में पूछे जाने पर जरांगे ने कहा, यदि मराठा आरक्षण मुद्दा हल नहीं होता है तो हमारे पास 113 उम्मीदवारों की सूची है जिन्हें हम हराना चाहते हैं। लेकिन हम किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। अगर हम चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो हमारे उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरेंगे। हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हर राज्य में मुद्दे अलग-अलग हैं। जरांगे ने कहा, हरियाणा में सभी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दिया होगा। लेकिन भाजपा की आदत है कि सत्ता मिलने के बाद वह अपने मददगारों को ही छोड़ देती है। यहां मराठा समुदाय का मुद्दा है और आंदोलन अभी भी जारी है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में 55 प्रतिशत लोग मराठा समुदाय से हैं। जरांगे ने चेतावनी देते हुए कहा, लगभग हर निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम एक लाख मराठा मतदाता हैं। हमारे पास उम्मीदवारों को हराने की क्षमता है।

## अगला कदम जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना : करण सिंह

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल करण सिंह ने स्वतंत्र और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव कराए जाने को लेकर बुधवार को संतुष्टि जाहिर की और जोर देकर कहा कि अगला तार्किक कदम केंद्र शासित प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना है। उन्होंने संपत्ति अधिग्रहण के संबंध में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में प्रचलित प्रावधानों की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर में भी अधिवास प्रावधान लागू किए जाने की मांग की। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व सदर-ए-रियासत सिंह ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कश्मीर में जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू में शानदार प्रदर्शन किया। सिंह (93) ने एक बयान में कहा, भाजपा हालांकि कश्मीर में और कांग्रेस जम्मू में लगभग खाली हाथ रही। इस प्रकार दोनों क्षेत्रों के बीच एक स्पष्ट और तीव्र राजनीतिक विभाजन है, जिसे प्रशासनिक रूप से दूर करना नई सरकार के लिए एक चुनौती होगी। सिंह ने कहा कि यह बेहद संतोष की बात है कि दस साल के लंबे अंतराल के बाद जम्मू-कश्मीर में बिना किसी अप्रिय घटना के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए। उन्होंने कहा कि इसके लिए चुनाव आयोग और सुरक्षा बल बधाई के पात्र हैं। सिंह ने कहा, मैं उमर अब्दुल्ला को इस सप्ताह के अंत में सरकार बनाने पर हार्दिक बधाई देता हूं और उनके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि अगला तार्किक कदम जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना है। सिंह ने कहा, यह भारत सरकार की उच्चतम न्यायालय के प्रति प्रतिबद्धता रही और मैं आग्रह करूंगा कि इसे बिना किसी देरी के किया जाना चाहिए जब राजनीतिक माहौल अभी भी जीवंत है। सिंह ने कहा कि संपत्ति अधिग्रहण के संबंध में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में प्रचलित प्रावधानों की तर्ज पर अधिवास प्रावधान लागू किए जाने चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व शासक हरि सिंह के पुत्र सिंह ने कहा, उपराज्यपाल शासन के दौरान किए गए कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नई सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासनिक अनुशासन जारी रहे।

## महाराष्ट्र, झारखंड में परिणाम भी इसी तरह के होंगे: चंद्रबाबू नायडू



विजयबाड़ा में इंद्रकीलाद्री मंदिर में पूजा के लिए जाते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती ( भाषा )।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के रुख को देखा जाए तो महाराष्ट्र और झारखंड में परिणाम भी इसी तरह के होंगे जहां इस साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। दिल्ली के दो दिवसीय दौरे से लौटने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि देश को एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करने की जरूरत है क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होंगे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के कारण न केवल सामान्य स्थिति बहाल हुई है, बल्कि भाजपा (चुनाव में मत प्रतिशत के मामले में) अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी ने विकास, कल्याण और सुशासन को मिलाकर प्रशासन दिया है। इससे अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। अगर हम इन (चुनाव) नतीजों को देखें, तो महाराष्ट्र और झारखंड में भी यही नतीजे आएंगे, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत और जम्मू कश्मीर में मत प्रतिशत एक ऐतिहासिक जीत है। हालांकि ऐसी अटकलें थीं कि भाजपा हिंदी पट्टी में अपनी चमक खो रही है। हाल ही में संपन्न चुनाव में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री और भाजपा की सराहना करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा, मैं माननीय प्रधानमंत्री के असाधारण काम के लिए उनकी सराहना करता हूं। राज्य की पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार पर निशाना साधते हुए नायडू ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश ने वित्तीय तबाही देखी है।

## गुणवत्ता मानदंडों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस लेने का आदेश दिया : दवा नियामक

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत के दवा नियामक ने बुधवार को कहा कि लगभग 45 दवाओं के निर्माताओं को गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने का आदेश दिया गया है, जबकि पांच नकली दवाओं के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्वाई शुरू कर दी गई है। यहां सीआईआई फार्मा एंड लाइफ साइंसेज सम्मेलन के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) एवं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख राजीव सिंह रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि 50 नकली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने की हालिया खबरें पूरी तरह से गलत थीं। उन्होंने कहा, वे नकली दवाएं नहीं हैं। वे मानक गुणवत्ता वाली दवाएं नहीं थीं। दोनों के बीच एक अंतर है। हमारी शब्दावली में उनमें से केवल पांच नकली थीं, जिन्हें आप नकली कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर महीने सीडीएससीओ बाजार से लगभग 2,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करता है और उनमें से लगभग 40-50 नमूने एक या अधिक मानदंडों पर विफल होते हैं, जो बहुत मामूली मानदंड हो सकते हैं। इनमें से कोई भी स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और हम उसकी जानकारी अपने पोर्टल पर देते हैं। हाल की खबरों का हवाला देते हुए रघुवंशी ने कहा, बताया जा रहा है कि 50 नकली दवाएं थीं जिन पर हमने प्रतिबंध लगा दिया।

## जम्मू की 43 विधानसभा सीट पर 68% से अधिक उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**जम्मू ( भाषा )।** जम्मू क्षेत्र की 43 विधानसभा सीट पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और बसपा के लगभग सभी उम्मीदवारों सहित 68.53 फीसदी प्रत्याशी अपनी जमानत राशि भी नहीं बचा पाए। ए उम्मीदवार कुल वैध वोटों का न्यूनतम छठा हिस्सा हासिल करने में नाकाम रहे, जिससे इनकी जमानत राशि जब्त हो गई। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी क्षेत्रवार नतीजों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और नेशनल पैंथर्स पार्टी के दोनों गुटों के कई उम्मीदवारों के साथ-साथ कांग्रेस के आठ तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रत्याशी की भी जमानत जब्त हो गई। नतीजों के अनुसार, जम्मू क्षेत्र की 43 विधानसभा सीट पर किस्मत आजमाने वाले कुल 356 उम्मीदवार में से 164 को नोटा (उपरोक्त में से कोई भी नहीं) से भी कम वोट मिले। नोटा किसी निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को सभी उम्मीदवारों को खारिज करने का विकल्प देता है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने के बाद से केंद्र-शासित प्रदेश में हुए पहले विधानसभा चुनावों में 49 सीट पर सीट दर्ज की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में सबसे ज्यादा 42 सीट गईं। पार्टी को जम्मू क्षेत्र की सात सीट, जबकि कश्मीर घाटी की 35 सीट पर जीत हासिल हुई। वहीं, कांग्रेस जम्मू की एक और कश्मीर की पांच सीट पर विजई रही। माकपा को एक सीट पर जीत मिली, जो कश्मीर क्षेत्र की है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पार्टी को कुल 29 सीट पर जीत मिली, जो जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ए सभी सीटें जम्मू क्षेत्र की हैं। जम्मू क्षेत्र की 43 सीट के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि चुनाव मैदान में उतरे 356 उम्मीदवारों में से 244 की जमानत जब्त हो गई। थानामंडी से चुनाव लड़ने वाले कमर हुसैन और बनिहाल से किस्मत आजमाने वाले इम्तियाज अहमद शान को छोड़कर पीडीपी के 30 अन्य उम्मीदवारों में से कोई भी अपनी जमानत राशि नहीं बचा सका। हुसैन और शान क्रमशः 21,986 और 27,018 वोट पाकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे। पीडीपी के ज्यादातर उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। बनिहाल सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस के सज्जाद शाहीन ने जीती, जिन्होंने 27,018 वोट हासिल करके कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री विकार रसूल वानी को 6,110 वोटों के अंतर से हराया। पीडीपी के शान तीसरे स्थान पर रहे, जबकि भाजपा के मोहम्मद सलीम भट और चार अन्य को अपनी जमानत गंवानी पड़ी।

# पूरे समर्पण भाव से देश सेवा की: सीजेआई

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ अगले महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने इस भय और चिंता के बीच पूरे समर्पण के साथ देश की सेवा की है कि इतिहास उनके कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश का दो साल का कार्यकाल 10 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं खुद को इन सवालों पर विचार करते हुए पाता हूं कि क्या मैंने वह सब हासिल किया जो मैंने लक्ष्य रखा था? इतिहास मेरे कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा? क्या मैं कुछ अलग कर सकता था? मैं न्यायाधीशों और कानूनी पेशेवरों की भावी पीढ़ियों के लिए क्या विरासत छोड़ जाऊंगा? प्रधान न्यायाधीश ने भूटान में जिग्मे सिंग्ए वांगचुक स्कूल ऑफ लॉ के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, इनमें से ज्यादातर सवालों के जवाब मेरे नियंत्रण से बाहर हैं और शायद, मैं इनमें से कुछ सवालों के जवाब कभी नहीं पा सकूंगा। हालांकि, मैं जानता हूं कि पिछले दो साल में, मैं हर सुबह इस प्रतिबद्धता के साथ जागा हूं कि मैं अपना काम पूर्ण समर्पण भाव से करूंगा और इस



संतुष्टि के साथ सोता हूं कि मैंने अपने देश की पूरी लगन से सेवा की है।

प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे समय में कमजोर पड़ने के लिए खेद जताया, जब वह पद छोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह भविष्य और अतीत की डर और चिंताओं से बहुत अधिक चिंतित हैं। उन्होंने कहा, जब आप अपनी यात्रा की जटिलताओं से निपट रहे हों, तो एक कदम पीछे हटने, पुनर्मूल्यांकन करने और खुद से पूछने से न डरें कि क्या मैं किसी मंजिल की ओर दौड़ रहा हूं, या मैं खुद की ओर दौड़ रहा हूं? अंतर सूक्ष्म है, फिर भी गहरा है। आखिरकार, दुनिया को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो सिर्फ महत्वाकांक्षा से नहीं बल्कि उद्देश्य से प्रेरित हों। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब किसी को अपनी क्षमताओं और मंशाओं में विश्वास की भावना होती है तो उसके लिए परिणामों के बारे में अधिक चिंता करना छोड़ देना तथा उन परिणामों की ओर जाने वाली प्रक्रिया और यात्रा को महत्व देना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में मैंने इस बात को महसूस किया है कि हमारे समाज के लिए योगदान की हमारी क्षमता की जड़ें हमारे आत्म-बोध में और आत्म-कल्याण की क्षमता में निहित हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि गंतव्य तक पहुंचने को लेकर आशंकाओं में उलझने के बजाय लक्ष्य की ओर यात्रा का आनंद लेना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने न्याय प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और बुनियादी ढांचे में सुधार की शुरुआत करने के अलावा सार्वजनिक जीवन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले सुनाए हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 13 मई, 2016 को शीर्ष अदालत में पदभार ग्रहण किया था।

# कांग्रेस जम्मू क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन का आत्ममंथन करेगी: कर्रा

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने बुधवार को कहा कि पार्टी जम्मू क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में अपने निराशाजनक प्रदर्शन पर आत्ममंथन करेगी। कर्रा ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई या कुछ जानबूझकर प्रयास किए गए। कर्रा ने यहां पीटीआई-वीडियो से कहा, हमें इसके लिए बहुत खेद है, हम इसका आत्ममंथन करेंगे। लेकिन अन्य कारक भी हैं। प्रशासन की ओर से चूक हुई, या कुछ जानबूझकर प्रयास किए गए - पुलिस द्वारा स्थापित सभी जांच चौकी आखिरी तीन दिनों के दौरान हटा ली गईं और पैसे एवं शराब का वितरण किया गया। कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष कर्रा ने पार्टी के जम्मू कश्मीर प्रभारी भरत सोलंकी के साथ अब्दुल्ला परिवार से उनके आवास पर मुलाकात की और विधानसभा चुनाव में जीत पर उन्हें बधाई दी।

कर्रा ने कहा कि लोगों का जनादेश भाजपा की घृणा की राजनीति और उनकी दमनकारी नीतियों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, यह उनकी विभाजनकारी नीतियों,



नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के साथ जम्मू कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा

नफरत फैलाने, लोगों पर संविधान, विधिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक स्तर पर उनके अत्याचारों के खिलाफ है। लोगों ने इसके खिलाफ वोट दिया है। कर्रा ने कहा कि पार्टी राज्य के दर्जे की बहाली के लिए लड़ेगी और संघर्ष अब नए सिरे से शुरू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों दलों के बीच सरकार गठन को लेकर कोई चर्चा हुई है, कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई प्रमुख कर्रा ने कहा कि अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम केवल पार्टी की ओर से उन्हें बधाई देने आए थे। हमने अब्दुल्ला (फारुक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला) को औपचारिक रूप से बधाई दी। उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उनकी विधायक दल की बैठक होनी है, फिर वे गठबंधन सहयोगी से बात करेंगे। हमें उनके विधायक दल की बैठक का इंतजार करना होगा।

वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किए जाने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए पहले चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। हालांकि, कांग्रेस का अकेले का प्रदर्शन अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है क्योंकि जम्मू क्षेत्र में उसके 29 उम्मीदवारों में से केवल एक ही जीत पाया, जबकि दो कार्यकारी अध्यक्षों सहित उसके प्रमुख नेता चुनाव हार गए। कांग्रेस ने कहा था कि जम्मू क्षेत्र में परिणाम पार्टी की उम्मीदों के अनुरूप नहीं हैं और हार पर विस्तृत प्रतिक्रिया मांगी जाएगी। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन में चुनाव लड़ी थी और उसने 32 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, जिनमें से ज्यादातर जम्मू क्षेत्र में थे, जबकि क्षेत्रीय पार्टी ने 51 उम्मीदवार उतारे थे। इसके अतिरिक्त, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और जम्मू कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) को एक-एक सीट दी गई थी, जबकि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस दोनों ने पांच सीट पर दोस्ताना मुकाबला किया था।

# डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन पर काम करने के लिए रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

**एपी।** स्टॉकहोम





**रसायन विज्ञान** का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की शृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है। उन्होंने कहा, रसायन विज्ञान में इसे दरअसल एक बड़ी चुनौती कहा जा रहा था और खासतौर पर जैव रसायन में दशकों से यह चुनौती बना हुआ था। इसलिए इस उपलब्धि को आज सम्मान के लिए चुना गया है। बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में जबकि हस्साबिस और जंपर लंदन में गूगल डीपमाइंड संस्थान में काम करते हैं।

नोबेल समिति ने कहा कि 2003 में बेकर ने एक नया प्रोटीन डिजाइन किया था और तब से उनके अनुसंधान समूह ने एक के बाद एक कल्पनाशील प्रोटीन का निर्माण किया है, जिसमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं जिनका उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, टीकों, नैनोमैटेरियल और छोटे सेंसर के रूप में किया जा सकता है। नोबेल समिति के प्रोफेसर जोहान एक्विस्ट ने कहा, उन्होंने जितने डिजाइन तैयार किए और प्रकाशित किए हैं, वे और उनकी विविधता वास्तव में शानदार है। ऐसा लगता है कि इस प्रौद्योगिकी से आप किसी भी प्रकार के प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं। समिति ने कहा कि हस्साबिस और जंपर ने एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल तैयार किया जो लगभग उन सभी 20 करोड़ प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान व्यक्त करने में सक्षम है जिनकी पहचान अनुसंधानकर्ताओं ने की है। लिन्के ने कहा कि वैज्ञानिक लंबे समय से प्रोटीन की त्रिआयामी संरचना का पूर्वानुमान लगाने का सपना देख रहे थे। उन्होंने कहा, चार साल पहले डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर इस कोड का पता लगाने में कामयाब रहे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कुशल उपयोग से उन्होंने प्रकृति में किसी भी ज्ञात प्रोटीन की जटिल संरचना की भविष्यवाणी करना संभव बनाया। लिन्के ने कहा, वैज्ञानिकों का एक और सपना नए प्रोटीन बनाने का रहा है ताकि हमारे उद्देश्यों के लिए प्रकृति की इस कृति का इस्तेमाल करना सीखा जा सके। उन्होंने कहा, डेविड बेकर ने इस समस्या का समाधान निकाला। उन्होंने ऐसे कंप्यूटेशनल टूल विकसित किए जो अब वैज्ञानिकों को पूरी तरह अभिनव संरचनाओं और कार्यों वाले नए प्रोटीन डिजाइन करने में सक्षम बनाते हैं और मानवता के व्यापक लाभ की अनंत संभावनाएं खोलते हैं।

पिछले वर्ष रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों मौंगी बावेंडी, लुई ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव को सूक्ष्म क्वांटम डॉट्स पर उनके काम के लिए प्रदान किया गया था। इस साल के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा सोमवार से शुरू हुई। माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। मंगलवार को जॉन होपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई। बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की जाएगी। शांति के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए यह घोषणा 14 अक्टूबर को की जाएगी। नोबेल पुरस्कार के तहत 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) राशि प्रदान की जाएगी। विजेताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर पर एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# ब्रिटेन के नीलामी गृह ने विरोध के बीच नगा मानव खोपड़ी की बिक्री रोकी

**लंदन** (भाषा)। ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने नगा मानव खोपड़ी को अपने लाइव ऑनलाइन बिक्री की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है। 19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा, ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है। दिवंगत लोगों के अवशेषों को सर्वोच्च सम्मान और आदर देने की हमारे लोगों की पारंपरिक प्रथा रही है। फोरम फॉर नगा रिकॉन्सिलीएशन (एफएनआर) द्वारा इस मामले को लेकर चिंता जताने के बाद रियो ने विदेश मंत्री से यह मामला लंदन में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाने का अनुरोध किया ताकि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया जा सके कि खोपड़ी की नीलामी रोकी जा सके।नीलामी सूची में नगा मानव खोपड़ी की तस्वीर के नीचे लिखा था, यह कृति मानवशास्त्र और जनजातीय संस्कृतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी। नीलामी के लिए शुरुआती राशि 2,100 जीबीपी (ग्रेट ब्रिटिश पाउंड) (करीब 2.30 लाख रुपए) रखी गई थी और नीलामीकर्ताओं को इसके 4,000 जीबीपी (करीब 43 लाख रुपए) में बिकने की उम्मीद थी। इसका उत्पत्ति के बारे में 19वीं शताब्दी के बेल्जियम के वास्तुकार फ्रेंकोइस कोपेन्स के संग्रह से पता चलता है। एफएनआर ने जोर देकर कहा कि मानव अवशेषों की नीलामी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जातीय मूल के लोगों के अधिकारों की घोषणा (यूएनडीआरआईपी) के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है, जातीय मूल के लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं, इतिहास और आकांक्षाओं की गरिमा और विविधता को बनाए रखने का अधिकार है, जिसे शिक्षा और सार्वजनिक सूचना में उचित रूप से प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए।

# भारत, अमेरिका ने एक-दूसरे के हाइड्रोजन मिशन को प्राथमिकता दी

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत** और अमेरिका के वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी देशों के रूप में उभरने का उल्लेख करते हुए एक शीर्ष भारत-केंद्रित अमेरिकी रणनीतिक एवं व्यावसायिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने कहा है कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करना अपनी प्राथमिकता बना ली है। अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने हाइड्रोजन दिवस (आठ अक्टूबर) के अवसर पर मंगलवार को कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के रूप में अमेरिका और भारत, अभिनव स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने में विश्व में नेतृत्वकर्ता देश के रूप में उभर रहे हैं। इसमें हाइड्रोजन एक प्रमुख तत्व है। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, अमेरिका और भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी देश के रूप में उभरे हैं। रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के माध्यम से, हमने स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं, वित्तपोषण, निवेश और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित सहयोग में वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग के माध्यम से कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी के लिए हाइड्रोजन को एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत के रूप में महत्व दिया। अघी ने कहा कि अमेरिका और भारत ने एक-दूसरे के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करना अपनी प्राथमिकता बना ली है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के संयुक्त सचिव अजय यादव ने कहा कि हाइड्रोजन दिवस समारोह, नई दिल्ली में आयोजित ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीएच 2024) में प्रेरक संवाद एवं नवाचार को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिसमें अमेरिका एक साझेदार देश है।

# पाकिस्तान में जेयूआई-एफ ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन के समर्थन की खबरों का खंडन किया

**इस्लामाबाद( भाषा )।** जमीयत उलेमा ए इस्लाम (जेयूआईएफ) ने इन खबरों को अफवाह करार दिया है जिनमें कहा गया है कि पार्टी अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान एक प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-(नवाज) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन को समर्थन देने के लिए सहमत हो गए हैं। मीडिया में जारी एक खबर में बुधवार को यह जानकारी दी गई। द डॉन समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, जेयूआईएफ ने दावा किया कि संसद में कांस्टीट्यूशनल पैकेज पेश करने का निर्णय सरकार द्वारा उसके अनुरोध पर स्थगित किया गया था। समाचार पत्र की खबर में पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया गया कि संशोधन के विरोध को लेकर पार्टी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने संशोधन को विवादित करार दिया। जेयूआईएफ के एक सूत्र के अनुसार, सरकार मौलाना रहमान की मांग पर संशोधन को स्थगित करने पर सहमत हो गई।पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा, अब...एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) शिखर सम्मेलन के बाद यह मामला उठाया जाएगा। मौलाना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर सोमवार को फलस्तीन के मुद्दे पर एक बहुदलीय बैठक में हिस्सा लिया और सत्तारूढ़ गठबंधन के बड़े नेताओं के साथ बैठक भी की।इस बैठक के बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि मौलाना सरकार का समर्थन करने के लिए सहमत हो गए हैं। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार, इन खबरों में किसी प्रकार की सच्चाई नहीं है जबकि पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने संशोधन को विवादित करार दिया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर जेयूआई-एफ प्रमुख मौजूदा परिस्थितियों में सहमत नहीं होंगे। सूत्रों के मुताबिक, जेयूआई-एफ ने एक अलग संवैधानिक न्यायालय का समर्थन किया लेकिन संवैधानिक संशोधन पर संदेह जाहिर किया।

## पाकिस्तान में पोलियो के चार नए मामले सामने आए

इस्लामाबाद।(भाषा) पाकिस्तान में पोलियो के कम से कम चार नए मामले सामने आए है। इसके साथ ही इस साल सामने आए मामलों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सामने आए चार नए मामलों में से तीन सिंध प्रांत से तथा एक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक बलूचिस्तान से 16, सिंध से 10, खैबर पख्तूनख्वा से चार और पंजाब तथा इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए है। वर्तमान में सात क्षेत्रों में से केवल दो यानी पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान ही पोलियो मुक्त है। संक्रमण चार प्रांतों और देश की राजधानी सहित पांच क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। डॉन अखबार की खबर में स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि पाकिस्तान पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इस साल सितंबर में एक राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के लगभग 3.3 करोड़ बच्चों को टीका लगाया गया। अधिकारी ने कहा, अभियान के परिणामों का आकलन करने और जिन क्षेत्र में कमियों को सुधारना है उनकी पहचान के लिए व्यापक मूल्यांकन किया गया। एक समीक्षा बैठक में प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। इस बैठक में अभियान की सफलताओं और चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य के टीकाकरण प्रयासों की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# यूक्रेन ने ड्रोन से रूस में एक और हथियार डिपो को बनाया निशाना

**कीव( एपी )।** यूक्रेन की सेना ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के एक ड्रोन ने रूस में एक महत्वपूर्ण हथियार डिपो को निशाना बनाया। यह हमला एक अन्य ड्रोन द्वारा एक प्रमुख रूसी शस्त्रागार को उड़ाने के तीन सप्ताह बाद हुआ है। तीन दिन पहले ही एक ड्रोन ने रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में एक प्रमुख तेल टर्मिनल को निशाना बनाया था। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के एक बयान में कहा गया कि मंगलवार रात को किए गए हमले में रूस के ब्रायंस्क सीमा क्षेत्र में शस्त्रागार को निशाना बनाया गया, जहां मिसाइलें और तोपखाना के सामान रखे हुए थे, जिनमें से कुछ उत्तर कोरिया द्वारा पहुंचाए गए थे। बयान में कहा गया है कि यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों में आतंक मचाने वाले तथा यूक्रेनी सेना को निशाना बनाने वाले अत्यंत शक्तिशाली ग्लाइड बम भी शस्त्रागार में रखे गए थे। यह शस्त्रागार यूक्रेन की सीमा से 115 किलोमीटर दूर स्थित है। यूक्रेन की



सेना ने कहा, ऐसे शस्त्रागारों पर हमला करने से रूसी सेना के लिए गंभीर सैन्य समस्याएं पैदा होंगी, जिससे उसकी आक्रामक क्षमताएं काफी कम हो जाएंगी। रूस और यूक्रेन दोनों हथियारों का भंडार बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि चिह्नित किए गए प्रमुख क्षेत्रों में हमले के लिए सेना ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। रूसी सेना ने भी अपने ड्रोन की क्षमताओं में सुधार किया है और उनके उपयोग का विस्तार किया है। इस बीच, क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूसी ड्रोन ने मंगलवार को लगातार तीसरी रात यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र को निशाना बनाया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन की वायु सेना ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के तीन क्षेत्रों में रूसी सेना द्वारा छोड़े गए 22 में से 21 ड्रोन को नष्ट कर दिया।

# उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ सीमा बंद करने व अग्रिम मोर्चा रक्षा स्थिति की मजबूती का संकल्प जताया

**एपी।** सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया के साथ लगने वाली अपनी सीमा को स्थाई रूप से बंद कर देगा और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की सेनाओं के साथ टकराव की स्थिति से निपटने के लिए अपने अग्रिम मोर्चे की रक्षा स्थिति को मजबूत करेगा। उत्तर कोरिया ने हालांकि दक्षिण कोरिया को औपचारिक रूप से अपना प्रमुख शत्रु घोषित करने तथा नई राष्ट्रीय सीमाओं को संहिताबद्ध करने के लिए अपेक्षित संवैधानिक संशोधन की घोषणा नहीं की। उत्तर कोरिया के ए कदम दबाव बनाने की रणनीति प्रतीत होते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इसका दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, क्योंकि सीमा पार यात्रा और दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान वर्षों से रुके हुए हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उत्तर कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया से लगती सड़कों और रेलमार्गों से संपर्क को पूरी तरह से काट देगी और अपनी ओर के संबंधित क्षेत्रों को मजबूत रक्षा संरचनाओं से सुदृढ़ करेगी।उत्तर कोरिया की सेना ने इस कदम को युद्ध को रोकने और सुरक्षा के इरादे से आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया है। सेना ने दक्षिण कोरिया में विभिन्न युद्ध अभ्यासों, कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिकी सामरिक परिसंपत्ति की तैनाती और विरोधी देशों द्वारा कठोर बयानबाजी का हवाला देते हुए कहा, शत्रुतापूर्ण ताकतें अपने टकराव के उन्माद में और अधिक उतावली होती जा रही हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने बाद में बुधवार को कहा कि वह यथास्थिति को बदलने के उत्तर कोरिया के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया ने उकसावे का प्रयास किया तो दक्षिण कोरिया उसे कड़ा दंड देगा। दक्षिण कोरिया की सेना के बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया के परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों ने कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति के लिए खतरा पैदा किया है।दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने इससे पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अप्रैल से ही अपनी सीमा पर टैंक रोधी अवरोध लगा रहा है और सीमा से लगती सड़कों पर सैनिकों की तैनाती बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा था कि उत्तर कोरिया ने ऐसा संभवत: अपनी अग्रिम पंक्ति की सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने और अपने सैनिकों तथा नागरिकों को दक्षिण कोरिया में जाने से रोकने के लिए किया है। संसद में मंगलवार को एक बयान में दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने कहा था कि उत्तर कोरिया सीमा पार के रेलवे के उत्तरी मार्ग और पास की लाइनों को हटा रहा है तथा सीमा पर बारूदी सुरंग लगा रहा है।

# श्रीलंकाः साइबर अपराध में कथित संलिप्तता को लकर करीब 20 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबा** (भाषा)। कोलंबो के निकट एक उपनगरीय इलाके में 20 से अधिक चीनी नागरिकों को साइबर अपराध में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि ए सभी बिना वैध वीजा के रह रहे थे। चीन के इन सभी नागरिकों की उम्र 22 से 49 वर्ष के बीच है। इन लोगों को कोलंबो के दक्षिण में स्थित पनादुरा उपनगर के गोराकाना इलाके में स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने होटल पर छापा मारा और पांच लैपटॉप, दो आईफोन सहित 437 मोबाइल फोन, 17 राउटर और अन्य सामान जब्त किए। पुलिस के मुताबिक, ए सभी सामग्री संभावित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ी होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी रहेगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह चीनी समूह श्रीलंका में साइबर ऑनलाइन घोटालों को अंजाम देने वाले अन्य चीनी समूह से जुड़ा हुआ तो नहीं है, जिसके सदस्यों को हनवेला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

# इशिबा ने संसदीय चुनाव के मद्देनजर जापान के निचले सदन को भंग किया

**तोक्यो( एपी )।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 27 अक्टूबर को होने वाले संसदीय चुनाव के मद्देनजर बुधवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया और मतदाताओं से अपनी नौ दिन की सरकार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भ्रष्टाचार का आरोप लगने पर फुमियो किशिदा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नीत सरकार का तीन साल नेतृत्व करने के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। किशिदा के बाद इशिबा ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। समय पूर्व चुनाव कराकर इशिबा अपनी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सदन में बहुमत हासिल करना चाहते हैं। हालांकि वह अभी अभी प्रधानमंत्री बने हैं और उन्हें बधाई देने का सिलसिला अभी खत्म भी नहीं हुआ था। इस कदम की आलोचना की जा रही है और कहा जा रहा है कि उन्होंने नीतियों के बजाय चुनाव को प्राथमिकता दी। इशिबा ने पार्टी नेता बनने के लिए वोट हासिल करने और प्रधानमंत्री बनने से पहले ही चुनाव की अपनी योजना की घोषणा कर दी थी। बुधवार को उनका मंत्रिमंडल औपचारिक रूप से चुनाव की तारीख और अगले मंगलवार से शुरू होने वाले प्रचार अभियान की घोषणा करेगा।



इजराइल की बमबारी के बाद लेबनान में चलाया जा रहा राहत अभियान।

# इमरान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से 24 करोड़ का नुकसान हुआ

**इस्लामाबाद**(भाषा)। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में सप्ताहांत में किए गए विरोध प्रदर्शनों के चलते 24 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मीडिया में बुधवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। इस क्षति के आकलन का उल्लेख एक रिपोर्ट में किया गया है, जिसे इस्लामाबाद के महानिरीक्षक कार्यालय ने सप्ताहांत में खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद इस्लामाबाद के मुख्य आयुक्त को सौंपा था। खान एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। सरकार द्वारा संवैधानिक संशोधन पेश किए जाने के बाद खान ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता की मांग को लेकर विरोध रैली का आह्वान किया। उनकी पार्टी ने डी-चौक को प्रदर्शन स्थल के रूप में चुना। डी-चौक वही स्थान है जहां खान और उनकी पार्टी के समर्थकों ने 2014 में संघीय राजधानी में 126 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था।

पार्टी खान की रिहाई की भी मांग कर रही है। शीर्ष पुलिस अधिकारी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए जियो न्यूज ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान 14 करोड़ रुपए की कीमत के 441 सेफ सिटी कैमरों को नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा 10 पुलिस वाहन, 31 मोटरसाइकिल और 51 गैस मास्क भी क्षतिग्रस्त हुए। जियो न्यूज ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने तीन निजी वाहनों और एक क्रेन को भी नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। इसमें वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के मंगलवार को टेलीविजन पर दिए गए भाषण के हवाले से कहा गया है कि उनके मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार शाखा ने आर्थिक गतिविधियों के रुकने से विरोध प्रदर्शन के कारण 190 अरब रुपए के भारी आर्थिक नुकसान का आकलन किया है। पाकिस्तान द्वारा अगले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक की मेजबानी की तैयारी के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि खान की पार्टी को 2014 जैसा धरना दोहराने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिसके कारण चीनी राष्ट्रपति की यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। पीटीआई के विरोध प्रदर्शन के कारण रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शुक्रवार से लेकर कम से कम रविवार तक जनजीवन प्रभावित रहा, क्योंकि प्रदर्शनकारियों को प्रवेश करने से रोकने के लिए दोनों शहरों को कंटेनरों से सील कर दिया गया था। इंटरनेट पर भी व्यापक प्रतिबंध लगा दिया गया है। शनिवार से लाहौर में भी ऐसी ही स्थिति बनी है।

## पायलट की मौत के बाद तुर्किए एयरलाइन का विमान न्यूयॉर्क में आपातकालीन स्थिति में उतरा

न्यूयॉर्क(एपी)। विमान के पायलट की मौत के बाद सिएटल से इस्तांबुल जा रहे तुर्किए एयरलाइन के एक जेट विमान को बुधवार को न्यूयॉर्क में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। एयरलाइन के प्रवक्ता याह्या उस्तुन ने एक बयान में कहा कि मंगलवार रात सिएटल से उड़ान संख्या टीके204 के उड़ान भरने के बाद पायलट इल्सेहिन पेहलिवन (59) अचानक बेहोश हो गए। उस्तुन ने बताया कि चालक दल के सदस्यों ने आपातकालीन लैंडिंग का निर्णय लिया और पायलट पेहलिवन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन विमान के उतरने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

# भारतीय पुरुषों ने लगातार तीसरा पदक सुनिश्चित किया, महिला टीम को कांस्य

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**भाषा।** अस्ताना (कजाखस्तान)




**भारतीय** पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान को 3-। से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा पदक पक्का कर लिया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में पदक तब सुनिश्चित हुआ जब महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से हार गई और उसे पहली बार कांस्य पदक मिला।पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में विश्व के 60वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने कजाखस्तान के शीर्ष रैंकिंग के विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी किरिल गेरासिमेंको को 3-0 (11-9, 11-7, 11-6) से हराकर उलटफेर किया।कजाखस्तान के एलन कुरमंगलिएव (विश्व रैंकिंग 183) ने अपनी टीम को वापसी दिलाते हुए हरमीत देसाई को 3-0 (11-6, 11-5, 11-8) से हराया और मैच को।-। से बराबर कर दिया। भारत के दिग्गज खिलाड़ी अनुभवी शरत कमल ने तीसरे मैच में ऐडोस केंजिगुलोव को 3-0 (11-4, 11-7, 12-10) से आसानी से हराया और भारत की बढ़त 2-। हो गई। हरमीत ने चौथे मैच में गेरासिमेंको को हराकर भारत की जीत तय की। अस्थिर शुरुआत के बाद विश्व के 91वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने अपने पैर जमाए। उन्होंने दूसरे और चौथे गेम जीतने के बाद पांचवें गेम में 6-। की बढ़त बनाई। गेरासिमेंको ने वापसी की कोशिश की लेकिन हरमीत ने पांचवां और निर्णायक गेम जीतकर भारत को सेमीफाइनल में जगह दिलाई।भारत की पुरुष टीम ने 2023 और 2021 में पिछले दो सत्र में कांस्य पदक जीता था। भारत ने इस जीत के साथ एशियाई चैंपियनशिप में अपना सातवां पदक सुनिश्चित किया। भारत बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीनी ताइपे और जापान के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से खेलेगा।इससे पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है।

## राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से उत्तराखंड में

**नई दिल्ली।**38वें राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि इस महीने के आखिर में होने वाली आमसभा में इसके कार्यक्रम को मंजूरी मिलना बाकी है। आईओए की आमसभा की बैठक 25 अक्टूबर को यहां होगी। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने एक विज्ञप्ति में कहा , राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन करने को लेकर हम काफी रोमांचित है। ए खेल देश भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करते हैं ताकि भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाब हो सकें। इसमें 38 खेलों में 10000 से अधिक खिलाड़ी, अधिकारी और कोचों के भाग लेने की उम्मीद है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा , हम विश्व स्तरीय खेल अनुभव देने का वादा करते हैं। राष्ट्रीय खेलों के जरिए उत्तराखंड के आतिथ्य और समृद्ध संस्कृति की भी बानगी देखने को मिलेगी।

## संन्यास के आपके फैसले से हैरान हूं : खेलमंत्री मांडविया ने दीपा कर्माकर को पत्र लिखा



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 मे चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया। मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा , मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मै आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओ और अनुभवो को ध्यान मे रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मै आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा , आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई , अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल मे अनेक कठिनाइयो का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और देश को गौरवान्वित किया। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होना आपके अद्वितीय योगदान का प्रमाण है। उन्होने आगे लिखा , आपका ओलंपिक मे हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विशेष रूप से प्रोडुनोवा वॉल्ट मे आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियो ने न केवल खेलप्रेमियो को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियो को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है। उन्होंने कहा , ओलंपिक के वह ऐतिहासिक क्षण जब आप मात्र 0.15 अंको से पदक से चूक गई , फिर भी आपने अपने धैर्य और समर्पण से पूरे राष्ट्र का दिल जीत लिया। मांडविया ने लिखा , आपकी यह यात्रा देश के लिए अनमोल धरोहर है और मै आशा करता हूं कि आप अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और अनुभव को आने वाली पीढी के साथ साझा करेंगी।

## रूट और ब्रुक के नाबाद शतक, इंग्लैंड के तीन विकेट पर 492 रन

मुल्तान (पाकिस्तान),।जो रूट के 35वे शतक और हैरी ब्रुक के नाबाद सैकड़े से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तसरे दिन स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 492 रन बना लिए।रूट इस दौरान एलिस्टेयर कुक को पछाड़कर इंग्लैड के लिए टेस्ट मे सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बन गए। वह 176 रन बनाकर खेल रहे है। यॉर्कशर के साथी हैरी ब्रुक 173 गेंद मे नाबाद 141 रन बना चुके है। ए दोनो अभी तक 24 बाउंड्री जड़कर नाबाद 243 रन की साझेदारी कर चुके है और दोनो ने पाकिस्तान के गेंदबाजो को काफी परेशान किया।इंग्लैड की टीम अपनी बैजबॉल आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत साढ़े तीन सत्र तक बल्लेबाजी करते हुए अब पाकिस्तान से 64 रन से पिछड़ रही है। घरेलू टीम ने साढ़े पांच सत्र मे 556 रन बनाए थे। रूट ने 32 रन से खेलते हुए तेज गर्मी मे पूरे दिन बल्लेबाजी की। उन्होने बेन डकेट (84 रन) और जाक क्राउले (78 रन) के साथ दो और शतकीय साझेदारी निभाई। पहले दो सत्र में डकेट और क्राउले के विकेट गिरे।पाकिस्तान के नसीम शाह (87 रन देकर एक विकेट) और शाहीन शाह अफरीदी (88 रन देकर एक विकेट) ज्यादा प्रभावी नही रहे। उन्हें पुरानी गेंद से कोई रिवर्स स्विंग नही मिली। लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी कोई टर्न नही मिल सका और उन्होने अपने 35 ओवर में 174 रन दिए लेकिन कोई विकेट नही चटका सके। रूट तीसरे दिन 71 रन बनाते ही कुक का रिकॉर्ड तोड़कर क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में इंग्लैड के सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैड की पहली पारी के दौरान एक चौका जड़कर 71 रन पर पहुंचते ही संन्यास ले चुके कुक के 12,472 रन को पछाड़ दिया। इस तरह 33 साल के रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक सर्वाधिक रन जुटाने वाले क्रिकेटरो की सूची में भारतीय स्टार सचिन तेंदुलकर (15,921), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (13,378), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (13,289) और भारत के राहुल द्रविड़ (13,288) के बाद पांचवें स्थान पर बने हुए है। रूट से ऊपर सभी चारों खिलाड़ी संन्यास ले चुके है।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग

# अर्शदीप गेंदबाजों की सूची में शीर्ष दस में



**दुबई, ।** (भाषा) भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए आठवें पायदान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने पिछले रविवार को ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। वह 642 रेटिंग अंकों के साथ आठ पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।इंग्लैंड के आदिल राशिद सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ताजा रैंकिंग अपडेट में अर्शदीप को भी काफी फायदा हुआ है, बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने टी20 गेंदबाजों की अपडेट की गई सूची में आठ पायदान की छलांग लगाई है और बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन की पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए। इस शीर्ष भारतीय ऑलराउंडर ने 26 रन देकर एक विकेट भी चटकाया और ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए।इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर आ गए। उन्हें पाकिस्तान के बाबर आजम ने पीछे छोड़ दिया।

# भारत ने बांग्लादेश को रौंद कर बनाई टी20 श्रृंखला में अजेय बढ़त

**नई दिल्ली** (भाषा)। भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश को 86 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद नौ विकेट पर 221 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को नौ विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश के लिए महमुदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और नीतिश कुमार रेड्डी ने दो-दो विकेट लिए।



इससे पहले नीतिश कुमार रेड्डी की 34 गेंद में 74 रन की ताबड़तोड़ पारी और रिंकू सिंह (29 गेंद में 53 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उनकी 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे रेड्डी ने अपनी पारी में चार चौके और सात शानदार छक्के जड़े तो वहीं रिंकू ने पांच चौके और तीन छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 19 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 32 जबकि रियान पराग ने दो छक्के की मदद से छह गेंद में 15 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर दो विकेट लिए। तंजिम हसन और मुस्तफिजुर रहमान को भी दो-दो सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे रहे। रिशाद हुसैन ने 55 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर संजू सैमसन (सात गेंद में 10 रन) ने मेहदी हसन मिराज के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़े तो वहीं अभिषेक शर्मा (11 गेंद में 15 रन) ने पहले ओवर को अंत चौके से किया। सैमसन अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं बढ़ा पाए और तस्कीन की गेंद पर नजमुल हसन शंटो को कैच थमा बैठे। अभिषेक तंजिम हसन के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके लगाने के बाद बोल्ड हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (आठ) के छठे ओवर में मुस्तफिजूर रहमान की गेंद पर आउट होने के बाद भारत की मुश्किलें बढ़ गई थी लेकिन क्रीज पर आए रिंकू सिंह ने इस ओवर में चौका जड़ा जिससे पावर प्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 45 रन हो गया। रिंकू ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए रिशाद के खिलाफ मैच का पहला छक्का जड़ा तो वहीं रेड्डी ने महमुदुल्लाह के खिलाफ फ्री-हिट का फायदा उठाते हुए गेंद को दर्शकों के पास भेजा। भारतीय टीम ने 10वें ओवर से 24 रन बटोर कर शतक पूरा किया। रिशाद के इस ओवर में रेड्डी ने दो वहीं रिंकू ने एक छक्का लगाया। रेड्डी ने तस्कीन के खिलाफ चौका लगाने के बाद एक रन के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। इस युवा बल्लेबाज ने 13वें ओवर में मिराज के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका लगाकर रिंकू सिंह के साथ 45 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की। टीम ने इस ओवर से 26 रन बटोरे।वह मुस्तफिजूर की गेंद पर मिराज को कैच देकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने से हालांकि भारतीय रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि हार्दिक पंड्या) ने क्रीज पर आते ही रिशाद के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ दिया। रिंकू ने तंजिम के खिलाफ 16वें ओवर में दो चौके और एक छक्का के साथ 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह तस्कीन की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर खड़े जाकेर अली के हाथों लपके गए। रियान पराग (छह गेंद में 15 रन) ने भी 19वें ओवर में तंजिम के खिलाफ दो छक्के जड़ने के बाद पवेलियन लौटे तो वहीं रिशान ने अंतिम ओवर में पंड्या को चलता किया।इस ओवर में अर्शदीप के छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 220 तक पहुंचा दिया।

## महिला टी20 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका ने स्कॉटलैंड को 80 रन से हराया

दुबई,। दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप मे बुधवार को यहां स्कॉटलैड के खिलाफ दबदबा बनाते हुए 80 रन की एकतरफा जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 166 रन का प्रभावी स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब मे स्कॉटलैड की टीम कभी भी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति मे भी नही दिखी और अंततः 17.5 ओवर मे 86 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैड की सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक मे पहुंच सकी।दक्षिण अफ्रीका की ओर से नोनकुलुलेको मलाबा सबसे सफल गेदबाज रही जिन्होने 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। क्लो ट्रायोन (22 रन पर दो विकेट) और नेदिन डि क्लर्क (15 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए।दक्षिण अफ्रीका की तीन मैच मे यह दूसरी जीत है जिससे टीम ग्रुप बी तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गई है। स्कॉटलैड की टीम अंतिम पायदान पर है।कप्तान लॉरा वोलवार्ट और उनकी सलामी जोड़ीदार तेजमिन ब्रिट्स ने 7.3 ओवर मे 64 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वोलवार्ट ने 27 गेद मे 40 रन बनाए और इस दौरान पांच चौके और एक छक्का मारा। ब्रिट्स ने 35 गेद मे पांच चौको और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए।पावर प्ले मे आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की टीम 10 ओवर मे एक विकेट पर 83 रन बनाने मे सफल रही।मारिजेन कैप ने इसके बाद सिर्फ 24 गेद मे छह चौको से 43 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने मे अहम भूमिका निभाई।

## पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद ईशान किशन की झारखंड के कप्तान के तौर पर वापसी

**रांची।** (भाषा) भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन की बुधवार को झारखंड रणजी टीम में कप्तान के रूप में वापसी हुई जिन्हें पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना के बाद भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से शामिल हुए ईशान ने पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान ब्रेक लिया था।ब्रेक के बाद उन्होंने बीसीसीआई के किसी भी आधिकारिक मैच में हिस्सा नहीं लिया जबकि बोर्ड ने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था।इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फरवरी में वापसी की और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले निजी तौर पर आयोजित डीवाई पाटिल टी20 कप में खेले। इससे फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राज्य प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन को लेकर बहस शुरू हो गई। घरेलू क्रिकेट से इस दौरान उनकी अनुपस्थिति ने उन्हें बीसीसीआई के 2023-24 केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया। हालांकि ईशान ने घरेलू क्रिकेट में मजबूत प्रदर्शन से बीसीसीआई का ध्यान आकर्षित किया। पिछले महीने उन्होंने दलीप ट्रॉफी में भारत सी के लिए शतक जड़ा। फिर उन्होंने ईरानी कप में शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया और एकमात्र पारी में 38 रन बनाए। अब झारखंड की 16 सदस्ईय टीम के कप्तान के रूप में वह युवा टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले सत्र के कप्तान विराट सिंह उप कप्तान और कुमार कुशाग्र विकेटकीपर होंगे। झारखंड एलीट ग्रुप डी में गुवाहाटी में असम के खिलाफ अपना रणजी ट्रॉफी अभियान शुरू करेगा।



पिछले सत्र में झारखंड ग्रुप ए में नीचे से तीसरे स्थान पर रहा था। उसने अपने सात मैचों में से दो जीते, दो हारे और तीन ड्रॉ किए। झारखंड की चयन समिति के अध्यक्ष सुब्रतो दास ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, ईशान एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। हमने युवा टीम चुनी है। सौरभ तिवारी, शाहबाज नदीम और वरुण आरोन सभी ने पिछले सत्र के बाद संन्यास ले लिया इसलिए हमें अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ा।

## जीवन चक्र का खेल: भारतीय टेनिस में गिरावट पर पेस ने कहा

**कोलकाता।** (भाषा) महान खिलाड़ी लिएंडर पेस ने भारतीय टेनिस में आई गिरावट पर बुधवार को दुख व्यक्त किया और इसे जीवन चक्र का हिस्सा बताया और साथ ही धैर्य रखने की आवश्यकता पर बल दिया। हाल ही में डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले में स्वीडन के खिलाफ भारतीय टीम को 0-4 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसे अगले साल के लिए प्ले ऑफ चरण में जाना पड़ा। युगल में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी पेस ने कहा, जीवन में किसी भी चीज की तरह, जब आप ऊपर जाते हैं तो आपको नीचे आना पड़ता है और फिर आप फिर से ऊपर आते हैं। मैं जीवन चक्र में बहुत विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जहां तक टेनिस का सवाल है तो हम सभी को थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। हम सभी ने पिछले 40 वर्षों में इस तरह की प्रगति का आनंद लिया है जिससे साबित होता है कि हम महिला युगल और पुरुष युगल दोनों में नंबर एक हो सकते हैं। वर्तमान में सुमित नागल एटीपी पुरुष एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। वह 83वें स्थान पर हैं जबकि रामकुमार रामनाथन 332वें स्थान पर हैं।

## भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती चरण से बाहर रहेंगे विलियमसन

**आकलैंड।(भाषा)।** सीनियर बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के शुरूआती चरण में ग्रोइन की चोट के कारण बाहर रहेंगे जिनके कवर के तौर पर मार्क चैपमेन को न्यूजीलैंड की 17 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर बेंगलुरू, पुणे और मुंबई में टेस्ट खेलेगी।सीनियरबल्लेबाजी हरफनमौला मिशेल ब्रासवेल को बेंगलुरू में होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह मिली है। स्पिनर ईश सोढी दूसरा और तीसरा टेस्ट खेलेंगे। टॉम लाथम टीम के कप्तान होंगे क्योंकि टिम साउदी ने कप्तानी से किनारा कर लिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर कहा , विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा , हमें सलाह दी गई है कि केन को लेकर जोखिम लेने की



बजाय उसे कुछ और आराम करने देना चाहिए। केन का शुरूआती चरण में नहीं होना निराशाजनक है लेकिन इससे किसी और को इस अहम श्रृंखला में खेलने का मौका मिलेगा। पहला टेस्ट बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 16 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 24 से 28 अक्टूबर तक पुणे में होगा। तीसरा और आखिरी टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर एक से पांच नवंबर तक होगा।

## कुक को पछाड़कर इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले क्रिकेट बने रूट

मुल्तान (पाकिस्तान)। जो रूट बुधवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन 71 रन बनाते ही एलिस्टेयर कुक का रिकॉर्ड तोड़कर क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में इंग्लैड के सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बन गए। रूट ने तीसरे दिन इंग्लैड की पहली पारी के दौरान चौका जड़कर 71 रन पर पहुंचते ही संन्यास ले चुके कुक के 12,472 रन को पछाड़ दिया। इस तरह 33 साल के रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक सर्वाधिक रन जुटाने वाले क्रिकेटरो की सूची में भारतीय स्टार सचिन तेंदुलकर (15,921), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (13,378), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (13,289) और भारत के राहुल द्रविड़ (13,288) के बाद पांचवे स्थान पर बने हुए है।

## अनमोलजीत के पदार्पण में नौ विकेट भारतीय अंडर-19 टीम ने श्रृंखला जीती

**चेन्नई।** (भाषा) पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह और लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के 20 में से 16 विकेट झटक लिए जिससे भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट मे पारी और 120 रन की जीत से श्रृंखला 2-0 से क्लीन स्वीप की। भारत के पहली पारी मे 492 रन के विशाल स्कोर के जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरे दिन सुबह तीन विकेट पर 142 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया लेकिन 17 विकेट गंवा बैठी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 277 रन पर सिमट गई थी जिसमे कप्तान ओलिवर पीके (143 गेंद मे 117 रन) और विकेटकीपर एलेक्स ली यंग (66 रन) ने चौथे विकेट के लिए 166 रन जोड़े थे। ली यंग के आउट होने के बाद अंतिम छह विकेट 59 रन के अंदर गिर गए। केरल के खिलाड़ी इनान (22.2 ओवर में 60 रन देकर चार विकेट) और लुधियाना के अनमोलजीत (24 ओवर मे 72 रन देकर चार विकेट) ने कहर बरपाया। चार दिवसीय क्रिकेट मे फोलो ऑन तभी दिया जा सकता है जब दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम 150 रन से ज्यादा से पिछड़ रही हो। भारत की अंडर-19 टीम ने 215 रन की बढ़त बनाई हुई थी। फोलो ऑन दिए जाने के बाद अनमोलजीत ने 13.3 ओवर मे 32 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 31.3 ओवर मे 95 रन पर सिमट गईऑस्ट्रेलिया के आठ खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचने मे विफल रहे जबकि इनमे से चार तो खाता भी नही खोल सके। अनमोलजीत ने पूरे मैच मे 104 रन देकर नौ विकेट झटके जबकि इनान ने 97 रन देकर सात विकेट प्राप्त किए। अनमोलजीत ने 2023 सत्र में विजय मर्चेंट (अंडर-16) ट्रॉफी में 65 विकेट झटके थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001